कार्तिक कृष्ण पक्ष प्रतिपदा 01:15 उपरांत द्वितीय विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 18 अक्टूबर 2024
वर्ष 4, अंक 242, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



चरम पर पहुंचा 11 वर्षीय सूर्य का सौरचक्र 14

है जवानी तो इश्क होना है में काम करेंगे वरूण 13

## एक नजर

### सलमान के घर फायरिंग मामले में शूटर गिरफ्तार

**मुंबई।** महाराष्ट्र पुलिस ने नवी मुंबई में पनवेल के पास बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान के फार्महाउस की टोह लेने वाले और लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से जुड़े एक व्यक्ति को हरियाणा के पानीपत से गिरफ्तार किया है। एक पुलिस अधिकारी ने गुरुवार यहां इसकी पुष्टि की। हाल ही में पंजाब और महाराष्ट्र पुलिस के संयुक्त अभियान में पानीपत के सेक्टर-29 पुलिस थाना क्षेत्र से संदिग्ध सुखबीर बलबीर सिंह उर्फ सुक्खा को गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने बताया कि सुक्खा, अभिनेता सलमान खान की हत्या की कथित साजिश के मामले में फरार था।

### ईडी ने अभिनेत्री तमन्ना भाटिया से की पूछताछ

**गुवाहाटी।** अभिनेत्री तमन्ना भाटिया से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एचपीजेड टोकन मोबाइल ऐप से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में यहां गुरुवार को पूछताछ की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। ऐप के जरिये बिटकॉइन और कुछ अन्य क्रिप्टोकरेंसी के रूप में अत्यधिक रिटर्न दिलाने के बहाने कई निवेशकों से कथित तौर पर ठगी की गई थी। प्रवर्तन निदेशालय ने कहा कि भाटिया (34) का बयान यहां एजेंसी के क्षेत्रीय कार्यालय में धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत दर्ज किया गया। सूत्रों ने बताया कि भाटिया को ऐप कंपनी के एक कार्यक्रम में सेलिब्रिटी के रूप में शामिल होने के लिए कुछ धनराशि मिली थी और उनपर मामले में उनकी संलिप्तता होने का कोई आरोप नहीं है।



### बाराबंकी में देवा महोत्सव का आगाज आज

**देवा (बाराबंकी)।** कौमी एकता का महाकुंभ कहे जाने वाले देवा महोत्सव का आगाज शुक्रवार से होगा। पीएसी बैंड की मधुर धुनों के बीच जिलाधिकारी/अध्यक्ष देवा मेला प्रदर्शनी समिति सत्येंद्र कुमार की धर्मपत्नी सुप्रिया कुमारी आज शाम पांच बजे शेख मोहम्मद हसन द्वार पर फीता काटकर दस दिवसीय मेले का शुभारंभ करेंगी। यह मेला महोत्सव 18 अक्टूबर से 27 अक्टूबर तक चलेगा। पुलिस प्रशासन द्वारा मेले में आने वाले जायरीनों की सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। मेले का पशु बाजार भी पशुओं की आमद से गुलजार है।

# उत्तराखंड अर्थव्यवस्था की लंबी छलांग

## 24 वर्ष में 24 गुना बढ़ी जीएसडीपी, प्रति व्यक्ति आय में 17 गुना इजाफा

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** 24 वर्षों की विकास यात्रा में उत्तराखंड की अर्थव्यवस्था ने लंबी छलांग लगाई है। अर्थव्यवस्था का आकार 24 गुना बढ़ा है। इसी प्रकार प्रति व्यक्ति आय 17 गुना बढ़ी है।



> प्रदेश की विकास यात्रा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाला कालखंड विशेष रहा है। हमने आगामी पांच वर्षों में राज्य की जीएसडीपी को दोगुना करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस दिशा में हम लगातार आगे बढ़ रहे हैं।
>
> -पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री

9 नवंबर 2000 को अस्तित्व में आने के बाद से उत्तराखंड की अर्थव्यवस्था (जीएसडीपी) लगातार सुधार की ओर है। अर्थव्यवस्था का बढ़ता आकार राज्य की समृद्धि को बयां कर रहा है। आंकड़ों पर नजर दौडाएं तो पता चलता है कि उत्तराखंड राज्य गठन के वक्त यानी वर्ष 2000 में अर्थव्यवस्था का आकार रुपये 14501 करोड़ था, जो 2023-24 में बढ़कर रुपये 3,46,000 करोड़ रुपये हो चुका है। इसमें पर्यटन क्षेत्र का अहम योगदान रहा है। दो वर्ष पूर्व जीएसडीपी में पर्यटन सेक्टर की भागीदारी 37% थी, जो अब बढ़कर 43.7 % हो गई है। इसी प्रकार प्रति व्यक्ति आमदनी भी बढ़कर रुपये 2.60 लाख हो चुकी है। जबकि वर्ष 2000 में प्रति व्यक्ति आय रुपये 15285 थी। पिछले दो वर्षों के आंकड़ों पर ही नजर डालें तो राज्य की प्रति व्यक्ति आय में 26 % वृद्धि हुई है। राज्य गठन के समय वर्ष 2000 में उत्तराखंड का बजट रुपये 4500 करोड़ के करीब था। जबकि वर्ष 24-25 के लिए कुल रुपये 94 हजार करोड़ से अधिक बजट का प्रावधान किया गया है। इसमें रुपये 89,230.07 करोड़ आम बजट और रुपये 5013.05 करोड़ अनुपूरक बजट की धनराशि शामिल है

## रेल आरक्षण सीमा 120 दिन से घटाकर 60 दिन की गई

- 1 नवंबर से ट्रेनों द्वारा अग्रिम आरक्षण में होगा बदलाव

**नई दिल्ली।** रेलवे ने यात्री गाड़ियों के लिए आरक्षण कराने की अधिकतम सीमा 120 दिन से घटाकर फिर से 60 दिन कर दी है। रेल मंत्रालय ने इस सदर्भ में बुधवार को आदेश जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि 01 नवंबर से ट्रेनों के अग्रिम आरक्षण की मौजूदा समय सीमा 120 दिनों से घटाकर 60 दिन (यात्रा की तिथि को छोड़कर) कर दी जाएगी, हालांकि, 120 दिनों के 31 अक्टूबर तक की गई सभी बुकिंग बरकरार रहेंगी। 01 नवंबर से, एडवांस रिजर्वेशन पीरियड (एआरपी) 60 दिनों (यात्रा के दिन को छोड़कर) की होगी और बुकिंग उसी के अनुसार की जाएगी। तथापि, 60 दिनों की एआरपी के बाद की गई बुकिंग को रद करने की अनुमति होगी। ताज एक्सप्रेस, गोमती एक्सप्रेस आदि जैसी कुछ दिन के समय चलने वाली एक्सप्रेस ट्रेनों के मामले में कोई बदलाव नहीं होगा, जहां वर्तमान में अग्रिम आरक्षण के लिए कम समय सीमा लागू है।

# महज 46 रनों पर सिमटी टीम इंडिया

**37** सालों बाद घरेलू मैदान पर बनाया अनचाहा रिकॉर्ड

**5** विकेट न्यूजीलैंड के हेनरी ने चटकाए



**बेंगलुरू।** 37 सालों बाद घरेलू मैदान पर भारतीय टीम लड़खड़ा गई। न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज के पहले मैच में भारत ने अनचाहा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाजों ने भारत को रिकॉर्ड 46 रन पर समेट दिया। इसके बाद डेवोन कोंवे के 91 रन की मदद से न्यूजीलैंड ने वर्षाबाधित पहले क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन गुरुवार को पहली पारी में तीन विकेट पर 180 रन बनाए लिए। डेरिल मिचेल 14 और रचिन रविंद्र 22 रन बनाकर क्रीज पर हैं। न्यूजीलैंड के पास 134 रन की बढ़त है। चिन्नास्वामी में खेले जा रहे मैच में न्यूजीलैंड के लिए मैट हेनरी ने शानदार गेंदबाजी की। उन्होंने सिर्फ 15 रन देकर 5 विकेट झटके। हेनरी ने सरफराज खान, ऋषभ पंत, रवींद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन और कुलदीप यादव को अपना शिकार बनाया। पहली पारी में खराब प्रदर्शन की वजह से टीम इंडिया बैकफुट पर आ गई है। ये पहला मौका नहीं है जब भारतीय टीम होम टेस्ट की किसी पारी में धाराशायी हो गई हो। इससे पहले भी 1987 में दिल्ली के फिरोजशाह कोटला मैदान (अब अरूण जेटली) पर वेस्टइंडीज के खिलाफ खेलते हुए भारतीय टीम मात्र 75 रनों पर ऑल-आउट हो गई थी।

# किशोरी से दिल्ली में गैंगरेप, दिल्ली और मुंबई के पांच युवक गिरफ्तार

## 4 अक्टूबर को घर से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुई थी हाईस्कूल की छात्रा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- दिल्ली के एक होटल में दिया वारदात को अंजाम, ट्रेन में मिले थे मुंबई के तीन युवक
- किशोरी को तलाश करती दिल्ली पहुंची पुलिस तो हुआ गैंग रेप का खुलासा



**अमृत विचार :** मुखानी थानाक्षेत्र से 4 अक्टूबर को संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुई किशोरी ट्रेन से दिल्ली पहुंच गई। जहां एक होटल में पांच युवकों ने किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। इधर, गुमशुदगी की जांच करती हल्द्वानी पुलिस जब दिल्ली पहुंची तब इस घटना का खुलासा हुआ। हल्द्वानी पुलिस ने सामूहिक दुष्कर्म के पांचों आरोपी युवकों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए तीन आरोपी मुंबई के और दो दिल्ली के रहने वाले हैं। गुरुवार को कोर्ट ने सभी आरोपियों को जेल भेज दिया।

सामूहिक दुष्कर्म का शिकार हुई किशोरी शहर के एक प्रतिष्ठित स्कूल में 10वीं का छात्रा है। जानकारी के मुताबिक बीती 4 अक्टूबर को किशोरी घर से यह कहकर निकली थी कि वह स्कूल जा रही है, लेकिन न तो वह स्कूल पहुंची और न ही लौट कर घर आई। स्कूल का वक्त गुजरा तो परिजनों ने तलाश शुरू की। तमाम स्थानों पर खोजबीन के बावजूद जब उसका कहीं पता नहीं चला तो पिता ने मुखानी थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो वह स्कूल की ओर जाती नहीं दिखी। उसे रेलवे स्टेशन की ओर जाते देखा गया। घटनाक्रम के अनुसार पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह दिल्ली जाने वाली ट्रेन में सवार हुई थी। ट्रेन में उसे मुंबई निवासी तीन युवक मिले। तीनों नैनीताल घूमने आए थे और वापस लौट रहे थे। बातों में फंसा कर उन्होंने किशोरी को अपने झांसे में ले लिया। दिल्ली से तीनों युवकों को मुंबई के लिए फ्लाइट पकड़नी थी। तीनों ने एयरपोर्ट के पास एक होटल में रूम बुक किया और किशोरी को अपने साथ होटल में ले गए। होटल में तीनों युवकों के दिल्ली निवासी दो दोस्त भी पहुंच गए। जिसके बाद पांचों युवकों ने बारी-बारी से किशोरी के साथ दुष्कर्म किया और फिर फरार हो गए।

### पुलिस ने सर्विलांस के जरिये किशोरी का पता लगाया

इधर, किशोरी की तलाश में जुटी पुलिस सर्विलांस के जरिये दिल्ली में संबंधित होटल तक पहुंच गई। जहां किशोरी मिल गई और उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किए जाने का खुलासा हुआ। पुलिस ने होटल से आरोपी युवकों के पहचान संबंधी दस्तावेज जुटाए और उनकी तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने घेराबंदी कर पांचों आरोपियों को दिल्ली से ही गिरफ्तार कर लिया। हल्द्वानी लाने के बाद किशोरी का मेडिकल कराया गया। मेडिकल रिपोर्ट में दुष्कर्म की पुष्टि होने के बाद आरोपियों के खिलाफ पॉक्सो और गैंग रेप की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। सीओ सिटी नितिन लोहनी ने बताया कि आरोपियों को कोर्ट के समक्ष पेश किया गया। इसके बाद कोर्ट के आदेश पर पांचों को जेल भेज दिया गया।

### सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी

- आशीष पुत्र रेवा राम अगरकर (30) निवासी मोहम्मदपुर विलेज, आरके पुरम सेक्टर 12 नई दिल्ली
- साहिल कुमार पुत्र पूरन सिंह (24) निवासी बसन्त विहार, शिवाकैंप, साउथ वेस्ट नई दिल्ली
- संदेश संभाजी चिपलेकर पुत्र संभाजी चिपलेकर (25) निवासी रायगढ़ पनवेल, कामोठे नवी मुंबई
- रोशन चिन्तामन पाटिल पुत्र चिन्तामन रघुनाथ पाटिल (29) निवासी कामोठे गांव रायगढ़ महाराष्ट्र
- योगेश रमेश नाईक पुत्र रमेश नाईक (34) निवासी असूद गांव, कलम वोली, पनवेल रायगढ़ महाराष्ट्र

## गुलदार के आतंक से लोग सहमे

# नानकमत्ता में किशोर व बागेश्वर में बालिका को मार डाला

संवाददाता, नानकमत्ता/बागेश्वर

- दोनों स्थानों पर घर के आंगन में परिवार के सामने गुलदार का हमला



गुरप्रीत सिंह



योगिता

**अमृत विचार :** नानकमत्ता क्षेत्र में रनसाली रेंज से सटे एक गांव में गुलदार ने हमला कर घर के आंगन में खेल रहे किशोर को मार डाला। वहीं बागेश्वर जिले में धरमघर रेंज के पास स्थित गांव से परिजनों के बीच खेल रही बालिका को गुलदार उठा ले गया। बालिका का शव घर से 50 मीटर दूर झाड़ियों से बरामद हुआ।

नानकमत्ता में तराई पूर्वी वन प्रभाग रनसाली रेंज के जंगल से सटे विचुवा भूड़ गांव निवासी कुलविन्दर सिंह का 13 वर्षीय पुत्र गुरप्रीत सिंह अपने दो छोटे भाइयों के साथ घर के पास खेल रहा था। पास में ही कुलविन्दर सिंह झाड़ियां साफ कर रहे थे। इसी दौरान गन्ने के खेत से अचानक आए गुलदार ने गुरप्रीत पर हमला कर दिया। गुलदार का हमला होते ही गुरप्रीत के दोनों भाई चिल्लाते हुए भागे। उनका शोर सुनकर कुलविन्दर व अन्य ग्रामीण गुरप्रीत को गुलदार के चंगुल से बचाने के लिए उसके पीछे दौड़े। ग्रामीणों ने बड़ी मशक्कत के बाद गुरप्रीत को गुलदार से छुड़ाया। तत्काल घायल किशोर को सितारगंज अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस हादसे को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। वन क्षेत्राधिकारी महेंद्र सिंह रैकुनी ने फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। उन्होंने गुलदार के शीघ्र पकड़ने का आश्वासन दिया। उधर, बागेश्वर जिले के धरमघर रेंज के अंतर्गत सानिउडियार गांव में गुलदार आंगन में खेल रही तीन साल की बालिका को उठा ले गया। रवि उप्रेती की पत्नी व मां घर के आंगन में घास काट रहे थे, पास में ही उसकी तीन वर्षीया पुत्री योगिता खेल रही थी। तभी आसपास घात लगाए बैठा गुलदार झपटकर योगिता को उठा ले गया। गुलदार के हमले बालिका की मां व दादी घबराकर बेसुध हो गईं। अन्य लोगों को जानकारी मिली तो वे बालिका की खोज में जुट गए। घर से करीब 50 मीटर दूर बालिका का शव झाड़ियों के बीच मिला।

### अधिकारियों व कर्मचारियों ने नहीं दिया कोई ध्यान

घटना के बाद वन क्षेत्राधिकारी प्रदीप कांडपाल व कांडा के थानाध्यक्ष खुशवंत सिंह ने टीम के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया। वन विभाग की टीम को ग्रामीणों के आक्रोश का सामना करना पड़ा। ग्रामीण पंकज सिंह, महिपाल सिंह, प्रकाश उप्रेती, अजय उप्रेती, पार्वती, सरिता आदि ने कहा कि क्षेत्र में लंबे समय से गुलदार का आतंक है। इस संबंध में कई बार वन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को अवगत कराया, परंतु उनके द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया गया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र गुलदार को मारने के आदेश नहीं दिए तो वे उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे। इधर प्रभागीय वनाधिकारी ध्रुव मर्तोलिया ने बताया कि गुलदार को पकड़ने व ट्रेंकुलाइज करने की अनुमति ले ली है। गुलदार को बेहोश करने के लिए पशु चिकित्सक व पिंजरा लेकर टीम मौके पर पहुंच चुकी है।

# मसूरी आईएएस अकादमी में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला युवक का शव

ब्यूरो, देहरादून

- मेकअप कर साड़ी पहने हुए था मृतक, कमरे का दरवाजा तोड़ पुलिस ने बरामद किया शव

**अमृत विचार :** मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में कार्यरत एक युवक का शव स्टाफ कमरे में मिलने से सनसनी फैल गई। खास बात है कि मृतक युवक ने महिला की वेशभूषा में था और मेकअप के साथ ही साड़ी पहन रखी थी। प्रथम दृष्ट्या पुलिस इसे आत्महत्या मान रही है।

पुलिस के मुताबिक पौड़ी गढ़वाल के श्रीनगर के ग्राम उफल्डा निवासी अनुकूल रावत पुत्र विपेद्र सिंह रावत (22) मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में मल्टी टास्क डिपार्टमेंट में कार्यरत था। जो बुधवार देर शाम ड्यूटी खत्म कर कमरे पर गया था, लेकिन गुरुवार सुबह काम पर नहीं आया। सहयोगियों ने उसे आवाज दी, लेकिन कमरे से कोई जवाब नहीं मिला। जिसके बाद अकादमी प्रशासन ने मसूरी पुलिस को मामले की सूचना दी। मसूरी कोतवाल अरविंद चौधरी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अकादमी परिसर स्थित युवक के कमरे का दरवाजा खटखटाया, लेकिन कोई जवाब नहीं आया। इसके बाद कमरे का दरवाजा तोड़ दिया गया। युवक ने अंदर से कमरे में ताला लगा रखा था। पुलिस टीम अंदर दाखिल हुई तो वहां का दृश्य देख सब दंग रह गए। अंदर युवक का शव पड़ा था, मृतक ने महिला की वेश धारण कर रखा था। महिलाओं की तरह पूरा मेकअप कर साड़ी पहन रखी थी।

युवक ने लिपस्टिक और बिंदी भी लगा रखी थी। पुलिस ने वीडियोग्राफी कराकर शव को कब्जे में लिया और कमरे की भी तलाशी ली। मौके की हालत देखते हुए पुलिस इसे आत्महत्या का मामला मान रही है। लेकिन, अजीबो-गरीब तरीके से की गई आत्महत्या से हर कोई हैरान है।

## मुंबई आने वाली दो अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों को बम से उड़ाने की धमकी

**मुंबई।** घरेलू विमानन कंपनियों की उड़ानों को बम की धमकी मिलने का सिलसिला चौथे दिन भी जारी रहने के बीच इसी तर्ज पर गुरुवार को विस्तारा और इंडिगो एयरलाइंस की दो अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों को बम से उड़ाने की धमकी मिली। इससे पहले इंडिगो, स्पाइसजेट और अकासा की सात उड़ानों में बुधवार को बम होने की धमकी मिली थी।

एयरलाइन के अनुसार, जर्मनी के फ्रैंकफर्ट से मुंबई आ रहे विस्तारा एयरलाइन के एक विमान को, बम की धमकी मिलने के बाद गुरुवार को आपात स्थिति में मुंबई हवाई अड्डे पर उतारा गया।

# बहराइच कांड के आरोपियों से पुलिस की मुठभेड़

## पांचों आरोपी गिरफ्तार, दो मुख्य आरोपी सरफराज और तालिब के पैर में लगी गोली

संवाददाता, बहराइच/लखनऊ

**अमृत विचार :** नानपारा थानाक्षेत्र में गुरुवार दोपहर करीब 2:50 बजे बहराइच हिंसा के दो मुख्य आरोपियों से पुलिस की मुठभेड़ हो गई। आरोपियों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में दो मुख्य आरोपी सरफराज और तालिब के पैर में गोली लगी, दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों आरोपी जिला अस्पताल में भर्ती है। पुलिस ने रामगोपाल की हत्या के मामले में तीन नामजद और दो अन्य आरोपियों सहित कुल पांच आरोपियों को अरेस्ट किया है। महराजगंज मामले में अब तक 57 आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं। हिंसा के तहत अब तक अलग-अलग 13 एफआईआर दर्ज की जा चुकी है। साथ ही लापरवाह सीओ महसी रूपेंद्र गौड़ निलंबित हैं। एसपी वृंदा शुक्ला के मुताबिक गुरुवार को पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त टीम ने हिंसा और रामगोपाल मिश्रा की हत्या में नामजद आरोपियों समेत पांच को गिरफ्तार किया। इसमें मो. फहीन, मो. तालीब उर्फ सबलू, मो. सरफराज उर्फ रिंकू, अब्दुल हमीद और मो. अफजल शामिल हैं। उन्होंने बताया कि पूछताछ के बाद असलहा बरामद कराने के लिए नानपारा इलाके में नेपाल मार्ग पर हांडा बसेहरी लेकर गई। जहां हत्या में प्रयुक्त में लाइसेंसी डबल बैरल बंदूक छिपाकर रखी गई थी। पुलिस अभी बरामदगी की कार्रवाई कर ही रही थी। इसी बीच आरोपी मो. सरफराज उर्फ रिंकू और मो. तालिब उर्फ सबलू ने बंदूक से फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग सरफराज और तालिब के पैर में गोली लगी। दोनों घायल हो गए। पुलिस ने दोनों को पहले सीएचसी नानपारा भेजा। जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल भेज दिया गया है।



मुठभेड़ के बाद आरोपियों को अस्पताल ले जाती पुलिस।

## हरियाणा में मुख्यमंत्री का शपथग्रहण

# नायब सैनी ने ली शपथ भाजपा का शक्ति प्रदर्शन

चंडीगढ़, एजेंसी

हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत के नायक बने नायब सिंह सैनी ने गुरुवार को एक भव्य समारोह में राज्य के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राजग के कई नेता मौजूद रहे।



राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय को ओबीसी नेता सैनी और 13 अन्य मंत्रियों को शपथ दिलाते हुए देखने के लिए हजारों लोग पंचकूला में जमा हुए थे। इस समारोह के लिए वाल्मीकि जयंती का दिन चुनकर और अपने शासन वाले राज्यों के मुख्यमंत्रियों, मंत्रियों और राजग सहयोगियों के लिए मंच सजाकर भाजपा ने एक साथ दो-दो संदेश दिए। ऋषि-कवि वाल्मीकि हिंदू महाकाव्य रामायण के रचयिता हैं और विशेष रूप से दलितों के बीच पूजनीय हैं। मोदी ने सैनी और उनके मंत्रिमंडल सहयोगियों को शपथ ग्रहण करने पर बधाई दी।

## भाजपा-रालोद की मांग 13 की जगह 20 नवंबर को कराएं मतदान

**लखनऊ।** कार्तिक पूर्णिमा स्नान पर्व के चलते मतदान प्रतिशत प्रभावित होने की आशंका जताते हुए भाजपा और रालोद नेताओं ने गुरुवार को उप चुनाव के मतदान की तिथि 13 की जगह 20 नवंबर करने की मांग उठाई। भाजपा के प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला, संजय राय, रामप्रताप सिंह चौहान समेत चुनाव आयोग सम्पर्क विभाग के प्रदेश संयोजक अखिलेश कुमार अवस्थी ने गुरुवार को कार्तिक पूर्णिमा पर्व के दृष्टिगत मतदान तिथि में परिवर्तन के लिए अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी से मिलकर मांगपत्र सौंपा।

# चीन ने भूटान में बसाई आबादी, अब डोकलाम पर नजर

नई दिल्ली, एजेंसी

- सीमाओं का उल्लंघन करते हुए देश में 22 गांव बसा लिए



चीन ने भूटान की पारंपरिक सीमाओं का उल्लंघन करते हुए देश में 22 गांव बसा लिए हैं। एक रिसर्च रिपोर्ट में ये दावा किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार चीन के इन 22 गांवों में से 19 पूर्ण रूप से रिहायशी गांव हैं, जबकि तीन में आबादी अभी कम ही है। चौंकाने वाली बात यह है कि इन 22 गांवों में से सात में निर्माण कार्य शुरू होने का खुलासा 2023 की शुरुआत में हो गया था।

चीन ने डेढ़ साल में इन इलाकों में तेजी से निर्माण कार्य भी किया है। इनके माध्यम से चीन की नजर डोकलाम पर है। ये क्षेत्र वही है, जिसे लेकर 2017 में भारत और चीन की सेनाएं आमने सामने थीं। भारत-चीन और भूटान के ट्राई-जंक्शन पर पड़ने वाले डोकलाम को चीन अपना बताता है। तिब्बती विश्लेषकों के नेटवर्क टरकोइस रूफ की इस ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, चीन ने 2016 में भूटान के क्षेत्र के तौर पर जाने जाने वाले अपनी सीमा के पार वाले क्षेत्रों में निर्माण कार्य शुरू कर दिया था। चीन ने इन 22 गांवों में 752 रिहायशी ब्लॉक बनाए हैं, जिनमें 2284 परिवारों के रहने की व्यवस्था की गई है। इन क्षेत्रों में अधिकारियों, निर्माण कार्य में लगे कर्मियों, सीमा पुलिस और सेना के करीब 7000 लोगों को बसाए जाने की तैयारी है। यह गांव काफी ढलान वाली इलाके और ऊंची घाटी वाले क्षेत्रों में बनाए गए हैं, जिसकी समुद्र से ऊंचाई 3832 मीटर तक है। चीन का बसाया सबसे ऊंचा गांव मेनचुमा समुद्री से करीब 4670 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। चीन की तरफ से भूटान के क्षेत्र पर कब्जे की एक बड़ी वजह थिंपू की छोटी सेना और कमजोर रक्षा तैयारियां भी बताई जाती हैं। भूटान के पास इस वक्त सिर्फ 8000 सैनिक हैं, जो कि रक्षा के मकसद से तैनात किए गए हैं।

### डोकलाम पर कब्जे पर चीन की नजर

चीन ने भूटान में जिन गांवों का निर्माण किया है, उनकी लोकेशन काफी अहम है। दरअसल, चीन की तरफ से यह गांव पश्चिम और पूर्वोत्तर में स्थापित किए गए हैं। इनमें से आठ गांव पश्चिमी भूटान में हैं, जिसे 1913 में तत्कालीन भूटान के शासक 13वें दलाई लामा द्वारा भूटान को सौंप दिया गया था। इन गांवों के जरिए चीन की पश्चिम में अहम कूटनीतिक लक्ष्य पर भी नजर है। यह क्षेत्र है 89 किमी का डोकलाम का पठार।

### झूठे पैकेज डील देना चाहता है चीन

चीन की तरफ से जो गांव बसाए गए हैं, वह पूर्वोत्तर भूटान में स्थित हैं, जो कि कूटनीतिक तौर पर भारत के लिए खतरा नहीं हैं। हालांकि, चीन ने 1990 तक इन्हें भूटान के नक्शे पर दिखाने के बाद फिर अपने नक्शे पर दिखाना शुरू कर दिया। आखिर चीन को भारत के खिलाफ कूटनीतिक फायदा न मिलने के बावजूद उसने पूर्वोत्तर भूटान के गांवों पर कब्जा क्यों किया? टरकोइस रूफ की रिपोर्ट के मुताबिक, चीन इन इलाकों को भूटान के पश्चिम में स्थित डोकलाम पठार पर कब्जा करने के इरादे से रख रहा है।

## सार-संक्षेप

### इग्नू में 31 अक्टूबर तक होंगे प्रवेश

**नैनीताल :** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय ने जुलाई 2024 सत्र में प्रवेश एवं पुन: पंजीकरण के लिए अंतिम तिथि 31 अक्टूबर तक विस्तारित कर दी है। शिक्षार्थी अंतिम तिथि तक इग्नू की ओर से संचालित विभिन्न ऑनलाइन एवं ओडीएल कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं। इग्नू क्षेत्रीय केंद्र के निदेशक डॉ. अनिल कुमार डिमरी ने बताया कि विश्वविद्यालय ने जुलाई 2024 सत्र से कई नए रोजगारपरक कार्यक्रम शुरू किये हैं। जिनमें कई मेरिट आधारित कार्यक्रम भी हैं। शिक्षार्थी इग्नू की वेबसाइट से नये प्रवेश व पुन: पंजीकरण के लिए आवेदन कर सके हैं।

### गेम आईडी खरीदने के चक्कर में गंवाए 1.94 लाख

**नैनीताल :** कक्षा 8 में पढ़ने वाले छात्र ने गेम आईडी खरीदने के चक्कर में माता-पिता की भारी रकम दांव में लगा दी। इंटरनेट मीडिया में दी गई यूपीआई आईडी में कई बार पेमेंट कर किशोर ने 1.94 लाख की रकम गंवा दी। फोन में मैसेज देख खाता खाली होने की जानकारी लगी तो परिजनों के होश उड़ गये। किशोर के पिता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मेलरोज कंपाउंड मल्लीताल निवासी कमल पनेरू ने कोतवाली में तहरीर देकर कहा कि 11 अक्टूबर को उसकी मां के खाते से 95,000 और पिता के खाते से 99,046 की रकम कटने का मैसेज मिला। कई किश्तों में रकम अलग-अलग यूपीआई आईडी में भुगतान की गई थी। बताया कि उनका बेटा गेम आईडी खरीदने का प्रयास कर रहा था। जिस कारण उनके साथ बड़ी धोखाधड़ी हुई है। एसएसआई पीएस मेहरा ने बताया कि मामला साइबर ठगी का है। शिकायत को साइबर सेल को हस्तांतरित कर दिया गया है।

### प्रधानमंत्री, सांसद व सीएम का जताया आभार

**भीमताल :** भाजपा विधायक राम सिंह कैड़ा ने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से भेंट की। उन्होंने बहुउद्देशीय जमरानी बांध परियोजना की स्वीकृति मिलने और प्रभावितों को मुआवजे की राशि हस्तांतरित होने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, सांसद अजय भट्ट और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार जताया। इससे पूर्व कार्यकर्ताओं ने विधायक कैड़ा का स्वागत किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष कमला आर्या, महामंत्री योगेश तिवारी, पुष्कर मेहरा, पंकज जोशी, भाजपा नेता अखिलेश सेमवाल, सुनीता पांडे, शरद पांडे मौजूद रहे।



महायज्ञ के दौरान मौजूद रामलीला कमेटी के पदाधिकारी व अन्य। ● अमृत विचार

### महायज्ञ के साथ रामलीला का हुआ समापन

**भीमताल :** आदर्श रामलीला कमेटी पतलोट के तत्वावधान में चल रही रामलीला का लव-कुश कांड और महायज्ञ परायण के साथ समापन हो गया। क्षेत्र में विगत 76 वर्षों से लगातार रामलीला का मंचन हो रहा है। जिसमें स्थानीय युवा और बुजुर्ग विभिन्न पात्रों का अभिनय करते हैं। इस दौरान रामलील कमेटी के अध्यक्ष दिनेश सिंह मटियली, संरक्षक आन सिंह मटियाली, भुवन ढोलगाई, नंदन सिंह मटियाली, रंजीत मटियाली, जीवन जोशी, रमेश मटियाली, नारायण जोशी, गिरीश पोखरिया, संदीप परगांई, मुरलीधर रूवाली, देव सिंह, बसुदेव जोशी, दीवन सिंह मटियाली मौजूद रहे।



नैनीताल में शोभायात्रा के दौरान शिव और मां काली नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति देते कलाकार। ● अमृत विचार



हल्द्वानी में वाल्मीकि जयंती पर नंदा देवी राजजात यात्रा की झांकी निकालते कलाकार। ● अमृत विचार

# महर्षि वाल्मीकि जयंती पर निकाली भव्य शोभायात्रा

## वाल्मीकि मंदिर में ध्वज पूजन के बाद हुए धार्मिक अनुष्ठान, हनुमान और शिव-काली की झांकी रही आकर्षण का केंद्र

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** महर्षि वाल्मीकि जयंती पर गुरुवार को नगर में विभिन्न कार्यक्रम हुए। हरिनगर क्षेत्र स्थित मंदिर में ध्वज पूजन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इसके बाद धार्मिक अनुष्ठान और कन्या पूजन हुआ। विशाल भंडारे के बाद नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

मंदिर प्रांगण से शुरू हुई शोभायात्रा तल्लीताल बाजार से मालरोड होते हुए वाल्मीकि आश्रम पहुंचकर संपन्न हुई। जहां भगवान वाल्मीकि की पूजा-अर्चना की गई। शोभायात्रा में महादेव ग्रुप अखाड़ा रामनगर की टीम ने हैरतअंगेज करतब दिखाए। वहीं आकर्षक झांकियों के बीच कलाकारों ने मनमोहक प्रस्तुति दी। कलाकारों ने हनुमान के रूप का भी अभिनय किया। हनुमान और शिव काली की झांकी आकर्षण का केंद्र रही।

नगर में कई स्थानों पर प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान वाल्मीकि समाज समिति तल्लीताल के अध्यक्ष धीरज कटियार, सचिव संजय सिरोही, उपाध्यक्ष सतीश पवार, उप सचिव मोहित देनीवाल, कोषाध्यक्ष सुनील पवार, सरपंच गिरीश भैय्या, पूर्व पालिकाध्यक्ष सचिन नेगी, गजाला कमाल, मोहन नेगी, भगत रावत, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, सांसद प्रतिनिधि गोपाल रावत, अरविन्द पडियार, आनंद बिष्ट, मोहित साह, मोहित आर्य, बीके शर्मा, कमल कटियार, दिनेश कटियार, सोनू सहदेव, धर्मेंद्र प्रसाद, कमल सिलेलाल आदि मौजूद रहे।



नैनीताल में भगवान वाल्मीकि के डोले के साथ नगर भ्रमण करते समाज के लोग ● अमृत विचार



हल्द्वानी में लक्ष्मी शिशु मंदिर से निकाली गई शोभायात्रा में शामिल लोग। ● अमृत विचार

### राजस्थान से आये कलाकारों ने नृत्य से मोहा मन

**हल्द्वानी :** भगवान वाल्मीकि के प्राकट्य दिवस पर शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। भगवान वाल्मीकि प्रकट दिवस समारोह समिति की ओर से सांय लगभग 5 बजे बरेली रोड स्थित लक्ष्मी शिशु मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई जो नैनीताल रोड होते हुए डिग्री कॉलेज पहुंची। वहां से वापस तिकोनिया स्थित वाल्मीकि पार्क पहुंची, जहां शोभायात्रा का समापन हुआ। समिति के पदाधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर भगवान वाल्मीकि की पूजा-अर्चना की। शोभायात्रा में काली माता, नंदा देवी राजजात यात्रा, भीमराव आंबेडकर, भगवान वाल्मीकि और भगवान राम सहित कई झांकियां शामिल रहीं। राजस्थान से आये कलाकारों का नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा। समिति के अध्यक्ष राकेश लाला ने भगवान वाल्मीकि के जीवन के बारे में बताया। इससे पूर्व वाल्मीकि समाज ने सुबह 5 बजे शहर में प्रभात फेरी निकाली। जिसमें कैलाश भारती, प्रशान्त, सुरेश लाला, मनोज भगत, अरविंद कारलीधरण, विपिन कुमार, हर्ष राजौर शामिल रहे। शोभायात्रा में विधायक सुमित हृदयेश, निवर्तमान मेयर डॉ. जोगेंद्र रौतेला, ललित जोशी, समीर आर्या, रोहित कुमार, दिनेश रंधावा, रवि वाल्मीकि, धरमवीर, रामअवतार राजौर, अजय राजौर, ललित वाल्मीकि, राहत भाई, सुनील चौधरी, सतपाल पंडालिया मौजूद रहे।



हल्द्वानी में शोभायात्रा के दौरान नृत्य प्रस्तुत करते कलाकार। ● अमृत विचार



# अफसरों के आवास को जाने वाली सड़क पर भी गड्ढों से 'स्वागत'

## वीआईपी कॉलोनी के अंदर की सड़क भी उधड़ी, लंबे समय से नहीं हुई मरम्मत, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का गड्ढा मुक्त अभियान शीघ्र ही गड्ढों में खो गया

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** कुमाऊं के सबसे बड़े शहर हल्द्वानी में पूल्ड हाउस की आवासीय कॉलोनी में जाने के लिए गड्ढों से होकर गुजरना पड़ता है। इतना ही नहीं कॉलोनी के अंदर भी सड़क उधड़ी हुई है, सड़क की हालत खुद ही बता रही है कि लंबे समय से मरम्मत नहीं हुई है। जब 'जिम्मेदारों' के घर जाने वाली सड़क की हालत यह है तो आम गलियों की स्थिति खुद ही समझी जा सकती है। वहीं, जिले में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के 15 अक्टूबर तक गड्ढा मुक्त अभियान को जमकर बट्टा लगा है।

हल्द्वानी में पूल्ड हाउस की आवासीय कॉलोनी रोडवेज के सामने सीएमओ कैंप कार्यालय रोड की तरफ है। रोडवेज के सामने नैनीताल हाईवे पार करते ही महज 50 मीटर की दूरी पर दाएं तरफ आवासीय कॉलोनी है। इस कॉलोनी में जाने के लिए हाईवे से आगे चलते ही सड़क पर गड्ढे ही गड्ढे हैं। हालत तो यह है कि इस सड़क के गड्ढे को भरने के लिए जब 'जिम्मेदारों' की अनदेखी बनी रही तो आसपास के ठेले वालों ने ईंट-पत्थर से गड्ढा भरा ताकि हादसा न हो। हैरानी की बात यह है कि इस सड़क से रोजाना सैकड़ों वाहन गुजरते हैं, सीएमओ कैंप कार्यालय एवं आवासीय कॉलोनी में जाने वाले लोग यहां से गुजरते हैं फिर भी किसी की नजर नहीं पड़ी। लंबे समय से गड्ढे की हालत जस की तस बनी हुई है। इधर, आवासीय कॉलोनी के अंदर भी सड़क उधड़ी हुई है। कहीं-कहीं बजरी निकली हुई है। जो सीधे तौर पर तंत्र की कार्यप्रणाली को दर्शाता है।


रोडवेज स्टेशन से पूल्ड हाउस कॉलोनी को जाने वाली सड़क पर बने बड़े-बड़े गड्ढे। ● अमृत विचार

### कई बड़े अफसर रहते हैं कॉलोनी में

**हल्द्वानी :** ऑफिसर्स आवासीय कॉलोनी में कई आईपीएस, पीपीएस, एडीएम, अपर निदेशक, एसडीएम, तहसीलदार स्तर के अधिकारियों के आवास हैं। जिनका रोजाना कई बार आना-जाना होता है लेकिन फिर भी इस सड़क की ओर किसी का ध्यान नहीं गया।

### कभी-कभी करते हैं गड्ढों वाली सड़क का इस्तेमाल

**हल्द्वानी :** अधिकांश अधिकारी इस गड्ढे वाली सड़क का इस्तेमाल नहीं करते हैं। इस सड़क पर महज 50 मीटर की दूरी तय करते ही नैनीताल हाईवे पर पहुंच जाएंगे लेकिन गड्ढे होने की वजह से इस सड़क से कोई अफसर नहीं जाता है। सभी अफसर बद्रीपुरा वाली रोड से घूम कर जाते हैं हालांकि इससे उन्हें आधे-एक किमी का फेर लगाना पड़ता है लेकिन गड्ढों से बच जाते हैं।

### बोले अधिकारी

आवासीय कॉलोनी के अंदर सड़क के रखरखाव का दायित्व लोनिवि के पास नहीं है। जिला विकास प्राधिकरण की ओर सड़क की मरम्मत के लिए बताया जाता है, तब काम होता है। **-अशोक चौधरी**, लोनिवि ईई

पूल्ड हाउस कॉलोनी की सड़क के रखरखाव का जिम्मा लोनिवि का है। यदि लोनिवि मरम्मत का प्रस्ताव देता है तो परीक्षण कर बजट दिया जाएगा। **-एपी बाजपेयी**, सिटी मजिस्ट्रेट/संयुक्त सचिव

सड़कों की मरम्मत को लेकर निविदा प्रक्रिया गतिमान है। टेंडर होने के बाद आगे का काम होगा। सड़क के गड्ढों की जल्द ही मरम्मत की जाएगी। **-नवल नौटियाल**, सहायक अभियंता नगर निगम


पूल्ड हाउस कॉलोनी के अंदर की उधड़ी सड़क। ● अमृत विचार


कॉलोनी को जाने के लिए सड़क के गड्ढे को इस तरह ईंट पत्थरों से भरा गया।

## आज का मौसम

ठंड हवाओं के साथ आसमान में हल्की धूप खिली रहेगी।

29.0° अधिकतम तापमान | 21.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 06.15 | सूर्यास्त 17.38

## एक नजर

### देवानंद सिंधी बने सिंधी पंचायत कमेटी के अध्यक्ष



**हल्द्वानी :** सिंधी पंचायत कमेटी की कार्यकारिणी का विस्तार गुरुवार को किया गया। बरेली रोड स्थित झूलेलाल प्रांगण में बैठक हुई जिसमें समाज के सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से देवानंद सिंधी को चेरमैन कन्हैयालाल मुलानी को अध्यक्ष, अशोक मुलानी और तरुण तेजवानी को महामंत्री, शंकरलाल सिंधी को कोषाध्यक्ष बनाया गया। साथ ही कार्यकारिणी सदस्य अमित आसवानी, डॉ. गोविंद चचवानी, हरचंद नारवानी, शैलेश तलरेजा, नरेश सजवानी, मनीश केसरवानी, विजय धमीजा और राजा तेजवानी को बनाया गया।

# सड़क निर्माण को ग्रामीणों का आमरण अनशन शुरू

### हालात

- विधायक और सांसद पर लगाया कोरे आश्वासन देने का आरोप
- पूर्व दर्जा राज्यमंत्री हरीश पनेरू ने दिया आंदोलन को समर्थन

संवाददाता, भीमताल



देवलीधार में मोटर मार्ग निर्माण को लेकर अनशन पर बैठे ग्रामीण। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** सुरंग-सुई समेत दो दर्जन से अधिक गांवों को जोड़ने वाले देवलीधार-सुरंग मोटर मार्ग का निर्माण एवं पोखरी, कुलोरी, नगौनिया, देवलीधार मार्ग में डामरीकरण को लेकर ग्रामीणों ने आमरण अनशन शुरू कर दिया है। उन्होंने चेतावनी दी है कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं होगी तब तक अनशन जारी रहेगा।

अनशन के दौरान ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक और सांसद पर क्षेत्र की अनदेखी व मोटर मार्ग निर्माण को लेकर कोरे आश्वासन देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि ब्लॉक मुख्यालय ओखलकांडा से मात्र 11 किलोमीटर दूर स्थित सुरंग गांव की सड़क का मिलान देवलीधार नहीं होने से सुरंग व सुई के ग्रामीणों को ओखलकांडा जाने के लिए बाया पदमपुरी-धानाचूली से करीब 70 किलोमीटर का सफर तय करना पड़ रहा है। देवलीधार-सुरंग मोटर मार्ग का मिलना होने से मात्र 15 किलोमीटर का सफर तय कर विकासखंड मुख्यालय पहुंचा जा सकता है। ग्रामीण पिछले तीन दशक से मोटर मार्ग निर्माण व डामरीकरण की मांग कर रहे हैं, लेकिन अभी तक किसी भी जनप्रतिनिधि ने उनकी सुध नहीं ली है। इससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। कहा कि जब क्षेत्र नैनीताल विधानसभा के अंतर्गत था, तब क्षेत्रीय विधायक बंशीधर भगत के प्रयासों से सड़क बनी। उसके बाद जिम्मेदार नेताओं ने लगातार क्षेत्र की अनदेखी की। आज तक मोटर मार्ग न आगे जुड़ पाया और न ही पूर्व में निर्मित मोटर में डामरीकरण हो पाया है। इस दौरान पूर्व दर्जा राज्यमंत्री हरीश पनेरू आंदोलित ग्रामीणों को समर्थन देने के लिए धरनास्थल पर पहुंचे। अनशन पर क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रतिनिधि नरेन्द्र खनवाल बैठे। धरना स्थल पर नंदन खनवाल, करन बोरा, राकेश नैनवाल, टीसी बेलवाल, गोपाल खनवाल, बची सिंह खनवाल, राम सिंह बिष्ट, गणेश गोस्वामी, तारा सिंह खनवाल, कमल मेवाड़ी, राजू थुवाल, कमल थुवाल, भगवती पनेरू समेत कई ग्रामीण मौजूद रहे।

# गुणवत्ता सुधारें या कार्रवाई को तैयार रहें

संवाददाता, कालाढूंगी


कोटाबाग मार्ग का अधिकारियों के साथ निरीक्षण करते विधायक बंशीधर भगत। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** कालाढूंगी-कोटाबाग सड़क में हो रहे डामरीकरण की खराब गुणवत्ता से क्षेत्र के ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों की शिकायत पर गुरुवार को विधायक बंशीधर भगत ने लोनिवि के अधिकारियों के साथ पहुंचे और सड़क का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को फटकार लगाते हुए डामरीकरण की गुणवत्ता में सुधार लाने को कहा, अन्यथा कार्रवाई के लिए तैयार रहने की चेतावनी दी।

बिना रोड़ी बिछाये मिट्टी में हो रहे डामरीकरण कार्य को बीती 10 अक्टूबर को ग्रामीणों व कनिष्ठ प्रमुख कुलदीप तडियाल ने विरोध कर काम बंद करवा दिया था। इसके बाद विधायक भगत ने अधिकारयों को गुणवत्ता से कार्य करने के निर्देश दिये। कुछ दिन काम ठीक हुआ, लेकिन मूसाबंगर में फिर से लिपापोती होने लगी। यहां ग्रामीणों ने विरोध किया तो गुरुवार को विधायक ने अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया और खराब गुणवत्ता पर फटकार लगाई। कहा कि मुख्यमंत्री ने प्रदेश की सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के आदेश दिए हैं, इसलिए जितनी जल्दी हो सके सड़कों को गड्ढा मुक्त किया जाये। इस दौरान अधिशासी अभियंता रविंदर कुमार, सहायक अभियंता हरिनंदन मिश्रा, मंडल अध्यक्ष जोगा मेहरा, नवीन पंत, कमल बोहरा, पंकज बुधलाकोटी, बिशन रजवार, दिनेश बुधलाकोटी, नवीन गर्जोला आदि मौजूद रहे।

### मूसाबंगर-मासीवालपुर सड़क बनाने की मांग

**कालाढूंगी :** ग्रामीणों की मांग पर विधायक भगत ने मूसाबंगर मासीवालपुर सड़क का निरीक्षण किया। ग्रामीण मुकेश मासीवाल, नवीन गर्जोला, लक्ष्मण सिंह राणा, कुंदन सिंह, महेंद्र राणा, बिशन सिंह रजवार ने कहा कि यह मार्ग पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है। कई जगह पुलिया भी टूटी हुई है। जिस पर विधायक भगत ने अधिकारियों से उक्त मार्ग को बनाये जाने की कार्रवाई शुरू करने के निर्देश दिये। साथ ही खतरा बनी टूटी पुलिया को शीघ्र ठीक करने को कहा।


काठगोदाम थाना क्षेत्र में ऑपरेशन रोमियो के दौरान ठेलों की पड़ताल करती पुलिस।

# सड़क किनारे पीने-पिलाने वालों को पुलिस ने दबोचा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

### अभियान

- बुधवार रात पुलिस टीमों ने एक साथ चलाया ऑपरेशन रोमियो
- खालसा इंटर कॉलेज में सभी की काउंसलिंग के बाद छोड़ा

**अमृत विचार :** ऑपरेशन रोमियो की शुरुआत हुई तो पुलिस के राडार पर सबसे पहले चढ़े सड़कों किनारे ठेलों पर शराब पीने वाले। शराब पीने वालों के साथ ऐसे लोग भी हत्थे चढ़े जो बिना वजह घूम रहे थे। ऐसे 58 लोगों को पुलिस ने पकड़ा और खालसा इंटर कॉलेज ले गए। यहां सभी का मेडिकल कराया और फिर परिजनों को बुला कर सभी की काउंसलिंग कराई गई। रात पुलिस ने यह चेतावनी देते हुए छोड़ा कि वह दोबारा ऐसी हरकत नहीं करेंगे।

ऑपरेशन रोमियो का खाका एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा के फेसबुक लाइव में खींच दिया गया था। महिलाओं के लिए आयोजित किए गए लाइव कार्यक्रम में महिलाओं ने सुरक्षा को लेकर तमाम सवाल खड़े किए थे। एसएसपी ने बताया, कुछ महिलाओं की शिकायत थी कि शाम के बाद देर रात तक युवक शराब पीकर सड़कों पर घूमते और छेड़छाड़ करते हैं। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीमों का गठन कर आपरेशन रोमियो चलाने के निर्देश दिए। जिसके तहत बुधवार की रात एसपी सिटी प्रकाश चंद्र, सीओ सिटी नितिन लोहनी, कोतवाल राजेश कुमार यादव के नेतृत्व में कार्यशाला रोड, कुसुमखेड़ा चौराहा, ब्लाक चौराहे के सामने, वर्कशॉप लाइन, डिग्री कालेज के पीछे दो नहरिया रोड, चंबल पुल क्षेत्र में अभियान चलाया गया। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने व बेवजह सड़कों पर घूमने पर 58 लोगों को हिरासत में लिया। इन्हें नैनीताल रोड स्थित खालसा इंटर कालेज लाया गया। चिकित्सकों टीम बुलाकर मेडिकल कराया और 81 पुलिस एक्ट में चालान काटा। सभी के परिजनों को फोन कर मौके पर बुलाया गया। रात दो बजे काउंसलिंग के बाद पुलिस ने सभी को छोड़ा। सीओ लोहनी ने बताया कि अभियान आगे भी जारी रहेगा। परिजनों से फोन पर इनकी फीडबैक ली जाएगी।

# गौलापार में आधी रात को हुआ हादसा, आईटीआई छात्र की मौत

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी


हादसे के बाद सड़क किनारे पड़ा युवक।

**अमृत विचार :** रिश्तेदार के साथ खटीमा से हल्द्वानी लौट रहा आईटीआई छात्र हादसे का शिकार हो गया। मोटर साइकिल सवार छात्र और उसका रिश्तेदार उत्तर प्रदेश नंबर की कार की चपेट में आकर बुरी तरह लहूलुहान हो गए। गंभीर अवस्था में दोनों को डॉ.सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने छात्र को मृत घोषित कर दिया। चोरगलिया पुलिस ने घटना को अंजाम देने वाली कार को पकड़ लिया है।

पुलिस के मुताबिक कठघरिया मुखानी निवासी 17 वर्षीय पीयूष जोशी पुत्र कमल जोशी की हादसे में मौत हुई है। देर रात उत्तर प्रदेश में रहने वाला एक परिवार कार से कैंचीधाम दर्शन के लिए जा रहा था। दानीबंगर के पास कार और मोटर साइकिल की जोरदार भिडंत हो गई। हादसे में मोटर साइकिल के परखच्चे उड़ गए और दोनों सवार उछल कर दूर जा गिरे। घटना में पीयूष बुरी तरह घायल हुआ था। दोनों को 108 एंबुलेंस की मदद से डॉ.सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय भेजा गया, जहां उपचार के दौरान पीयूष की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार पीयूष हल्द्वानी में आईटीआई का छात्र था। वह खटीमा अपने मामा के घर गया हुआ था, जहां से वह वापस लौट रहा था। चोरगलिया थानाध्यक्ष राजेश जोशी ने बताया कि कार को जब्त कर लिया है। पोस्टमार्टम के बाद किशोर का शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

## स्कूल गया सातवीं का छात्र लापता

**हल्द्वानी :** मुखानी थानाक्षेत्र से एक छात्र लापता हो गया। वसंत विहार फेज दो निवासी किशन कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में लिखा, 14 अक्टूबर भतीजा 15 वर्षीय भाविक बिष्ट स्कूल गया था, लेकिन लौट कर घर नहीं आया।

भाविक हीरानगर स्थित सरस्वती विद्या मंदीर में कक्षा सात का छात्र है। जब वह स्कूल से नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी खोजबीन की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। कोतवाल राजेश कुमार यादव ने बताया कि किशोर की गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जारहे हैं। किशोर की बरामदगी को पुलिस टीमें गठित कर दी गई हैं।

# दोपहर को पहाड़ में चढ़ रहा तो मैदान में लुढ़क रहा पारा

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** अक्टूबर माह में पहाड़ और मैदान के मौसम में विपरीत असर हो रहा है। अब ठंड दस्तक देने लगी है। मैदानी इलाकों में दोपहर के समय भी तापमान में गिरावट आ रही है लेकिन पहाड़ में दोपहर के समय तापमान में उछाल आ रहा है।

हल्द्वानी में विगत दिनों सुबह, शाम और रात के समय हल्की ठंड का अहसास हो रहा था लेकिन दोपहर के समय चटक धूप निकल रही थी। अब दोपहर के समय तापमान में भी कमी आ रही है। गुरुवार को हल्द्वानी में अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया। जो सामान्य से एक डिग्री कम है। इसी तरह 14 अक्टूबर को पारा 32.6 डिग्री था तो वहीं 15 अक्टूबर को 32.1 डिग्री और 16 अक्टूबर को 31.1 डिग्री पारा दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार अब दोपहर के समय भी तापमान में गिरावट आ रही है। ऐसे में आने वाले समय में दोपहर के समय धूप में तपिश और भी कम होने लगेगी। साथ ही रात के समय ठंड में और भी बढ़ोत्तरी होगी। हल्द्वानी में न्यूनतम तापमान 19.4 डिग्री रहा।

### बिन पानी सब सून

पानी नहीं आने से लोगों का फूटा गुस्सा, पूर्व सभासद ने नलकूप की मरम्मत में हीलाहवाली का लगाया आरोप

# 13 बीघा के नलकूप की मरम्मत जारी, पानी के लिए मारामारी

संवाददाता हल्द्वानी


13 बीघा में नलकूप की मरम्मत करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** लोगों को घर-घर तक पानी पिलाने वाले जल संस्थान की कोशिशें मानसून के खत्म होने के बाद भी नलकूपों के खराब होने से सफल नहीं हो पा रही हैं। वहीं विभाग की ओर से लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पाने से नाराज लोग नलकूपों की मरम्मत में ढिलाई का आरोप लगा रहे हैं। इस दौरान जल संस्थान के टैंकर पहुंचने पर भी लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। लोगों का कहना है कि विभाग मात्र तीन लोगों को लगाकर नलकूप की मरम्मत करा रहा है इससे मरम्मत कार्य में ढिलाई हो रही है। वहीं विभाग का कहना है त्योहारों की तैयारी को देखते हुए हर तरह के प्रयास किए जा रहे हैं।

मंगलवार से 13 बीघा के नलकूप के खराब होने से इंदिरानगर बड़ी सड़क, छोटी सड़क समेत कई वार्डों में पेयजल किल्लत हो रही है।

वहीं मरम्मत कार्य को लेकर लोगों में नाराजगी बनीं हुई है। विभाग की ओर से नलकूप की मोटर तीसरे दिन भी नहीं निकाले जाने से नाराज लोगों ने विभाग पर कार्य में ढिलाई करने और पर्याप्त पानी नहीं देने के आरोप लगाए जबकि विभाग का कहना है कि नलकूप खराब होने के दूसरे दिन से ही प्रभावित लोगों तक टैंकरों से पानी बांटना शुरू कर दिया गया था। इस दौरान लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी बांटा गया है। वहीं विभाग का कहना है शनिवार तक नलकूप को ठीक कर पानी बांटना शुरू करा दिया जाएगा।

खराब हो रहे नलकूपों को तुरंत ठीक करने के लिए पर्याप्त इंतजाम कराए जा रहे हैं। प्रयास है कि अगर शुक्रवार रात तक ट्रायल पूरा होता है तो शनिवार सुबह से नलकूप से पानी बांटा जा सकेगा। **- रविंद्र कुमार**, एई, जल संस्थान।

### त्योहारों की तैयारियां उपभोक्ताओं पर पड़ रही भारी

**हल्द्वानी :** बिजली की लाइनों के रखरखाव के लिए हो रही कटौती से शहर से लेकर गांवों तक लोग परेशान हैं। गुरुवार को ऊर्जा निगम के पांच बिजलीघरों से जुड़े क्षेत्रों में चार घंटे तक बिजली आपूर्ति बंद रही। इस दौरान लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। दरअसल त्योहारों की तैयारियों को लेकर ऊर्जा निगम इन दिनों बिजली की लाइनों का मेंटीनेंस कर रहा है। गुरुवार को लाइनों के रखरखाव और पेड़ों की लॉपिंग-चॉपिंग का काम करने के लिए सुबह 10 बजे से पांच बिजलीघरों से आपूर्ति बंद कर दी गई। इस कारण ऊर्जा निगम के सुभाष नगर, काठगोदाम, गौलापार, टीपीनगर और केडी चौराहा बिजलीघर से जुड़े क्षेत्रों में आपूर्ति बाधित रहने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। दोपहर करीब दो बजे काम पूरा होने पर बिजली सप्लाई शुरू हो सकी। ऊर्जा निगम से अधिशासी अभियंता प्रदीप कुमार ने बताया कि सप्लाई बेहतर करने के लिए रूटीन कार्य के तहत लाइन रखरखाव का कार्य किया जा रहा है। इसकी सूचना बिजली उपभोक्ताओं को पूर्व में दी जा रही है।

## बरेली से आ रहा मावा पकड़ा

**हल्द्वानी :** वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी अभय कुमार सिंह के नेतृत्व में टीम ने रोडवेज बस स्टेशन पर बाहर से आने वाले वाहनों की चेकिंग की। टीम ने बस, जीप के अलावा अन्य वाहनों की भी जांच की। एक वाहन में मावा मिला। मावा के साथ बिल था जो बरेली स्थित सिंह ट्रेडर्स कंपनी से लाया जा रहा था। सूचना मिलने पर मावा मंगाने वाली पार्टी भी पहुंची। टीम ने मावा की जांच के लिए उसका नमूना लेकर रुद्रपुर स्थित लैब में भेज दिया है। उन्होंने बताया कि त्योहारी सीजन में उप्र से मावा व अन्य खाद्य पदार्थ छोटे और बड़े वाहनों में भेजे जाते हैं इसलिए त्योहारों के दौरान चेकिंग जारी रखी जाएगी। इधर हल्द्वानी बस डिपो के एआरएम सुरेंद्र बिष्ट ने बताया कि बसों से माल लाना मना है। इसके लिए चालकों और परिचालकों को चेतावनी भी दी गई है।

## सार-संक्षेप



ट्रॉफी के साथ विजेता टीम के खिलाड़ी व मुख्य अतिथि। ● अमृत विचार

### कुंवर क्लासेस जूनियर ने जीता क्रिकेट टूर्नामेंट

**कालाढूंगी :** ओपन क्रिकेट टूर्नामेंट प्रतियोगिता में निर्णायक भिड़ंत किंग्स 11 बैलपड़ाव और कुंवर क्लासेस जूनियर के बीच हुई। इसमें जूनियर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब जीत लिया। गुरुवार को हुए निर्णायक मुकाबले का शुभारंभ भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता विकास भगत ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। कहा कि हार जीत से इतर खिलाड़ियों में टीम भावना विकसित होनी चाहिए। इधर, निर्णायक मुकाबले में कुंवर क्लासेस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में तीन विकेट खोकर 107 रन बनाये। जवाब में किंग्स 11 बैलपड़ाव निर्धारित ओवरों में 89 रन ही बना सकी। इसी के साथ कुंवर क्लासेस ने टूर्नामेंट जीत लिया। इस दौरान विक्रम जंतवाल, हरीश मेहरा, विनोद बुढलाकोटी, मयंक मेहरा, कविता वलिया, भुवन रहे।



पोस्टर प्रतियोगिता का अवलोकन करते प्राचार्य एमसी पांडे। ● अमृत विचार

### पोस्टर प्रतियोगिता में मोनिका ने मारी बाजी

**रामनगर :** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के हिंदी विभाग में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. एमसी पांडे ने किया। प्रतियोगिता का विषय हिन्दी साहित्य का स्वर्ण युग : भक्तिकाल था। जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़चढ़ कर प्रतिभाग किया। निर्णायक मंडल के निर्णय के अनुसार प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता में मोनिका, भारती पाठक, दीप्ति लोहला ने क्रमश : प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं रोहित खत्री को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर चीफ प्रॉक्टर प्रो. एसएस मौर्य, डॉ. लवकुश, डॉ. लतिका अमित, डॉ. जेपी त्यागी, डॉ. देवाशीष, डॉ. डीएन जोशी ने छात्र-छात्राओं के प्रयासों की प्रशंसा की। कार्यक्रम में हिंदी विभाग की विभाग प्रभारी डॉ. पुनीता कुशवाहा, डॉ. ललित मोहन, डॉ. सुरेश चन्द्रा, डॉ. नीमा राणा आदि रहे।

### जानलेवा हमले के आरोपी की जमानत याचिका खारिज

**नैनीताल :** बीती 18 सितंबर की रात आरोपी हिमांशु गुप्ता ने काठगोदाम रेलवे स्टेशन के पास भीमसेन पर लाठी डंडों और चाकू से हमला कर दिया था। जिसमें भीमसेन गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसका बाजपुर के अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना की शिकायत भीमसेन की पत्नी मुन्नी ने काठगोदाम थाने में दर्ज कराई और पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आज मामले में सुनवाई के दौरान शासकीय अधिवक्ता सुशील कुमार शर्मा ने कोर्ट को बताया कि आरोपी अपराधी प्रवृत्ति का है। जिससे पीड़ित को खतरा है। न्यायालय ने आरोपी हिमांशु गुप्ता की जमानत याचिका खारिज कर दी।

### बीडी अस्पताल का 130वां स्थापना दिवस मनाया

**नैनीताल :** बीडी पांडे अस्पताल का 130वां स्थापना दिवस गुरुवार को धूमधाम से मनाया गया। पीएमएस डॉ. टीके टम्टा ने अस्पताल के बारे में जानकारी दी। कहा कि अस्पताल हमेशा से मरीजों की सेवा में तत्पर है। कार्यक्रम की शुरुआत स्व. दीपक बिष्ट की पत्नी शालिनी बिष्ट ने की। अंत में केक काटकर व मिष्ठान वितरण किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य निदेशक नरसिंह गुंज्याल, डॉ. एमएस दुग्ताल, ईशा साह, आशा शर्मा, सरस्वती खेतवाल, डॉ. सुधांशु सिंह, डॉ. अनिरुद्ध गंगोला, जानकी कनवाल, भारती रस्तोगी, देवकी आर्या, सुषमा बेलवाल, रितु बोरा, उर्मिला दास, जयंती रावत मौजूद रहे।



चिड़ियाघर का भ्रमण करता छात्रों व शिक्षकों का दल। ● अमृत विचार

### ढेला के बच्चों ने नैनीताल में किया शैक्षिक भ्रमण

**नैनीताल :** राजकीय इंटर कॉलेज ढेला रामनगर के 100 से अधिक बच्चों और शिक्षकों ने नैनीताल का शैक्षिक भ्रमण किया। बच्चों ने स्नो व्यू से हिमालय की चोटियों को देखा। साथ ही चिड़ियाघर में विभिन्न पशु-पक्षियों के बारे में जानकारी ली। इसके बाद बच्चे तल्लीताल स्थित गांधी प्रतिमा पर पहुंचे। जहां अंग्रेजी के प्रवक्ता नवेंदु मठपाल ने बच्चों को गांधीजी के आजादी के आंदोलन के दौरान नैनीताल भ्रमण के बारे में बताया। बच्चों ने फ्लैट्स में चल रही विभिन्न गतिविधियों को भी देखा और मां नैना देवी मंदिर का भ्रमण किया। बच्चों ने उच्च न्यायालय का भ्रमण किया। यहां बार एसोसिएशसन के अध्यक्ष दुर्गा मेहता और प्रोटोकॉल अधिकारी परीक्षित उनियाल ने बच्चों को न्यायिक व्यवस्था की जानकारी दी। भ्रमण के दौरान मनोज जोशी, सीपी खाती, शैलेंद्र भट्ट, जया बाफिला, बालकृष्ण चंद, उषा पवार मौजूद रहे।



रानीबाग क्षेत्र में फॉगिंग करता कर्मचारी। ● अमृत विचार

### रानीबाग में डेंगू से बचाव के लिए कराई फॉगिंग

**भीमताल :** डेंगू के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट के प्रयासों से ग्रामीण क्षेत्रों में फॉगिंग की जा रही है। रानीबाग क्षेत्र में कई लोग डेंगू से प्रभावित हैं। इसको लेकर रानीबाग, दोगड़ा, ज्योलीकोट के सार्वजनिक स्थानों पर फॉगिंग की गई। डॉ. बिष्ट ने बताया कि फॉगिंग से डेंगू के प्रकोप से राहत मिलेगी। उन्होंने सभी लोगों से घर के आसपास स्वच्छता रखने की अपील की। अभियान में प्रधान कलावती थापा, पवन साह, बीडीसी मनीष गौनी, पंकज रावत, नवीन अनेरिया, सूरज जीना ने सहयोग किया।

### उपभोक्ता सहकारी भंडार का अंश धन एक हजार

**रामनगर :** उपभोक्ता सहकारी भंडार ने उपभोक्ता भंडारों के लिए अंश धन अब एक हजार रुपये कर दिया है। उपभोक्ता सहकारी भंडार रामनगर के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल खुलासा ने बताया कि उत्तराखंड शासन ने 27 अगस्त को जारी अपने आदेश संख्या 5553-63 में उपभोक्ता भंडारों के लिए अंश धन 1000 रुपये कर दिया है। अत : अंशधारक अपना अंशधन 1000 रुपया पूर्ण करके अंशधारक बन सकते हैं। बताया कि आवेदन शुल्क 250 रुपये है।

### शिविर में 100 लोगों की हुई स्वास्थ्य जांच

**भीमताल :** भीड़ापानी में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में लगभग 100 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई। शिविर में आंखों की जांच के साथ-साथ अन्य महत्वपूर्ण स्वास्थ्य परीक्षण किये गये। वहीं मरीजों को निशुल्क दवा वितरित की गई। साथ ही कई लोगों को चश्मे के लिए नंबर प्रदान किये गये। नेत्र विशेषज्ञ डॉ. राजेश रस्तोगी व डॉ. इजधानी ने मरीजों की जांच कर उन्हें उचित परामर्श दिया। ग्राम प्रधान मुकेश चन्द्र बौद्ध ने शिविर आयोजन के लिए जिला चिकित्सा अधिकारी का आभार व्यक्त किया।

# दो दिन में खाली करें वन विभाग की भूमि

## एसडीएम ने निरीक्षण के दौरान पूछड़ी में अतिक्रमणकारियों को दी मोहलत, सख्त कार्रवाई के लिए चेताया

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** तराई पश्चिमी वन प्रभाग के अंतर्गत ग्राम पूछड़ी में वन भूमि पर अवैध रूप से काबिज लोगों को हटाने के लिए वन विभाग और प्रशासन ने कमर कस ली है। गुरुवार को एसडीएम राहुल शाह, तहसीलदार कुलदीप पांडे, सीओ भूपेंद्र सिंह भंडारी, कोतवाल अरुण सैनी सहित वन विभाग, पुलिस एवं राजस्व विभाग के कर्मचारियों ने क्षेत्र का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीएम ने अतिक्रमणकारियों को दो दिन के अंदर स्वयं वन विभाग की भूमि खाली करने के निर्देश दिए। वहीं वन विभाग ने अतिक्रमणकारियों के मकानों पर नंबर डालकर उन्हें नोटिस भी चस्पा किये।

रामनगर प्रशासन हल्द्वानी के बनभूलपुरा क्षेत्र में हुई घटना की पुनरावृत्ति दोबारा न हो, इसको लेकर सतर्क हो गया है। अतिक्रमण हटाने से पहले पुलिस ने क्षेत्र में कई स्थानों पर जहां पुलिस कर्मियों की ड्यूटी के लिए स्थान चिन्हित किये। वहीं कई स्थानों पर बैरियर लगाने की भी कार्रवाई की। प्रशासन का मानना है कि अतिक्रमण हटाने के दौरान किसी भी प्रकार की कोई अप्रिय घटना न घटे, इसके लिए पूरी तैयारी कर ली गई है।

इधर, एसडीएम राहुल शाह ने बताया कि क्षेत्र में 141 अतिक्रमणकारी वन भूमि पर चिन्हित किए गये थे, जिन्हें वन विभाग ने बेदखली का आदेश भी दिया था। करीब 5 से 6 अतिक्रमणकारी स्वयं चले गए हैं। कुछ अतिक्रमणकारी बचे हैं, जिनके खिलाफ तीन से चार दिन के अंदर अभियान चलाया जाएगा। कहा कि इस दौरान यदि किसी ने भी किसी प्रकार की कोई हरकत करते हुए शांति भंग करने की कोशिश की तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



निरीक्षण के दौरान अतिक्रमणकारियों को वन भूमि खाली करने के निर्देश देते एसडीएम राहुल शाह। ● अमृत विचार



मकान के बाहर नोटिस चस्पा करते वन कर्मी।

### संघर्ष समिति ने की कार्रवाई रोकने की मांग

**रामनगर :** संयुक्त संघर्ष समिति ने वन विभाग एवं पुलिस प्रशासन पर ग्राम पूछड़ी के ग्रामीणों को आतंकित करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग की है। समिति का आरोप है कि 16 अक्टूबर की रात्रि वन विभाग बगैर महिला कर्मियों को साथ लिए देवीदत्त तिवारी एवं रमेश चंद तिवारी की गैर मौजूदगी में उनके घरों में पहुंचा और उनके घरों में जबरन नंबर डाल दिये। गुरुवार को दिनदहाड़े वन प्रशासन ने भारी पुलिस बल के साथ उनके घर की दीवारों पर बेदखली के आदेश चस्पा कर दिये। वन एवं पुलिस प्रशासन की यह कार्रवाई लोकतांत्रिक मर्यादाओं एवं कानूनों का उल्लंघन है। मुनीष कुमार व सरस्वती जोशी ने प्रदेश सरकार से ग्रामीणों को आतंकित करने पर रोक लगाने की मांग की। इधर, आंदोलन की आगामी रणनीति के लिए रविवार को समिति ने ग्राम पूछड़ी में बैठक बुलाई है।

### बाहरी राज्यों के हैं अतिक्रमणकारी

एसडीएम राहुल शाह ने बताया कि प्रथम चरण में सभी अतिक्रमणकारियों का सर्वे कर सत्यापन किया जा चुका है। क्षेत्र में कुल 38 लोगों के पक्के निर्माण हैं, शेष कच्चे निर्माण हैं। कुछ अतिक्रमणकारी वन भूमि में कृषि कार्य भी करते हैं। इनमें से अधिकांश लोग बंगाल, उत्तर प्रदेश एवं बिहार मूल के रहने वाले हैं।

### आठ सेक्टर में बांटा अतिक्रमित क्षेत्र

अतिक्रमित क्षेत्र को आठ सेक्टर में बांटा जा रहा है। जिसमें प्रत्येक सेक्टर में वन विभाग के रेंज अधिकारी स्तर के अधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी, उप निरीक्षक, पुलिस स्तर के अधिकारी तैनात रहेंगे। संयुक्त टीम की मुनादी एवं अपील के बाद आठ अतिक्रमणकारियों ने कब्जा छोड़ दिया है। अन्य ने भी स्वयं कब्जा हटाने पर सहमति दी है।

### असामाजिक तत्वों पर रहेगी पैनी नजर

पुलिस एवं प्रशासन ऐसे असामाजिक तत्वों को चिन्हित करने में जुटा है, जिसने शांति एवं कानून व्यवस्था भंग हो सकती है। सभी के खिलाफ निषेधात्मक कार्यवाही अमल में लाई जा रही है। एक सप्ताह में प्रथम चरण के अतिक्रमण को मुक्त कर कब्जा प्राप्त करने की कार्यवाही की जाएगी। अगले 3 दिन तक संयुक्त टीम रोजाना मुनादी कर स्वयं कब्जा हटाने की अपील करेगी। कब्जा न हटाने पर बलपूर्वक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# ट्रांसजेंडर्स की सुरक्षा को उठे कदमों की मांगी रिपोर्ट

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट ने राज्य में ट्रांसजेंडर्स के संरक्षण और सुरक्षा के लिए कानून बनाने को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई की। कोर्ट ने राज्य सरकार से ट्रांसजेंडर्स की सुरक्षा के लिए उठाए जा रहे कदमों की विस्तृत रिपोर्ट 18 नवंबर तक पेश करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई भी इसी तिथि को होगी।

गुरुवार को मामले की सुनवाई कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी व न्यायमूर्ति विवेक भारती शर्मा की खंडपीठ में हुई। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की तरफ से कोर्ट को बताया गया कि ट्रांसजेंडर्स के अधिकार और संरक्षण के लिए एक्ट बना दिया है, राज्य और जिलों में ट्रांसजेंडर्स प्रोटेक्शन सेल बनाई गई हैं।

पूर्व में कोर्ट ने ट्रांसजेंडर्स के लिए नियमावली व कानून बनाने के निर्देश भी दिये थे। दरअसल, देहरादून की ट्रांसजेंडर निशा चौहान ने सुरक्षा के लिए याचिका दाखिल की थी। याचिका में कहा था कि रजनी रावत गैंग से उनको खतरा है। गैंग ने उनके साथ वर्ष 2018, 2023 अब 2024 को भी मारपीट की और लूटपाट की। साथ में ट्रांसजेंडर्स की सुरक्षा और संरक्षण के लिए एक्ट बनाने की मांग की है ताकि उन्हें सुरक्षा मिल सके, आखिरकार वे भी समाज का एक हिस्सा हैं।

# हॉकी में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** डीएसए मैदान में नैनीताल हॉकी एकेडमी की ओर से आयोजित अखिल भारतीय महिला हॉकी कप प्रतियोगिता के तहत गुरुवार को चार क्वार्टर फाइनल मुकाबले एवं दो सेमीफाइनल मुकाबले खेले गये।

पहला क्वार्टर फाइनल मुकाबला एनईआर गोरखपुर और रुद्रपुर के बीच खेला गया। जिसमें गोरखपुर ने 6-0 से जीत दर्ज की। दूसरा क्वार्टर फाइनल मुकाबला यूपी पुलिस एवं मेरठ के मध्य खेला गया। जिसमें मेरठ ने 3-2से जीत दर्ज की। तीसरा क्वार्टर फाइनल मुकाबला नैनीताल एवं कोलकाता के मध्य खेला गया। जिसमें नैनीताल ने 4-3से जीत दर्ज की। चौथा क्वार्टर फाइनल मुकाबला हल्द्वानी एवं मुरादाबाद के मध्य खेला गया। जिसमें 4-3 से हल्द्वानी ने जीत दर्ज की।

आयोजक सचिव कैलाश बोरा ने बताया कि पहला सेमीफाइनल मुकाबला हॉकी एकेडमी नैनीताल एवं एनईआर गोरखपुर के मध्य खेला गया। जिसमें नैनीताल ने 3-2 से जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला हल्द्वानी एवं मेरठ के मध्य खेला गया। जिसमें मैच 4-4 से बराबरी पर रहा। पेनल्टी शूट आउट में हल्द्वानी ने 4-2 से मैच में जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला शुक्रवार को नैनीताल हॉकी एकेडमी एवं हल्द्वानी के बीच खेला जाएगा। प्रतियोगिता में अंपायर डॉ. मनो ज बिष्ट, मोहित रावत, देवेंद्र बोरा रहे। संचालन डॉ. ललित तिवारी, हरीश सिंह राणा ने किया।



हॉकी प्रतियोगिता में गोल के लिए जूझतीं महिला खिलाड़ी। ● अमृत विचार

# समूह गान में यूएसआर बसई अव्वल

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** विकासखंड स्तरीय संस्कृत प्रतियोगिता में समूह गान में यूएसआर इंटर कॉलेज बसई ने प्रथम, जीपीपी कन्या इंटर कॉलेज रामनगर ने द्वितीय व राइंका ढेला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं संस्कृत वाद-विवाद प्रतियोगिता में राइंका छोई की कसक बिष्ट ने प्रथम, यूएसआरइंका के आयुष्मान ममगाई ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इसके अलावा आशु भाषण प्रतियोगिता में राइंका छोई की सौम्या भंडारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। संस्कृत नृत्य प्रतियोगिता में राइंका ढेला ने प्रथम, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज ने द्वितीय, जीपीपी इंटर कॉलेज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। श्लोक उच्चारण में एमपी हिंदू इंटर कॉलेज रामनगर की खुशबू पांडे ने प्रथम, पंडित देवी दत्त दुर्गा दत्त संस्कृत विद्यापीठ रामनगर के दीपांशु बधानी ने द्वितीय, राइंका छोई की सौम्या भंडारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को उत्तराखंड संस्कृत अकादमी हरिद्वार ने नगद पुरस्कार व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इससे पूर्व प्रतियोगिता का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी एच प्रसाद, प्रधानाचार्य राजेन्द्र देवरानी, समाजसेवी भूपेंद्र खाती ने दीप प्रज्वलित कर किया। समन्वयक मदन मोहन पंत ने बताया कि जनपद स्तर की संस्कृत प्रतियोगिता 23 व 24 अक्टूबर को हल्द्वानी में होगी। इस दौरान डॉ. एसपी मिश्रा, डॉ. तिलक जोशी, बलवंत रावत, जीवन पांडे, रेखा शर्मा, सुषमा चौहान, जनार्दन पांडेय, डॉ. पंकज जैन, कैलाश रौतेला मौजूद रहे। संचालन कमला पाठक ने किया।



विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते अतिथि। ● अमृत विचार

# राइटर्स अवार्ड फेस्टिवल में सम्मानित हुए कई कवि

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** अरुणोदय धर्मशाला परिसर में गुरुवार को उत्तराखंड राइटर्स अवार्ड फेस्टिवल का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्व हिन्दी रचनाकार मंच हल्द्वानी की अध्यक्ष डॉ पुष्पलता जोशी ने की।

मुख्य अतिथि राघवेन्द्र ठाकुर ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। डॉ. बीना मथेला ने सभी का स्वागत किया। इस दौरान विभिन्न राज्यों से आये कवियों ने कविताएं सुनाई। इसके बाद सर्वश्रेष्ठ रचनाओं के लिए अवार्ड दिए गए। डॉ. पुष्प लता जोशी, डॉ. बीना मथेला, डॉ. चम्पा बिष्ट, डॉ. विजय बाला गुप्ता, दीपा काण्डपाल, श्रुति तिवारी, सोनिया आर्या, डॉ ऋषिका वर्मा, सिध्दी डोभाल, गीता जोशी, डॉ संगीता बिष्ट और नीलम नेगी आदि को उत्तराखंड राइटर्स अवार्ड, राइटर्स नेशनल अवार्ड एवं उत्तराखंड आइडियल वोमेन अवार्ड से सम्मानित किया गया। मंच पर दिल्ली से आई डॉ. कनक पाणि, लखनऊ से डॉ. विभा प्रकाश, रीवा मध्यप्रदेश से डॉ. हीरेंद्र गौतम ने सभी कवि-कवियित्रियों की रचनाओं का स्वागत किया। इस अवसर पर अरुणोदय संस्था के उपाध्यक्ष राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित बिपिन चन्द्र पाण्डे, डॉ भूपेंद्र बिष्ट, रघुवर काण्डपाल आदि थे। संचालन दिव्या मिश्रा और शालिनी शर्मा ने किया।

# महर्षि वाल्मीकि के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान

संवाददाता, लालकुआं

**अमृत विचार :** महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर लालकुआं व बिन्दुखत्ता क्षेत्र में संगोष्ठी एवं विशाल शोभायात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने वाल्मीकि के जीवन चरित्र से भावी पीढ़ी को प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

वार्ड नंबर 3 स्थित हनुमान मंदिर में आयोजित संगोष्ठी में क्षेत्र के लोगों ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने रामायण की रचना नहीं की, बल्कि समाज में बोली भाषा को लिपिबद्ध करने का भी काम किया। इसके बाद शोभायात्रा को नगर में धूमधाम के साथ निकाला गया। कार्यक्रम में आयोजन समिति के अध्यक्ष श्रीपाल, संयोजक अरुण प्रकाश, विधायक डॉ. मोहन बिष्ट, कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक डीआर वर्मा, संरक्षक रणजीत बोरा, नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष रामबाबू मिश्रा, लालचंद्र सिंह, पवन चौहान, कैलाश चंद्र पंत, राजकुमार सेतिया, चौधरी सर्वदमन सिंह, रविशंकर तिवारी, सरदार गुरदीप सिंह, हेमवती नंदन दुर्गापाल, सोनू भारती, दीवान सिंह बिष्ट, राधा वाल्मीकि मौजूद रहे।

वहीं देर शाम घोड़ानाला से महर्षि वाल्मीकि की भव्य झांकी युक्त शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें अलग-अलग वाहनों में भव्य झांकियां सजाई गई थीं। शोभायात्रा वीआईपी गेट होते हुए लालकुआं नगर में घूमकर वापस घोड़ानाला पहुंचकर संपन्न हुई।



शोभायात्रा का शुभारंभ करते विधायक दीवान सिंह बिष्ट व अन्य। ● अमृत विचार

### धूमधाम से निकाली शोभायात्रा

**रामनगर, अमृत विचार :** राम की नगरी में देर सांय गाजे-बाजे के साथ भगवान वाल्मीकि की शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा समिति बंबाघेर के अध्यक्ष शुभम उत्तम के नेतृत्व में भगवान वाल्मीकि मंदिर बंबाघेर में पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद विधायक दीवान सिंह बिष्ट, भाजपा नेता इन्दर रावत, पूर्व पालिकाध्यक्ष भगीरथ लाल चौधरी, भाजपा नगर अध्यक्ष मदन जोशी, समाजसेवी याना खान ने सामूहिक रूप से फीता काटकर शोभायात्रा का शुभारंभ किया। वहीं दूसरी ओर अध्यक्ष सुशील कुमार के नेतृत्व में खताड़ी से मनमोहक झांकियां शोभायात्रा में शामिल हुई। महर्षि वाल्मीकि की झांकी के मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। जगह-जगह शोभायात्रा का स्वागत किया गया। इस दौरान आकाश उत्तम, पंकज कुमार, मोनू प्रभात, रवि कुमार रामू, राज रौनी, अरुण कुमार, रजत राज, राजीव चौधरी, गौरव कुमार, सूजल, तन्नू, नट्टू, एकलव्य, बिट्टू कुमार, मनोज कुमार, सुमित मौजूद रहे।



## सार-संक्षेप


टैक्सी महासंघ की बैठक में मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### अगले माह होंगे काठगोदाम टैक्सी यूनियन के चुनाव

**हल्द्वानी :** कुमाऊं द्वार टैक्सी मालिक एवं कल्याण समिति काठगोदाम के आग्रह पर जिला महासंघ टैक्सी यूनियन ने गुरुवार को बैठक की। बैठक में काठगोदाम टैक्सी यूनियन में चुनाव कराने का प्रस्ताव रखा गया जिस दौरान कुछ लोगों ने इसका विरोध भी किया। इस पर महासंघ टैक्सी यूनियन के पदाधिकारियों ने दोनों पक्षों के साथ वार्ता की और एक माह के अंतराल में चुनाव कराने का निर्णय लिया गया। चुनाव होने तक वर्तमान कार्यकारिणी के पास ही प्रभार रहेगा। इस दौरान महासंघ टैक्सी यूनियन के मुख्य संरक्षक महेश पांडे, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोज भट्ट, उपाध्यक्ष करतार सिंह, काठगोदाम टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष कृष्णानंद पांडे, सचिव संतोष कोहली, कोषाध्यक्ष सुशील गुप्ता आदि मौजूद रहे।


राजकीय मेडिकल कॉलेज में आयोजित कांफ्रेंस में मौजूद चिकित्सक।

### आमजन तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना ही प्रमुख ध्येय

**हल्द्वानी :** राजकीय मेडिकल कालेज के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग में एनुअल कॉन्फ्रेंस ऑफ इंडियन एसोसिएशन ऑफ प्रिवेंटिव एंड सोशल मेडिसिन यूपी-यूके चैप्टर का आयोजन हुआ। जिसका विषय रोगों के प्रति स्वास्थ्य प्रणाली का शक्तिशाली होना था। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी ने कहा कि इस तरह के आयोजन जनता और राष्ट्र के हित में होते हैं। विभागाध्यक्षा डॉ. साधना अवस्थी ने बताया कि कांफ्रेंस का आयोजन 19 अक्टूबर तक होगा। हिमालयन इंस्टीयूट ऑफ मेडिकल साइंस जौलीग्रांट के डॉ. एके श्रीवास्तव ने कहा कि आम जनमानस तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना प्रमुख ध्येय है। हमें इस क्षेत्र में और भी बेहतर करने की जरूरत है। डॉ. सविता गोस्वामी ने बताया कि शोधों में गुणवत्ता होनी चाहिए। अन्य वक्ताओं ने कहा कि कोविड के बाद स्वास्थ्य सेवाओं को और भी बेहतर किया गया है। साथ ही आमजन भी बीमारियों को लेकर सजग हुआ है। लोग अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने का भी प्रयास कर रहे हैं। आज के समय में नवीन सॉफ्टवेयर आ रहे हैं। इनकी भ्झी जानकारी होना चाहिए। डॉ. सुनील कुमार प्राणिग्रही ने हेल्थ पॉलिसी व अनुसंधान प्रणाली की जानकारी दी। डॉ. एचके सोलंकी ने डायग्नोस्टिक क्षेत्र में अध्ययन एवं जांच की जानकारी दी। इस दौरान डॉ. रुद्रेश नेगी भी मौजूद रहे।


पुल का निरीक्षण करते विधायक राम सिंह कैड़ा। ● अमृत विचार

### लधीया नदी पर निर्माणाधीन पुल का किया निरीक्षण

**हल्द्वानी :** भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा ने गुरुवार को लधीया नदी पर निर्माणाधीन पुल का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यदायी संस्था को समय से काम पूरा करने के निर्देश दिए। विधायक कैड़ा ने बताया कि लधीया नदी पर पुल नहीं होने से कूकना, बजवाल, आमधार, बेटली, नौलिया, धैना, पड़ायल, नेटा सहित एक दर्जन से अधिक गांवों के ग्रामीणों को परेशानी होती थी। बारिश के मौसम में नदी के उफान पर आने से ग्रामीणों को 40-50 किमी की दूरी तय करनी पड़ती थी जिसमें उनका समय और रुपया दोनों फिजूल व्यय होते थे। बच्चों को स्कूल, काश्तकारों को अपनी उपज शहर तक ले जाने और महिलाओं को खासी दिक्कत होती थी। वे लंबे समय से नदी पर पुल बनाने की मांग कर रहे थे। इसको देखते हुए शासन से पुल के लिए 3 .10 करोड़ का बजट मंजूर कराया था। इसके बाद पुल निर्माण का काम शुरू हो गया है, अब निर्माण अंतिम चरण पर है। उन्होंने कहा कि स्थलीय निरीक्षण के बाद पुल का निर्माण जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए हैं ताकि पुल का लाभ जल्द से जल्द ग्रामीणों को मिल सके। सरकार लगातार ग्रामीणों को सुविधाएं देने के लिए प्रयासरत है। इस दौरान चिंता सिंह, भवान सिंह नौलिया, शेर सिंह, सुरेश परगांई, गणेश सिंह, दुर्गा दत्त, सोबन सिंह, हेम सिंह, मदन जोशी, प्रकाश सिंह, केसर सिंह, मोहन सिंह, संतोष राम आदि मौजूद रहे।

### ईएमई कोर के स्थापना दिवस पर जमकर झूमे पूर्व सैनिक

**हल्द्वानी :** ईएमई कोर के सेवानिवृत सेनानियों ने आरटीओ रोड स्थित बैंक्वेट हॉल में कोर का 82वां स्थापना दिवस उल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम में ईएमई कोर के पूर्व सैनिक और उनके परिजनों ने प्रतिभाग किया। कोर के सेवानिवृत सैनिकों ने संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया इस दौरान कार्यक्रम में मौजूद पूर्व सैनिकों ने अपने सेवा काल में बिताए गौरवशाली पलों को लोगों से साझा किया और एक-दूसरे को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी। इस दौरान सेवानिवृत्ति कर्नल बीके छिम्वाल, मेजर बीएस रौतेला, मेजर एचएस बिष्ट, संगठन के अध्यक्ष ऑर्डिनरी कैप्टन एलएस रौतेला, सचिव एचएस रावत, कोषाध्यक्ष सूबेदार मेजर एचएस राठौर आदि थे।

# खेलकूद में दिखाया दम, रंगारंग प्रस्तुतियों से जीता दिल

## राज्य स्तरीय अंतरविद्यालयी क्रीड़ा महोत्सव में दौड़, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, टेबल टेनिस आदि विभिन्न प्रतियोगिताएं हुईं

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** गौलापार स्थित इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में चल रही अंतरविद्यालयी क्रीड़ा महोत्सव में गुरुवार को विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के साथ ही उत्तराखंड की लोक संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों का दिल जीत लिया।

सब जूनियर वर्ग की 80 मीटर बाधा दौड़ में पिथौरागढ़ के आयुष पहले, चंपावत के प्रियांशु दूसरे और हरिद्वार के सोनू तीसरे स्थान पर रहे। 4 गुणा 100 मी. की रिले दौड़ में ऊधमसिंह नगर पहले, पौड़ी दूसरे और चंपावत तीसरे स्थान पर रहा, जबकि बालिकाओं में चंपावत पहले, पौड़ी दूसरे और हरिद्वार की टीम तीसरे स्थान पर रही। बालकों की ऊंची कूद में ऊधमसिंह नगर के धर्मेंद्र पहले, देहरादून के इरशाद दूसरे और पौड़ी के अमित रावत को तीसरा स्थान मिला जबकि बालिकाओं की ऊंची कूद में पौड़ी की निधि पहले, रुद्रप्रयाग की आराधना दूसरे और बागेश्वर की हेमा तीसरे स्थान पर रही। बालकों की योगा प्रतियोगिता में नैनीताल की टीम पहले, चमोली दूसरे और बागेश्वर तीसरे स्थान पर रहा, वहीं बालिकाओं में नैनीताल पहले, पिथौरागढ़ दूसरे और चमोली की टीम तीसरे स्थान पर रही। योगा रिदमिक बालिका में नैनीताल की हर्षिका पहले, ऊधम सिंह नगर की हिमानी दूसरे और बागेश्वर की डोली आर्या को तीसरा स्थान मिला। वहीं, बालक वर्ग में नैनीताल के आयु भटनागर पहले, ऊधमसिंह नगर के मयंक दूसरे और चमोली के रक्षत तीसरे स्थान पर रहे। वॉलीबॉल प्रतियोगिता बालक वर्ग में चमोली की टीम जबकि बालिका वर्ग में देहरादून की टीम चैंपियन बनी। बल टेनिस प्रतियोगिता में नैनीताल के पुनीत कुमार नैनीताल के ही भावेश मिश्रा को हराकर चैंपियन बने। बालिका वर्ग में अल्मोड़ा की निहारिका नैनीताल की मानसी को हराकर चैंपियन बनी। 20- 22 किलो वर्ग की ताइक्वांडो प्रतियोगिता में विनीता धामी, 24 - 26 किलो वर्ग में पिथौरागढ़ की प्रीति चंद 26 से 29 किलो वर्ग में बागेश्वर की विनीता राणा, 29 से 32 किलो वर्ग में साक्षी डसीला और 32 से 35 किलो वर्ग में निवेदिता नगरकोटी विजेता रही।


गौलापार स्टेडियम में चल रही राज्य स्तरीय विद्यालयी क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता में प्रस्तुति देते बच्चे। ● अमृत विचार


मिनी स्टेडियम में बैंडमिंटन मैच खेलते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

### सुलेख, अंताक्षरी और समूह गान में दिखाया हुनर

प्राथमिक वर्ग की हिंदी सुलेख प्रतियोगिता में चमोली के भूपेंद्र सिंह पहले, टिहरी के सोनाक्षी दूसरे और पौड़ी की आव्या तीसरे स्थान पर रही। जबकि अंग्रेजी सुलेख में ऊधम सिंह नगर की रश्मि पहले, चंपावत की इशिका जोशी दूसरे और बागेश्वर की कोमल तीसरे स्थान पर रही। मानचित्रण में बागेश्वर की मीनाक्षी पहले, बागेश्वर की मीरा दूसरे और नैनीताल की वैशाली तीसरे स्थान पर रही। प्राथमिक वर्ग अंताक्षरी प्रतियोगिता में बागेश्वर की टीम विजेता रही। चमोली को दूसरा और अल्मोड़ा को तीसरा स्थान मिला। सब जूनियर अंताक्षरी में बागेश्वर की टीम पहले, नैनीताल दूसरे और टिहरी तीसरे स्थान पर रही। समूह गान प्रतियोगिता में नैनीताल पहले, उधमसिंह नगर दूसरे तथा बागेश्वर की टीम तीसरे स्थान पर रही। एकांकी गान में नैनीताल पहले, पौड़ी दूसरे और टिहरी की टीम तीसरे स्थान पर रही।

### ताइक्वांडो में बागेश्वर का रहा दबदबा

बालकों की ताइक्वांडो प्रतियोगिता में बागेश्वर जिले के खिलाड़ी छाए रहे। 23 से 25 किलो वर्ग में पिथौरागढ़ के कृष बिष्ट, 25 से 27 किलो वर्ग में बागेश्वर के हर्षित सिंह, 27 से 29 किलो वर्ग में बागेश्वर के पंकज मेहता, 29 से 32 किलो वर्ग में बागेश्वर के कृष्णा कनवाल, 32 से 35 किलो वर्ग में बागेश्वर के प्रशांत कांडपाल, 35 से 38 किलो वर्ग में बागेश्वर के जय नेगी, 38 से 41 किलो वर्ग में बागेश्वर के आयुष दफोटी और 40 किलो वर्ग से अधिक में बागेश्वर के पंकज कर्नाटक विजेता रहे। बैडमिंटन में बागेश्वर के हर्षित कपकोटी चमोली के रणवीर को हराकर चैंपियन बने, जबकि बालिकाओं में पिथौरागढ़ की गौरविका कन्याल नैनीताल की यशिता जोशी को हराकर चैंपियन बनी।


मिनी स्टेडियम में बास्केट बॉल में मैच प्वाइंट के लिए संघर्ष करते खिलाड़ी।


प्रतियोगिता के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुति देते बच्चे। ● अमृत विचार


गौलापार स्टेडियम में फुटबॉल मैच के दौरान गोल करने के लिए जूझते खिलाड़ी।


गौलापार स्टेडियम में कबड्डी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते खिलाड़ी।

# ऑनलाइन गेमिंग ऐप से फर्जीवाड़ा, तीन गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जाली नोटों के गैंग का सरगना शिवम वर्मा के करंट अकाउंट का इस्तेमाल ऑन लाइन गेमिंग के लिए हो रहा था। इससे बड़ा फर्जीवाड़ा हो रहा था। पुलिस ने इससे जुड़े तीन शातिरों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने लालकुआं निवासी सर्राफ शिवम वर्मा को बीती 9 अक्टूबर को 9 हजार रुपये के जाली नोटों के साथ गिरफ्तार किया था। इसके बाद सात और लोगों को 3,46,500 रुपये के जाली नोटों के साथ पकड़ा गया था। वहीं, शिवम का लालकुआं स्थित एक निजी बैंक में करंट अकाउंट था, जिसकी लिमिट दो करोड़ थी। इस खाते में हर माह लगभग एक करोड़ रुपये आते और दो-तीन दिन के भीतर ही रकम निकाल ली जाती। बैंक अधिकारियों को शक हुआ तो उन्होंने इसकी पुलिस से शिकायत की। बैंक प्रबंधक की तहरीर पर पुलिस ने आईटी एक्ट में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। शिवम से पूछताछ हुई तो गेमिंग ऐप से जालसाजी सामने आई। पता लगा कि नाम पता छिपाकर उक्त खाते को ऑनलाइन गेमिंग ऐप वाइनेंस से रुपया इंवेस्ट कराया जा रहा है। इसके लिए लोगों को टेलीग्राम ग्रुप से जोड़ा जाता और फिर रुपयों को क्रिप्टो करेंसी में इंवेस्ट कराया जाता। शिवम के खाते की और जांच की गई तो रिहान पुत्र साबिर निवासी रम्पुरा माफी भोजीपुरा बरेली उत्तर प्रदेश, शाकिर खान पुत्र साबिर निवासी रम्पुरा माफी भोजीपुरा बरेली उत्तर प्रदेश और संदीप पंवार पुत्र स्व. हरदेव पंवार निवासी एफसीआई गोदाम के पीछे चन्देरिया चित्तौडगढ़ राजस्थान के नाम सामने आए। तीनों अपनी पहचान छिपाकर शिवम के खाते से ऐप से जालसाजी कर रहे थे। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में पता चला कि तीनों कमीशन के आधार पर जीएसटी खातों का ब्योरा लेते हैं फिर अपना नाम पता छिपाकर इन खातों को ऑनलाइन गेमिंग ऐप, 99 ईसीएच टेलीग्राम ग्रुप बनाकर लगाते हैं। उनसे जो रुपया आता है उसे क्रिप्टो करेंसी में इन्वेस्ट कराते हैं। सीओ नितिन लोहनी ने बताया कि तीनों आरोपियों को 35(3) बीएनएस का नोटिस तामिल कराया गया है। मामले की जांच जारी है।

# मेरी निर्मला...क्रीम पौडरा घिसने किले ने

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** कुमाऊं द्वार महोत्सव के तीसरे दिन गुरुवार को संध्याकालीन सत्र में कुमाऊंनी उत्तराखंडी व्यंजन प्रतियोगिता संपन्न हुई। प्रतियोगिता में पहला, दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त विजेताओं को सम्मानित किया गया। व्यंजन प्रतियोगिता के प्रायोजक हिमाल कैसेट के चंदन सिंह भैसोड़ा थे।

कार्यक्रम में उत्तराखंडी लोक नृत्य का सुंदर प्रदर्शन हुआ जिसमें पिथौरागढ़ के प्रसिद्ध छोलिया दल ने अपनी शानदार प्रस्तुति दी। क्रीम पौडरा, हिमूली, जय-जय हो बद्रीनाथ के साथ जन जागृति कला मंच बिंदुखत्ता के कमल मेहरा और राकेश खनवाल ने अपने गानों से लोगों का दिल जीता।

राकेश खनवाल ने चौखुटिया मासी बाजार, अंग्रेजी मैडम, क्रीम पौडरा, हिमुली पहाड़ों की लाली गाकर संगीतमय माहौल बना दिया। राकेश पनेरु ने पतलोट की सुनीता, है भौजी रंगीली आदि गीत गाकर वाह -वाही लूटी। पिथौरागढ़ से आई हुई भावना डांसर ने सुंदर नृत्य प्रस्तुति दी। आयोजन संयोजक गोविंद दिगारी और खुशी जोशी दिगारी ने दर्शकों की भारी संख्या से उत्साहित होकर उनके प्रति धन्यवाद और कलाकारों के प्रयासों की सहाराना की।


एमबी इंटर कॉलेज मैदान में कुमाऊं द्वार महोत्सव में प्रस्तुति देते लोक कलाकार। ● अमृत विचार



### नए पाठ्यक्रमों को लेकर यूजीसी व आरसीआई अधिकारियों से मिले कुलपति

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय (यूओयू) में विशिष्ट शिक्षा में स्नात्तकोत्तर डिग्री एमएड और सांकेतिक भाषा में प्रमाणपत्र कार्यक्रम शुरू करने की मांग को लेकर यूओयू के कुलपति प्रो. ओपीएस नेगी गुरुवार को पहले भारतीय पुनर्वास परिषद के चेयरमेन प्रो. सरणजीत कौर से मिले।

मुलाकात के बाद कुलपति को पाठ्यक्रम जल्दी शुरू करने की मान्यता का आश्वासन मिला। इसके बाद विश्वविद्यालय को 12 'बी' लाने और विश्वविद्यालय के यूजीसी में लंबित प्रकरणों को लेकर कुलपति ने यूजीसी, डेब (दूरस्थ शिक्षा ब्यूरो) के नवनियुक्त सयुंक्त सचिव डॉ. मधुकर मारुती से मुलाकात की और उन्हें कार्यभार ग्रहण करने पर बधाई भी दी।

सयुंक्त सचिव ने भी कुलपति को आश्वासन दिया कि यूजीसी में विश्वविद्यालय के सभी लंबित प्रकरणों का शीघ्र समाधान किया जायेगा और 12 'बी' के लिए यूजीसी की टीम शीघ्र विश्वविद्यालय में भेजी जाएगी। इस मौके पर विश्वविद्यालय के विशिष्ट शिक्षा के सहायक प्राध्यापक सिद्धार्थ पोखरियाल भी मौजूद रहे।

**नहीं सुधर रहे हालात** | नगर निगम ने फिर किया ट्रंचिंग ग्राउंड की टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद कूड़ा निस्तारण का दावा

# फिर सुलग रहा ट्रंचिंग ग्राउंड, जहरीले धुएं से सांस लेना दूभर

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** गौला पुल के पास बाईपास रोड स्थित नगर निगम का ट्रंचिंग ग्राउंड एक बार फिर सुलगने लगा है। पिछले कई दिनों से ट्रंचिंग ग्राउंड में कूड़े के ढेर में आग लगने से आसपास जहरीला धुआं फैल रहा है जिससे स्थानीय लोगों के साथ ही हाईवे से गुजरने वाले राहगीरों को सांस लेने में दिक्कत हो रही है।

अराजक तत्वों के आग लगाए जाने के कारण उठ रहे जहरीले धुएं से बनभूलपुरा, इंदिरा नगर और उत्तर गौजाजाली के साथ ही गौलापार के लोगों को भी परेशानी हो रही है। इससे पूर्व में भी ट्रंचिंग ग्राउंड में आग लगने से कई दिनों तक जहरीले धुंए ने लोगों की मुसीबतें बढ़ाई थी। नगर निगम की ओर से कूड़े का निस्तारण नहीं किये जाने और कूड़ा सुलगने से उठ रहे धुंए के कारण स्थानीय लोगों को अस्थमा, टीबी और अन्य श्वास संबंधी दिक्कतें हो रही हैं। ट्रंचिंग ग्राउंड की आग को शीघ्र नहीं बुझाया गया तो आने वाले दिनों में लोगों को और परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। स्थानीय लोगों ने नगर निगम से शीघ्र ट्रंचिंग ग्राउंड की आग को बुझाने की अपील की है ताकि उन्हें सांस लेने में दिक्कत न हो।

इधर, नगर-निगम ने एक बार फिर से लीगेसी वेस्ट प्लांट के लिए लगभग 5 करोड़ रुपये का टेंडर जारी किया है। शीघ्र ही टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद कूड़े का निस्तारण शुरू होने की उम्मीद है। पूर्व में भी नगर निगम ने टेंडर निकाला था लेकिन बाद में इसे किसी वजह से निरस्त कर दिया गया था।


गौला बाईपास के किनारे ट्रंचिंग ग्राउंड में कूड़े में आग लगने के बाद उठता धुआं। ● अमृत विचार

### सीसीटीवी कैमरों से निगरानी व कार्रवाई का किया था दावा

नगर निगम ने पूर्व में ट्रंचिंग ग्राउंड में सीसीटीवी कैमरे लगाकर कूड़े में आग लगाने वाले अराजक तत्वों पर निगरानी और उनके विरुद्ध कार्रवाई का दावा किया था लेकिन वर्तमान में इन सीसीटीवी कैमरों का कुछ अता-पता नहीं है। अराजक तत्व कूड़े में आग लगा रहे हैं जिस पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

> ट्रंचिंग ग्राउंड में लगी आग को दमकल की मदद से बुझाया जा रहा है। साथ ही जेसीबी और पोकलैंड का उपयोग भी किया जा रहा है। अराजक तत्व आग लगाते हैं और बिजली के तार को काट देते हैं जिस कारण सीसीटीवी कैमरे भी काम नहीं करते हैं। टेंडर अपलोड किया गया है जो 14 दिन बाद खुलेगा। - विशाल मिश्रा, मुख्य नगर आयुक्त, नगर निगम हल्द्वानी

# निर्मला कॉन्वेंट ने बीयरशिवा को हरा कर जीता क्रिकेट टूर्नामेंट

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** कोल्ट्स क्रिकेट एकेडमी के मैदान में अंडर-14 इंटर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल हुआ। बीयरशिवा स्कूल को हराकर निर्मला कॉन्वेंट स्कूल ने 10 विकेट से एकतरफा मैच जीत लिया।

गुरुवार को बीयरशिवा स्कूल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 25 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 148 रन बनाए। टीम के लिये वंश रावत ने 8 चौके की मदद से 65 रन, रितेश ने 15 रन का योगदान दिया। निर्मला कॉन्वेंट टीम के लिए अक्षत नेगी ने तीन विकेट लिये। जवाब में खेलने उतरी निर्मला की टीम ने 22 ओवर में बिना विकेट गंवाए लक्ष्य को पूरा कर मैच को 10 विकेट से जीत लिया। टीम के लिये सलामी बल्लेबाजों की जोड़ी चंदरभान सांगुड़ी ने सात चौके और एक छक्के की मदद से 59 रन और हार्दिक राज सिंह बिष्ट ने 13 चौके की मदद से 86 रन की शानदार पारी खेली। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार हार्दिक को मिला। मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार वंश रावत ने जीता। सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षण हर्ष बचखेती ने किया। मैच के अंपायर रवि कुमार और प्रिंस रहे जबकि स्कोरिंग सौम्या ने की। इस दौरान भाजपा नेता प्रमोद तोलिया, दीपक मेहरा, आनंद बिष्ट, कमल पपनै, हर्ष गोयल, लीला कांडपाल, जगमोहन बगडवाल, किशन अनेरिया, सुनील साह, विजय कुकसाल रहे।


बीयरशिवा टीम के साथ मौजूद अतिथि व अन्य। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप



जसपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करते स्वास्थ्य निदेशक।

### स्वास्थ्य निदेशक ने किया जसपुर अस्पताल का निरीक्षण

**जसपुर :** स्वास्थ्य निदेशक डॉ. एनएस गुन्ज्याल ने जसपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल में सभी बेड फुल थे। अस्पताल की व्यवस्था सही पाई गई। अस्पताल में हो रहे काम और साफ सफाई को देखकर निदेशक ने चिकित्साधीक्षक एवं स्टाफ की सराहना की। क्षेत्रवासियों ने अस्पताल में स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की नियुक्ति करने की मांग की। निदेशक ने अस्पताल को अपग्रेड कर 50 बेड करने की जनता की मांग शीघ्र पूरी करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर डॉ. धीरेंद्र मोहन गहलोत, डॉ. आशु सिंघल, डॉ. विनय, एबी भट्ट, राहुल, मंदीप, गजाला, राकेश कुमार, जसवंत सिंह आदि मौजूद रहे।

### महिला ने ससुर पर लगाया दुष्कर्म के प्रयास का आरोप

**काशीपुर :** एक महिला ने अपने ससुर पर दुष्कर्म का प्रयास करने का आरोप लगाया है। वहीं पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। काशीपुर निवासी एक महिला ने एसएसपी को एक शिकायती पत्र भेजा। जिसमें महिला ने बताया कि वर्ष 2009 में उसकी शादी हुई थी। शादी के कुछ समय बाद से ही पति शराब पीकर उसके साथ मारपीट करता था। जिसके बाद पति ने दहेज में आया सारा सामान भी बेच दिया। आरोप लगाया कि 20 मई 2024 को जब वह घर पर अकेली थी, तभी उसके ससुर ने पीड़िता के साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया। जिसके बाद पीड़िता ने बमुश्किल आरोपी के कब्जे से बचकर भाग गई। आरोप लगाया कि बाद में पति व देवर को आपबीती बताने पर पति व देवर ने पीड़िता के साथ मारपीट की। आरोप लगाया कि 29 मई को ससुर ने पीड़िता के साथ एक बार फिर दुष्कर्म करने का प्रयास किया। जिसके बाद पीड़िता मामले में कार्रवाई को लेकर बांसफोड़ान चौकी में पहुंची, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। जिसके बाद एसएसपी के निर्देश पर पुलिस ने महिला के पति, ससुर और देवर के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई की है। साथ ही मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पड़ोसी ने किया युवती से दुष्कर्म का प्रयास

**काशीपुर :** आईटीआई थाना क्षेत्र की एक युवती ने पड़ोस में रहने वाले एक युवक पर रास्ता रोककर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। साथ ही पीड़िता ने घर में घुसकर आरोपी पर दुष्कर्म का प्रयास व जातिसूचक शब्द कहने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। वहीं पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। बीते दिन आईटीआई थाना पुलिस को दी तहरीर में आईटीआई क्षेत्र निवासी एक युवती ने बताया कि उसके पड़ोस में रहने वाला शिवम यादव उसके साथ रास्ते में आते जाते छेड़छाड़ करता है। आरोप लगाया कि छह मार्च 2024 को आरोपी ने पीड़िता के घर में घुसकर उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। नाकाम होने पर आरोपी पीड़िता को जाति सूचक शब्द कहकर फरार हो गया। वहीं पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### नाबालिग के साथ दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**रुद्रपुर :** घर के सामने खेल रही नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है। विगत दिनों थाना ट्रांजिट कैंप के एक व्यक्ति ने मुकदमा दर्ज करवाया था कि उसकी 15 वर्षीय बेटी घर के बाहर खेल रही थी। इस बीच चटिया पोखरनी देवरनिया व हाल निवासी दक्ष चौक फुलसूंगा के रहने वाले विशाल रस्तोगी ने जबरन नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। 16 अक्टूबर को मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी विशाल को किच्छा बाईपास स्थित भूखंड के समीप से गिरफ्तार कर लिया और आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।



विजयी खिलाड़ियों को मेडल व प्रमाणपत्र प्रदान करते चेयरमैन सुरेंद्र सिंह काहलो।

### राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता का समापन

**बाजपुर :** ज्ञानदीप ग्लोबल स्कूल दोराहा बाजपुर में जारी दो दिवसीय 9वीं उत्तराखंड राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता का गुरुवार को समापन हो गया। विजेताओं को विद्यालय के चेयरमैन सुरेंद्र सिंह काहलो व संस्था अध्यक्ष पारस सिंह ने मेडल एवं प्रमाण पत्र वितरित किए। उत्तराखंड स्पोर्ट्स एसोसिएशन की ओर से हुई इस खेल प्रतियोगिता में आठ जनपदों के करीब 800 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। फाइनल मैचों में फुटबाल अंडर-14 में देहरादून व ऊधम सिंह नगर के बीच मुकाबला हुआ जिसमें देहरादून 3-1 से विजयी रहा। फुटबाल अंडर-17 में नैनीताल व देहरादून में मैच खेला गया जिसमें नैनीताल मदर्स ग्लोरी विजयी रहा। वालीबाल अंडर-14 में देहरादून व नैनीताल में देहरादून विजयी रहा हुआ। इस मौके पर विद्यालय डायरेक्टर राजिंदर कौर काहलो, प्रधानाचार्य भुवन कांडपाल, संस्था अध्यक्ष पारस सिंह, सचिव हरीश रावत, सौरभ चौहान, अजय बोरा, मनोज राजहंस, उत्कर्ष सिंह, अबुजर आदि मौजूद रहे।





महर्षि वाल्मीकि की शोभायात्रा में शामिल विधायक शिव अरोरा व अन्य। ● अमृत विचार



पंतनगर में शोभायात्रा निकालते लोग। ● अमृत विचार

# जिले भर में धूमधाम से मनाई गई वाल्मीकि जयंती

## रुद्रपुर के नगर निगम परिसर और वाल्मीकि मंदिर में की गई पूजा अर्चना, समाज के लोगों ने उनके आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** रामायण के रचयिता भगवान वाल्मीकि की जयंती पर देवभूमि सफाई कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों की ओर से नगर निगम परिसर और महर्षि वाल्मीकि मंदिर रम्पुरा में कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह और नगर आयुक्त नरेश चंद्र दुर्गापाल हवन-पूजन में शामिल हुए और पूजा अर्चना कर शहर की सुख-समृद्धि की कामना की।

गुरुवार को कार्यक्रम के दौरान निवर्तमान मेयर ने कहा कि भगवान वाल्मीकि प्रकटोत्सव पर हम सभी को उनके जीवन और कार्यों से प्रेरणा लेनी चाहिए। वह आदि कवि थे। उनकी रचना ने भगवान राम के जीवन और उनके संदेश को पूरी दुनिया तक पहुंचाया। उनका जीवन समस्त मानव जाति को यही शिक्षा देता है कि मनुष्य के जीवन में कितनी भी कठिनाइयां क्यों न हों। यदि वह चाहे तो अपनी हिम्मत, हौंसले और मानसिक शक्ति के बल पर तमाम बाधाओं को पार कर सकता है।

इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता विपिन शर्मा बिट्टू, देवभूमि सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष मुकेश राजोरिया, सुनील कुमार, सोनू मुल्तानी, बिट्टू वाल्मीकि, राजपाल सिंह, मनोज कुमार लक्ष्मण चौहान, आसाराम, अरविंद कुमार, अनिल कुमार आदि उपस्थित रहे।

भगवान वाल्मीकि की जयंती पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के नेतृत्व में विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों ने नगर निगम स्थित महर्षि वाल्मीकि की मूर्ति पर पूजा अर्चना की और माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक ठुकराल ने कहा कि रामायण की रचना करने वाले महर्षि वाल्मीकि के विचार आज भी प्रासंगिक है। इस अवसर पर पंडित अनिल कुमार, मुकेश राजौरिया, सुरेश मुलतानी, सुनील, आनंद शर्मा, राजपाल, संदीप, सूरज, अरविंद, अनिल, कबीर पंत, नत्थू लाल, परमेश्वरी लाल, संत अमर दास, संत पृथ्वी दास, रतन दास, चरनदास, त्रिलोक दास आदि मौजूद रहे।



भगवान वाल्मीकि की पूजा अर्चना करते निवर्तमान मेयर व अन्य। ● अमृत विचार



भगवान वाल्मीकि की पूजा अर्चना करते पूर्व विधायक व अन्य। ● अमृत विचार

### प्रकटोत्सव पर निकली भव्य शोभायात्रा

**रुद्रपुर :** महर्षि वाल्मीकि भगवान के प्रकटोत्सव पर वाल्मीकि समाज की ओर से शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली। यह शोभायात्रा गांधी पार्क से निकाली गयी। इसका शुभारंभ विधायक शिव अरोरा ने फीता काटकर किया। इससे पूर्व उन्होंने भूतबंगला में वाल्मीकि भगवान की शोभायात्रा का फीता काटकर शुभारंभ किया। इससे पूर्व अखिल भारतीय वाल्मीकि समाज विकास परिषद के पदाधिकारियों ने विधायक अरोरा पगड़ी व बड़ी माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष धीरेंद्र मिश्रा, पूर्व मेयर रामपाल, पूर्व चेयरमेन मीना शर्मा, पूर्व पार्षद मोहन खेड़ा, मुकेश राजोरिया, अमन वैध, शालनी बोरा, आयुष चिलाना, सुनील यादव, राजेश जग्गा, सुनील वाल्मीकि, विधान राय, विक्की वाल्मीकि, बिट्टू शर्मा, प्रेम वाल्मीकि, रामबाबू आदि मौजूद रहे।





काशीपुर में महर्षि वाल्मीकि की जयंती मनाते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

### अधिवक्ताओं ने धूमधाम से मनाई वाल्मीकि जयंती

**काशीपुर।** काशीपुर बार एसोसिएशन ने आदिकवि महर्षि वाल्मीकि की जयंती धूमधाम से मनाई। इस दौरान बार भवन में एक कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें अधिवक्ताओं ने अपने विचार रखे,और आदिकवि महर्षि वाल्मीकि के विचारों को अपनाने का संकल्प लिया। इस दौरान कार्यक्रम में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अवधेश कुमार चौबे, उपाध्यक्ष अनूप शर्मा, सचिव नृपेंद्र कुमार चौधरी, सूरज कुमार, सौरभ शर्मा, अमित कुमार गुप्ता, अविनाश कुमार, नरदेव सैनी, उमेश जोशी, कश्मीर सिंह, इन्दर सिंह, अनिल शर्मा समेत कई लोग मौजूद रहे।

### जसपुर में परंपरागत रूप में मनाई गई जयंती

**जसपुर :** वाल्मीकि जयंती पर लोगों ने अपने घरों व मंदिरों में पूजा-अर्चना कर प्रसाद वितरण किया। मोहल्ला वाल्मीकि बस्ती में समाज के लोगों ने भगवान महर्षि वाल्मीकि को याद किया। इस अवसर पर चौधरी ब्रज किशोर, पूर्व सभासद रामकुमार, कैलाश चंद, चंद्र प्रकाश, महेंद्र सिंह राही, बालकिशन, रविकेस, राकेश पवार आदि मौजूद रहे।

### पंतनगर में प्रकट दिवस पर शोभायात्रा निकाली

**पंतनगर :** महर्षि वाल्मीकि के प्रकट दिवस पर बृहस्पतिवार को मस्जिद कॉलोनी स्थित भारत ग्राम वाल्मीकि मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई। इसमें समाज के सभी वर्गों ने बढ़-चढ़कर सहयोग किया। क्षेत्रीय विधायक तिलकराज बेहड़ ने लालबाग सेंटर के मंदिर में भगवान वाल्मीकि के चरण स्पर्श कर समस्त समाज को प्रेरणा दी। साथ ही पंतनगर विवि के अधिकारियों व कर्मचारियों ने इस शोभायात्रा में शामिल होकर प्रकट दिवस को यादगार बना दिया। शोभायात्रा फूलबाग, चकफेरी, झा कालोनी, टा कालोनी व बेनी आदि आवासीय कालोनी होते हुए वापस र्कािक्रम स्थल पर समाप्त हुई। इस दौरान अश्वमेघ यज्ञ के घोड़े को बंदी बनाकर शोभायात्रा में चल रहे लव कुश के वेश में बाल कलाकारों ने सभी का मन मोह लिया। इस मौके पर वाल्मीकि मंदिर कमेटी भारत ग्राम के अध्यक्ष सुनील कुमार, महामंत्री सचिन, संरक्षक राजपाल सिंह सहित पूरी कार्यकारिणी, राकेश कुमार, महेंद्र कुमार, राजेंद्र चंडालिया, विनोद कुमार मौजूद रहे।

### किच्छा में किया भंडारा

**किच्छा :** वाल्मीकि धर्म सभा के तत्वावधान में भगवान वाल्मीकि के प्रकट उत्सव पर आवास विकास स्थित महर्षि वाल्मीकि की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। इसके बाद नगर के राजीव गांधी कम्युनिटी हॉल में वाल्मीकि धर्म सभा के बैनर तले विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजक नितिन चरण वाल्मीकि के नेतृत्व में तमाम गणमान्य लोगों ने कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर नितिन चरण वाल्मीकि, वरिष्ठ समाजसेवी संजीव कुमार सिंह, धर्मराज जायसवाल, प्रियंका वाल्मीकि, संदीप अरोड़ा, कल्लू चरण, संजीव खन्ना, श्याम बाबू मौजूद रहे।



किच्छा में आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते लोग। ● अमृत विचार

# डेढ़ किलोमीटर सड़क के पुनर्निर्माण का शुभारंभ

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार:** लालपुर क्षेत्र में विधायक तिलक राज बेहड़ ने डेढ़ किलोमीटर सड़क के पुनर्निर्माण एवं चौड़ीकरण कार्य का विधिवत पूजा अर्चना करने के बाद शुभारंभ किया। ग्रामीणों ने ढोल नगाड़ों के बीच आतिशबाजी करते हुए खुशी का इजहार किया।

विधायक बेहड़ ने कहा कि लालपुर - महाराजपुर सड़क पिछले कई सालों से जर्जर अवस्था में थी तथा हजारों ग्रामीणों को क्षतिग्रस्त सड़क के कारण खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। उन्होंने कहा कि नवनिर्माण राज्य योजना के तहत टी.डब्ल्यू.टी. की आधुनिक तकनीक से करीब 2 करोड़ 8 लाख रुपए की लागत से इस सड़क का निर्माण किया जाएगा। उत्तराखंड में टी.डब्ल्यू.टी. की आधुनिक तकनीक से उत्तराखंड के देहरादून में आईएसबीटी में मात्र एक सड़क का निर्माण हुआ है जबकि दूसरी सड़क बनने का यह सौभाग्य लालपुर क्षेत्र को मिला है। ग्राम वासियों ने विधायक बेहड़ का शॉल ओढ़ाकर एवं पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर ग्राम प्रधान शिखा रानी, क्षेत्र पंचायत सदस्य मेघा ठुकराल, पूर्व प्रधान गुरदास कालरा, राजेश प्रताप सिंह, सुनीता कश्यप, गुड्डू तिवारी, परविंदर सिंह पम्मी, राजकुमार चिलाना, रवि चावला, विनोद ठुकराल, सतीश कालरा आदि मौजूद रहे।



किच्छा में सड़क पर गैंती मारकर निर्माण का शुभारंभ करते विधायक बेहड़।

# करंट से मजदूर की मौत परिजनों ने काटा हंगामा

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार:** पुरानी गल्ला मंडी क्षेत्र में करंट लगने से एक मजदूर की मौत हो गई। मजदूर की मौत के बाद परिजनों ने चिकित्सकों पर उपचार में लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया।

नगर के पुरानी गल्ला मंडी निवासी 42 वर्षीय सूरजपाल कोली अचानक करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। घटना की सूचना के बाद परिजनों में हड़कंप मच गया। परिजन उसे इलाज के लिए चिकित्सालय ले गए। जहां चिकित्सकों ने उपचार के बाद सूरजपाल को मृत घोषित कर दिया। सूरजपाल की मौत की सूचना मिलते ही परिजन आक्रोशित हो गए और उन्होंने चिकित्सक पर उपचार में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। घटना की सूचना पर पुलिस टीम भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने परिजनों को बमुश्किल शांत कराया और सूरजपाल के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने पुलिस पर भी बाहरी लोगों से पंचनामा भरवाने का आरोप लगाते हुए हंगामा करना शुरू कर दिया। मृतक मजदूरी करता था। उसकी पत्नी राजवती सहित चार बेटियों और एक बेटे के सिर से सूरज का साया उठने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है।

**महंगाई** | महिलाओं ने करवाचौथ को लेकर की खरीदारी, करवाचौथ पूजन सामग्री 5 से 50 रुपये तक हुई महंगी

# करवाचौथ से पहले रुद्रपुर के मुख्य बाजार में रौनक

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** त्योहारी सीजन आते ही शहर के मुख्य बाजार में भीड़ उमड़नी शुरू हो गयी है। वहीं दो दिन बाद करवाचौथ मनाया जाएगा। इसको लेकर महिलाओं ने बाजार में खरीदारी करनी शुरू कर दी है। इससे बाजार में चहल पहल बढ़ गयी है और व्यापारियों के चेहरों पर भी मुस्कान आने लगी। वहीं इस बार करवाचौथ की सामग्री भी पांच से लेकर 50 रुपये तक महंगी हो गयी है।

कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को महिलाएं करवाचौथ का व्रत रखेंगी। इस बार करवाचौथ 20 अक्टूबर को पड़ रहा है। करवाचौथ पूजन में दो दिन शेष बचे हुए हैं। इसको लेकर महिलाओं में काफी उत्साह नजर आ रहा है। गुरुवार को शहर के मुख्य बाजार में काफी भीड़ नजर आयी। इस दौरान महिलाओं ने काफी खरीददारी की। वहीं करवाचौथ पूजन के लिए सामग्री खरीदने के लिए दुकानों में महिलाओं की काफी भीड़ रही। महिलाओं ने करवा, छलनी, कलेंडर, दीपक, करवा थाली, सीख, साड़ियां, चूड़ी, मेहदीं और श्रृंगार का समान खरीदा। मुख्य बाजार में करवाचौथ की सामग्री बेच रहे ठेला कारोबारी राजकुमार ने बताया कि वे पिछले कई सालों से यह सामग्री बेच रहे हैं। उन्होंने बताया कि महंगाई के इस दौर में हर चीज महंगी होती जा रही है। इसी कारण करवाचौथ पूजन सामग्री में भी 5 से लेकर 50 रुपये तक की वृद्धि हुई है।



मुख्य बाजार में करवाचौथ पूजन की सामग्री खरीदती महिला। ● अमृत विचार

**करवाचौथ पूजन सामग्री के रेट**

| सामग्री | पहले (रुपये में) | अब (रुपये में) |
|---|---|---|
| करवा | 25 | 30 |
| छलनी | 40 | 50 |
| कैलेंडर | 5 | 10-15 |
| करवा थाली | 150 | 200 |
| दीपक | 10 | 20 |
| सीख | 10 | 10-15 |

# समय पर पहचान से कैंसर का इलाज संभव

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** जिला चिकित्सालय में स्तन कैंसर जागरूकता माह के तहत एक दिवसीय कैंसर स्क्रीनिंग और मैमोग्राफी जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह ने किया।

गुरुवार को कार्यक्रम के दौरान निवर्तमान मेयर ने कहा कि महिलाओं को स्तन कैंसर के प्रति जागरूक रहना चाहिए। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत चिकित्सक की सलाह लेनी चाहिए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज कुमार शर्मा ने वर्तमान समय में कैंसर को पैनडेमिक बताया। साथ ही कहा कि समय पर लक्षणों की पहचान कर ली जाए तो कैंसर का इलाज संभव है। मेडिकल कॉलेज के ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. शशांक बंसल ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य आम जनमानस को स्तन कैंसर एवं अन्य कैंसर के प्रारंभिक लक्षणों, जांच और उपचार के प्रति संवेदीकृत किया जाना है। इस अवसर पर जिला अस्पताल के पीएमएस डॉ. केके अग्रवाल, डॉ. एसपी सिंह, डॉ. जुनैद, डॉ. एनके तिवारी, एएनएम दीपा जोशी, संजय रावत आदि मौजूद रहे।



निवर्तमान मेयर का बुके देकर स्वागत करते सीएमओ, पीएमएस व अन्य।

## एक नजर

### 19.26 ग्राम स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार

**खटीमा :** पुलिस ने स्मैक के साथ युवक को गिरफ्तार किया। बुधवार की देर शाम चकरपुर पुलिस चौकी प्रभारी प्रियांशु जोशी टीम के साथ गश्त पर थे। इसी दौरान नंदन्ना से बिगराबाग जाने वाली पुलिया पर एक युवक संदिग्ध हालत में खड़ा दिखाई दिया। युवक पुलिस को देख तेज कदमों से भागने लगा। पुलिस टीम ने पीछा कर युवक को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर युवक के पास 19.26 ग्राम स्मैक बरामद होने पर गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में युवक ने स्वयं को वार्ड संख्या 9 इस्लाम नगर निवासी अफसर अली उर्फ जोंटी बताया। कोतवाल मनोहर सिंह दसौनी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। टीम में एएसआई नाथ सिंह, आरक्षी कमल पाल शामिल रहे।

### न्यूनतम वेतन समेत विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलित हैं श्रमिक, बोले-निस्तारण होने तक जारी रहेगा आंदोलन

# समाधान नहीं निकला तो होगा सामूहिक आमरण अनशन

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** न्यूनतम वेतन, बोनस और स्थायी आदेश कानून बनाने समेत विभिन्न मांगों को लेकर डॉल्फिन कंपनी के श्रमिकों का आंदोलन जारी है। श्रमिकों ने शुक्रवार को जिला स्तरीय कमेटी की मध्यस्थता में होने वाली वार्ता में कोई समाधान नहीं निकलने पर सामूहिक आमरण अनशन शुरू करने का ऐलान किया है।

गुरुवार को गांधी पार्क में धरनारत डॉल्फिन कंपनी के श्रमिकों ने कहा कि वे पिछले कई दिनों से न्यूनतम वेतन कानून, बोनस कानून और स्थायी आदेश कानून सहित अन्य बुनियादी श्रम



गांधी पार्क में धरना देते श्रमिक। ● अमृत विचार

कानूनों, स्थायी मजदूरों को अवैध रूप से ठेके में नियोजित करके उनका भविष्य बर्बाद करने, 50 स्थायी श्रमिकों के पूर्व नोटिस के बिना अवैध गेटबंदी के खिलाफ आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन उनकी जायज मांगों की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि विगत दिवस एडीएम ने उन्हें शुक्रवार को जिला स्तरीय कमेटी की मध्यस्थता में वार्ता कर समाधान निकालने का आश्वासन दिया है। उम्मीद है कि इस वार्ता में उनकी समस्या का समाधान हो जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि ऐसा नहीं हुआ सभी श्रमिक सामूहिक आमरण अनशन शुरू करने को बाध्य होंगे। इस अवसर पर प्रीति देवी, ममता, रचना देवी, कृष्णा देवी, आकाश, शीतल, कमलेश, नन्ही देवी, पिंकी, राजकुमारी, विमला देवी, सिमरन, सीमा, शाजमीन, लक्ष्मी समेत कई श्रमिक मौजूद रहे।

# कोतवाली में तैनात होमगार्ड की मौत

संवाददाता, रुद्रपुर

**▸▸ बुधवार रात्रि अचानक बिगड़ी थी तबीयत, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा**

**अमृत विचार:** कोतवाली में तैनात होमगार्ड की अचानक तबीयत खराब हो गयी। आनन-फानन में परिजन जिला अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटना की जानकारी ली और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


नारायण राम।

भदईपुरा निवासी 58 वर्षीय होमगार्ड नारायण राम वर्ष 1984 में भर्ती हुए थे और वर्तमान में उनकी तैनाती रुद्रपुर कोतवाली में चल रही थी। बताया जा रहा है कि बुधवार को ड्यूटी से लौटने के बाद होमगार्ड ने पूजा की और खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने चले गए। थोड़ी देर बाद अचानक उनकी तबीयत खराब होने लगी तो परिजन आनन-फानन में जिला अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटना की जानकारी ली और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गुरुवार की सुबह विभागीय अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर परिवार को ढांढस बंधाया। बताया जा रहा है कि मृतक होमगार्ड के तीन बेटे हैं। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

# बाजपुर में प्राइवेट माइनिंग कंपनी के विरोध में उतरे हजारों लोग

### नारेबाजी एवं प्रदर्शन करते हुए नगर में जुलूस निकाला, 25 अक्टूबर से आरपार की लड़ाई का ऐलान, सात सूत्रीय मांगों को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



बाजपुर में जुलूस निकालकर एसडीएम दफ्तर की ओर कूच करते खनन कारोबार से जुड़े लोग। ● अमृत विचार


मंडी समिति परिसर में सभा को संबोधित करते कुलविंदर सिंह किंदा। ● अमृत विचार

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** प्राइवेट माइनिंग कंपनी हटाओ उत्तराखंड बचाओ नारे के साथ बाजपुर में जन सैलाब सड़कों पर उतर आया। उन्होंने कंपनी के विरुद्ध जोरदार नारेबाजी एवं प्रदर्शन करते हुए नगर में जुलूस निकाला। साथ ही मुख्यमंत्री को सात सूत्रीय मांगपत्र प्रेषित करते हुए 25 अक्टूबर से आरपार की लड़ाई का ऐलान किया।

गुरुवार को हजारों की संख्या में खनन कारोबार से जुड़े ट्रांसपोर्टर, श्रमिक एवं कारोबारी कृषि उत्पादन मंडी समिति में एकत्र हुए, जहां

**आक्रोश**

**▸▸ रॉयल्टी का शुल्क कम करने की भी मांग रखी**

से जुलूस की शक्ल में नारेबाजी करते हुए मंडी रोड, मुख्यमार्ग, भगत सिंह चौक, बेरिया रोड स्थित एसडीएम दफ्तर जा पहुंचे और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम राकेश चंद्र तिवारी को सौंपा। ज्ञापन में किसान के खेत की मिट्टी को प्राइवेट माइनिंग कंपनी से मुक्त करवाने एवं अनुमति की रॉयल्टी का शुल्क कम कर पूर्व की भांति 8 रुपये प्रति घनमीटर करने, मिट्टी की अनुमति 100 से 500 घनमीटर तक पूर्व की भांति पूर्व की भांति तहसील स्तर पर उपजिलाधिकारी की ओर से जारी करने, किसान के खेत की मिट्टी पड़ोसी राज्य उत्तर-प्रदेश से उत्तराखंड लाने पर कोई शुल्क व रोक नहीं लगाने, उपजिलाधिकारी से जारी किसान के खेत की मिट्टी की अनुमति के बाद परिवहन करने प्राइवेट माइनिंग कंपनी का कोई हस्तक्षेप न रहे एवं कंपनी की ओर से आरबीएम पर कोई रोक न लगाने तथा कंपनी के कर्मचारी अपने चेकपोस्ट पर ही रेता-बजरी पक्के माल की रायल्टी चेक करने की मांग की गई है।

इस मौके पर गुरुद्वारा सिंह सभा बाजपुर के अध्यक्ष कुलविंदर सिंह किंदा, भाकियू के प्रदेशाध्यक्ष कर्म सिंह पड्डा, भूमि बचाओ मुहिम के संयोजक जगतार सिंह बाजवा, जनकवि बल्ली सिंह चीमा, किसान नेता विक्की रंधावा, रजनीत सिंह सोनू, हरप्रीत सिंह निज्जर, नवदीप सिंह कंग, मंगा सिंह, सतनाम सिंह, सुलक्खन सिंह, बब्बर सिंह बल, जसजीत सिंह ढिल्लो, निर्मल सिंह, किंदा दियोल, रक्षपाल सिंह टीटू, राजू छीना, मंदीप ढिल्लो आदि मौजूद रहे।

### भाजपा-कांग्रेस के खिलाफ भड़ास निकाली

**बाजपुर :** गुरुवार को मंडी समिति परिसर में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए पूर्व जिला पंचायत सदस्य कुलविंदर सिंह किंदा ने कहा कि हमें इस बात का दुख है कि कांग्रेस व बीजेपी किसी भी दल के जिम्मेदार लोग माइनिंग कंपनी के उत्पीड़न के खिलाफ आवाज नहीं उठा रहे हैं, जोकि समाज के प्रति इनकी निष्क्रियता को प्रदर्शित करता है। हम किसी भी कीमत पर उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि अभी हम शांति पूर्वक शासन–प्रशासन के समक्ष अपनी बात रख रहे हैं। माइनिंग कंपनी को नहीं हटाया जाता है तो 25 अक्टूबर के बाद जन आंदोलन की शुरुआत कर दी जाएगी। घर की मिट्टी हम उठा नहीं सकते, ऐसी गुंडागर्दी तो कभी देखी नहीं। उन्होंने कहा कि यह मामला किसी राजनीति दल से नहीं जुड़ा है। इसके लिए मुझे बीजेपी–कांग्रेस किसी भी नेता के घर जाना पड़ा तो जाऊंगा। सभा को किसान नेता जगतार सिंह बाजवा, विक्की रंधावा सहित और भी कई लोगों ने संबोधित किया। इस मौके पर दारा दिलेर सिंह रंधावा, राजकिशोर, अभीजीत ठाकुर, विशाल शाह, बृजेश यादव, लवली, गुड्डू, यूसुफ, मनोज जोशी, रंजन पांडेय, कामरान, निजाम अली, निहाल, बबलू यादव, उस्मान शेख, जीशान, आसिफ, मनप्रीत सिंह मन्नू, इरफान, तकमीर हाफिज, नौशाद आदि मौजूद रहे।

**आंदोलन को मिला समर्थन :** माइनिंग कंपनी का विरोध करने के लिए अनाज मंडी में एकत्र हुए खनन कारोबार से जुड़े ट्रांसपोर्टरों के इस आंदोलन को समर्थन देने के लिए तहसील में चल रहे भूमि बचाओ सत्याग्रह आंदोलन को चला रहे जिम्मेदार किसान, मजदूर व व्यापारी भी मंडी परिसर में पहुंच गए और अपना पूर्ण समर्थन दिया गया।

### चप्पे-चप्पे पर तैनात रही पुलिस और पीएसी

**बाजपुर :** माइनिंग कंपनी के विरोध में उतरे खनन कारोबारियों के आंदोलन को देखते हुए बाजपुर शहर में अनाज मंडी से लेकर एसडीएम दफ्तर तक चप्पे–चप्पे पर पुलिस व पीएसी को तैनात किया गया। सुबह के वक्त कोतवाली में अधिकारियों ने पुलिस कर्मचारियों को ब्रिफिंग कर उन्हें जिम्मेदारी व मुस्तैदी से काम करने के निर्देश दिए गए। एसपी काशीपुर अभय प्रताप सिंह स्वयं कोतवाली में बैठे रहे। सीओ अन्नराम आर्य, कोतवाल नरेश चौहान, एसएसआई विनोद सिंह फर्त्याल की अगुवाई में सुरक्षा व्यवस्था को चौक–चौबंद किया गया। वहीं थाना आइटीआई प्रभारी इंस्पेक्टर प्रवीण सिंह कोश्यारी, काशीपुर कोतवाल विक्रम राठौर, केलाखेड़ा थाना प्रभारी अशोक कुमार के साथ ही आसपास के थाना–चौकियों के उपनिरीक्षक, पुलिस एवं पीएसी को बाजपुर बुलाया गया।

### आंदोलनकारियों ने ड्रोन से की वीडियोग्राफी

**बाजपुर :** विरोध–प्रदर्शन एवं जुलूस के दौरान प्रत्येक गतिविधि पर पैनी नजर रखने के लिए आंदोलनकारियों ने स्वयं ही ड्रोन कैमरे का प्रयोग किया गया। अनाज मंडी परिसर से लेकर एसडीएम दफ्तर तक ड्रोन के जरिये वीडियोग्राफी करवाई गई। जुलूस की अगुवाई कर रहे कुलविंदर सिंह किंदा ने सभी से शालीनता पूर्वक जुलूस में शामिल होने की अपील की थी और इसका असर देखने को भी मिला।

# प्रीपेड मीटर के विरोध में ईई को घेरा

**आक्रोश**

**▸▸ विधायक आदेश चौहान के नेतृत्व में कांग्रेसी लामबंद**

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार:** प्रीपेड मीटर के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एकत्र होकर विधायक आदेश चौहान के नेतृत्व में अधिशासी अभियंता बीके सक्सेना का घेराव किया।

विधायक ने कहा कि जसपुर विधानसभा क्षेत्र में प्रीपेड मीटर न लगाए जाएं। उत्तराखंड ऊर्जा प्रदेश है। उपभोक्ताओं को यहां बिजली सस्ती मिलनी चाहिए। सरकार बड़े उद्योगपतियों को लाभ देने के लिए प्रीपेड मीटर लगा रही है। यह गरीबों और किसानों पर अत्याचार


जसपुर में अधिशासी अभियंता का घेराव करते विधायक आदेश चौहान व कांग्रेसी।

है। क्षेत्र की जनता इसे बर्दाश्त नहीं करेगी। किसान की फसल 6 महीने में आती है। हर महीने कैसे प्रीपेड मीटर की बिजली खरीद सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रीपेड मीटर की योजना गरीबों और किसानों के विरोध में है। सरकार को इसे तुरंत बंद कर देना चाहिए। अधिशासी अभियंता वीके सक्सेना ने प्रीपेड मीटर के लाभ की जानकारी दी। घेराव करने वालों में गजेंद्र चौहान, सुभाष शर्मा, शैलेंद्र गहलोत, अनीश रूबी, अमित सिंह, आदि शामिल रहे।

# झांसा देकर क्रेडिट कार्ड से निकाले 1.27 लाख

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** आरबीएल कस्टमर केयर का कर्मचारी बताकर एक व्यक्ति के आरबीएल क्रेडिट कार्ड से लाखों रुपये निकाले जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

थाना ट्रांजिट कैंप के फुलसूंगा निवासी सुरेंद्र कुमार ने बताया कि 18 सितंबर को उसके मोबाइल पर एक व्यक्ति की कॉल आयी जो खुद को आरबीएल क्रेडिट कार्ड कस्टमर केयर का कर्मचारी बता रहा था। उन्होंने बताया कि क्रेडिट कार्ड पर 2200 रुपये में स्वास्थ्य बीमा हो रहा है। यदि हेल्थ इंश्योरेंस करने पर लिंक पर क्लिक कर दिया तो थोड़ी देर बाद ही वीडियो कॉल से एक व्यक्ति ने बातचीत की और तीन बार उसके खाते से भुगतान हो गया। इसके अलावा उसके अन्य बैंक खातों के क्रेडिट से भी कई बार भुगतान हुए। जिसके आधार पर उसके आरबीएल क्रेडिट कार्ड से 1.27 लाख रुपये की धनराशि की निकासी हुई। मोबाइल पर मैसेज आने पर जब कॉलर को कॉल किया तो मोबाइल बंद आने लगा। जिसके बाद ही साइबर ठगी का पता चला। शिकायतकर्ता ने साइबर क्राइम थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# कन्फेक्शनरी की दुकान में लगी आग

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** सब्ज़ी मंडी में स्थित एक कन्फेक्शनरी की दुकान में शॉर्ट सर्किट से लगी आग से नकदी सहित दुकान का सामान जलकर राख हो गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने काफी प्रयास के बाद बमुश्किल आग पर काबू पाया।

बुधवार देर रात पुरानी तहसील रोड सब्जी मण्डी के पास स्थित कुमांऊ ब्रेकर्स कन्फेक्शनरी की दुकान में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। बाजार में गश्त कर रही स्थानीय पुलिस की टीम ने दुकान से धुआं उठता देख घटना की सूचना अग्निशमन विभाग को दी। सूचना पर पहुंची अग्निशमन की टीम ने अथक प्रयास के बाद आग


खटीमा में कन्फेक्शनरी की दुकान में लगी आग बुझाते दमकल कर्मी।

पर काबू पाया। इसके बाद आसपास की दुकान भी आग की चपेट में आने से बच गई। अग्निशमन अधिकारी सुभाष जोशी ने बताया कि रात लगभग 1.55 बजे दुकान में आग लगने की सूचना मिली। दुकान स्वामी मोहम्मद आवेश ने बताया कि दुकान में रखे 35 से 40 हजार रुपये की नगदी समेत दुकान का सभी सामान सहित जलकर राख हो गया। दुकान में आग लगने की सूचना पर कोतवाल मनोहर सिंह दसौनी पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पहुंचे और मौका मुआयना कर घटना की जानकारी ली। इस दौरान अग्निशमन टीम में राजेन्द्र सिंह मल, सुंदर सिंह, भवान सिंह, प्रदीप कुमार आदि मौजूद थे।

**सतर्कता** — अग्निकांड की रोकथाम को लेकर चलाया अभियान, सीएफओ की मौजूदगी में की गई मॉकड्रिल

# फायर ब्रिगेड ने मॉक ड्रिल कर व्यापारियों को किया सजग

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** अग्निकांड की बढ़ती घटनाओं की रोकथाम के लिए अग्निशमन विभाग ने शहर के भीड़भाड़ वाले इलाको में मॉक ड्रिल दिखाकर व्यापारियों को सजग किया। उन्होंने कहा कि सजगता ही अग्निकांड को रोक सकती है। इसके लिए सभी को फायर हाइड्रेंट जैसे उपकरण अपने-अपने प्रतिष्ठान में रखने चाहिए।

गुरुवार को मुख्य अग्निशमन अधिकारी ईशान कटारिया के साथ दमकल की टीम विधवानी मार्केट पहुंची। जहां उन्होंने व्यापारियों को एकत्रित कर फायर सुरक्षा उपकरण चलाने का भी प्रशिक्षण



व्यापारियों को आग बुझाने की जानकारी देते दमकल कर्मी। ● अमृत विचार

दिया। उन्होंने कहा कि दीपावली का त्यौहार नजदीक आ चुका है। ऐसे में व्यापारी वर्ग अपने-अपने प्रतिष्ठान में फायर सुरक्षा के उपकरण जरूर रखें और आग लगने पर बिना घबराए उपकरणों का प्रयोग करें। बताया कि अक्सर देखा गया है कि आग लगने के बाद दुकानदार हो या फिर व्यक्ति घबरा जाते हैं और घबराहट भीषण अग्निकांड में बदल जाती है।

उन्होंने व्यापार मंडल से भी व्यापारियों को सजग बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रकाश चंद पांडे, धीरज सिंह, नवल प्रभात, सीमा धामी, नीमा गढ़िया के अलावा पवन गाबा, अमित डाबरा, मनीष गोस्वामी, दीपक तनेजा, प्रांजल गाबा, अंकुर कुमार, सारांश जुनेजा, सुनील जुनेजा, शैंकी कक्कड़, बंटी मुंजाल, मानस जुनेजा, दीपक ग्रोवर, सुरेंद्र कुमार, सतीश कुमार, रोहताश भाटिया आदि मौजूद रहे।

### वन कर्मियों पर हमले के आरोपी पिता-पुत्र दबोचे

**नानकमत्ता:** छापेमारी की दौरान वन टीम पर हमला करने वाले नामजद पांच तस्करों में से पुलिस ने आरोपी पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर लिया है।

15 अक्टूबर की रात्रि वन विभाग की टीम ने कैथुलिया निवासी अमरीक सिंह के घर पर खैर की लकड़ी होने की सूचना पर छापेमारी की थी। इस दौरान वन विभाग की टीम पर अमरीक सिंह व उसके पुत्र चरनजीत सिंह ने साथियों के साथ हमला कर फायरिंग की थी। इस दौरान एक वन कर्मी जितेन्द्र सिंह गोली लगने से घायल हो गया था। पुलिस ने वन आरक्षी भूपाल सिंह की तहरीर पर पांच वन तस्करों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था, जिसमें पुलिस ने दो आरोपी पिता अमरीक सिंह व पुत्र चरनजीत सिंह को गिरफ्तार कर लिया है।

# पत्नी से विवाद, पति को पीटने आए ससुराली

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** थाना ट्रांजिट कैंप में पति-पत्नी के विवाद में ससुरालियों द्वारा हस्तक्षेप करने का मामला सामने आया है। आरोप था कि युवक के ससुराली अपने ही दामाद को मारने के लिए ढूंढने लगे और जब वह नहीं मिला तो घर में घुसकर उसकी बहन को ही परिवार सहित जान से मारने की धमकी देने लगे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शिमला बहादुर निवासी वंशिका ने बताया कि उसकी भाभी करिश्मा घर में आए दिन विवाद करती थी। उसका भाई नरेंद्र सिंह उसे दो माह पहले अपने साथ सिडकुल ढाल में जाकर रहने लगा। उन्होंने बताया कि 11 अक्टूबर को भाई-भाभी में आपस में विवाद हुआ तो भाभी ने अपने भाई सुदेश, पिता नेत्रपाल सीकरी बहेड़ी बरेली व सतीश कृष्णा कॉलोनी को बुला लिया। घर में जब भाई नहीं मिला तो सभी आरोपी रात्रि साढ़े 11 बजे जबरन घर में घुसे और उसको धमकाने लगे। साथ ही भाई की खोजबीन करने लगे। आरोप था कि भाई के ससुराल पक्ष के लोग बार-बार भाई सहित परिवार की हत्या की धमकी दे रहे थे। आरोप था कि यदि उस रात उसका भाई मिल जाता तो शायद उसकी हत्या भी हो सकती थी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अनिर्वेद : श्रियो मूलं लाभस्य च शुभस्य च।
महान् भवत्यनिर्विण्ण : सुखं चानन्त्यमश्नुते ॥

अपने काम में लगे रहनेवाला व्यक्ति सदा सुखी रहता है। धन–संपत्ति से उसका घर भरा –पूरा रहता है। ऐसा व्यक्ति यश –मान –सम्मान पाता है।

## संपादकीय

# कथनी-करनी का अंतर

कनाडा के साथ मौजूदा कूटनीतिक विवाद ट्रूडो सरकार के निराधार आरोपों के कारण उत्पन्न हुआ है। गुरुवार को भारतीय अधिकारियों ने अपने राजनयिकों के खिलाफ झूठे आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि कनाडा ने भारतीय अपराधियों को शरण देने और उन पर कानूनी कार्यवाही के लिए प्रत्यर्पण के अनुरोधों को लटकाकर रखा। कनाडा के प्रधानमंत्री की कथनी और करनी में अंतर है, जो ट्रूडो सरकार के राजनीतिक एजेंडे को प्रतिबिंबित करता है। गौरतलब है कि जून 2023 में खालिस्तान समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। वह भारत में वांछित था। कनाडा पुलिस ने अपने शक का ब्योरा दिया कि भारतीय राजनयिक किसी न किसी तरह एक भारतीय आपराधिक नेटवर्क के साथ संलिप्त थे, जिसे वे इस हत्या के लिए, साथ ही कुछ भारतीय आप्रवासियों को निशाना बनाने के लिए जिम्मेदार मानते हैं। यानी कनाडाई विदेश मंत्रालय ने मामले में भारतीय राजनयिकों पर राजनीतिक दखल अंदाजी का आरोप लगाया। प्रधानमंत्री ट्रूडो ने कहा कि कनाडा की धरती पर किसी नागरिक की हत्या करवाने में विदेशी सरकार का शामिल होना, हमारे देश की संप्रभुता का उल्लंघन है। निज्जर की हत्या मामले में भारत ने कनाडा के आरोपों पर अपनी ओर से स्थिति स्पष्ट कर दी। इसके बावजूद कनाडा ने लगाए आरोपों को लेकर अभी तक कोई सबूत नहीं दिया है। इस मामले में कनाडा को सबूत पेश करने चाहिए थे या फिर राजनयिकों पर आरोप लगाना बंद करते। कनाडा के प्रधानमंत्री के बयानों के बारे में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा भारत 'वन इंडिया' यानी एक भारत की नीति में विश्वास करता है, लेकिन अभी तक भारत ने देश विरोधी तत्वों के खिलाफ जो कार्रवाई का अनुरोध किया है, उस पर कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई।

भारत ने अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर भारतीय राजनयिकों और समुदाय के नेताओं को डराने के लिए हिंसक चरमपंथियों व आतंकवादियों को जगह मुहैया कराने का आरोप कनाडाई सरकार पर भी लगाया। ऐसे में भारत ने कनाडा के राजनियकों को निष्काषित कर सही कदम उठाया है। महत्वपूर्ण है कि भारत ने आगे की कार्रवाई का अधिकार सुरक्षित रखा है, जिसका मतलब वीजा में बड़ी कटौती और सीधे यात्रा संपर्कों में कमी आना हो सकता है। अब भारत को न सिर्फ कूटनीति बल्कि देश की छवि पर अपने अगले कदमों के असर के बारे में सावधानी से सोचना चाहिए। सबसे बढ़कर यह कि भारत को कनाडा की ओर से जवाबदेही सुनिश्चित किए जाने का अंतर्राष्ट्रीय अभियान तेज करना चाहिए।

# उत्तर प्रदेश बनेगा 'जीरो पावर्टी स्टेट'



डा .रविशंकर पांडेय
सेवानिवृत्त पीसीएस, लखनऊ

ऐसी स्थिति में देखा गया है कि किसी व्यक्ति की गरीबी में कई तरह के आर्थिक और सामाजिक कारक जिम्मेदार होते हैं तथा अलग–अलग व्यक्तियों के लिए इन कारणों का महत्व अलग अलग होता है। मोटे तौर पर इन कारकों को स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण और जीवन स्तर के विभिन्न मानकों के रूप में विभक्त किया गया है।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लगातार आठवीं बार 15 अगस्त 2024 को यह घोषणा करते हुए देश और प्रदेश वासियों को चौंका दिया कि वे अपने प्रदेश को भारत का पहला गरीबी मुक्त राज्य बनाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उपर्युक्त महत्वाकांक्षी संकल्प के संबंध में यदि हम देश और प्रदेश में गरीबी के प्रतिशत का विश्लेषण करें तो पाएंगे कि वर्ष 2021 के अंत में उत्तर प्रदेश में 22.93 गरीब थे जबकि 2015-16 में यह आंकड़ा 37.63 प्रतिशत था। नीति आयोग द्वारा जारी की गई एक हालिया रिपोर्ट में इस बात का उल्लेख किया गया है कि वर्ष 2015-2016 से 2019-2021 के मध्य देश में बहुआयामी गरीबी में जीवन यापन कर रहे लोगों की संख्या आशातीत रूप से कम हुई है जिसमें उत्तर प्रदेश राज्य अव्वल है। 'यूएनडीपी' की जारी एक अध्ययन आख्या ने भी बताया कि विगत पंद्रह सालों में लगभग 41.5 करोड़ भारतवासियों को बहुआयामी गरीबी से ऊपर उठाने में भारत कामयाब रहा है, जो उल्लेखनीय है। बहुआयामी गरीबी और इसके संकेतक-इधर के वर्षों में अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं द्वारा बहुआयामी गरीबी की एक नई अवधारणा पर लगातार बल दिया जा रहा है। इसलिए बहुआयामी गरीबी के आशय को पहले समझना जरूरी है। विश्व के अधिकांश देश गरीबी को धन की कमी के रूप में परिभाषित करते हैं। किन्तु गरीबी का जीवन जी रहे लोग अपने अनुभवों को कुछ अधिक व्यापक रूप से व्यक्त करते हैं। जरुरत के समय धन की कमी से वह स्वास्थ्य, शिक्षा, समुचित पोषण और जीविका के साधनों से वंचित हो जाता है।

ऐसी स्थिति में देखा गया है कि किसी व्यक्ति की गरीबी में कई तरह के आर्थिक और सामाजिक कारक जिम्मेदार होते हैं तथा अलग-अलग व्यक्तियों के लिए इन कारणों का महत्व अलग अलग होता है। मोटे तौर पर इन कारकों को स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण और जीवन स्तर के विभिन्न मानकों के रूप में विभक्त किया गया है। इन्हीं कारकों के कारण किसी व्यक्ति के जीवन में जो दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति लगातार कई वर्षों तक बनी रहती है उसी को बहुआयामी गरीबी की संज्ञा दी जा सकती है। उपर्युक्त कारकों के आधार पर बहुआयामी गरीबी को मापने के लिए कुछ संकेतकों का निर्माण किया गया है और इनके महत्व के आधार पर इन्हें अलग-अलग भारांक भी प्रदान किया गया है। इन कारकों में स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन स्तर हैं। स्वास्थ्य का आकलन गरीब परिवार के पोषण, बच्चों की मृत्यु दर और मातृ-स्वास्थ्य के संकेतकों, शिक्षा का आकलन बच्चों की स्कूल अवधि व स्कूल में उपस्थिति से तथा जीवन स्तर का आकलन प्रयुक्त ईंधन, शौचालय, पेयजल आपूर्ति, विद्युत, आवास एवं बैंक खाते आदि संकेतकों से किया गया है।

निर्धनतम परिवारों का चयन करने के लिए प्रथम चरण में 'माप–अप मोबाइल एप' पर परिवारों की पहचान की जाएगी। दूसरे चरण में हर ग्राम पंचायत में एक ग्राम स्तरीय समिति गठित की जाएगी, जहां पर ग्राम सहायता समूह गठित नहीं है, वहां पर गांव की आंगनबाड़ी संचालिका व स्वास्थ्य विभाग की आशा बहू को इसका सदस्य बनाया जाएगा।

गरीबी में कमी-उपर्युक्त कारकों, संकेतकों और निर्धारित मापदंडों के आधार पर नीति आयोग द्वारा बहुआयामी गरीबी और उसकी तीव्रता का सर्वेक्षण कराकर प्रदेशवार व जिलेवार गरीबी का सूचकांक तैयार कराया था। इस सर्वेक्षण के आधार पर वर्ष 2016 से 2021 तक पांच वर्षों के मध्य पूरे देश में बहुआयामी गरीबी में लगभग दस प्रतिशत की कमी आई है और 13.50 करोड़ लोग इस गरीबी से बाहर निकलने में कामयाब रहे हैं। बात उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य की करें तो अकेले यहां पर 3.43 करोड़ लोग गरीबी से ऊपर उठे हैं जो सभी राज्यों से अधिक हैं। नीति आयोग की इस रिपोर्ट में उत्तर प्रदेश के बारे में कुछ चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश के पूर्वांचल क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और शौचालय आदि की मूलभूत सुविधाओं में उत्साहवर्धक सुधार हुआ है। प्रदेश का एक और पिछड़ा क्षेत्र बुंदेलखंड भी है जहां चित्रकूट जिला गरीबी उन्मूलन में सबसे आगे है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में नजर डालें तो यहां पर गरीबों की संख्या कुछ धीमी गति से कम हुई है। नीति आयोग ने पांच वर्षों के दौरान बहुआयामी गरीबी से मुक्ति के जो आंकड़े पेश किए हैं उन्हें देखते हुए शेष आबादी को गरीबी से ऊपर उठाने में अब अधिक समय नहीं लगना चाहिए।

ग्रामीण जीवन स्तर में सुधार-नीति आयोग की इस रिपोर्ट के अनुसार उत्तर प्रदेश में विगत पांच वर्षों में शहरी आबादी की तुलना में ग्रामीण आबादी के जीवन स्तर में अधिक तेजी से सुधार हुआ है। इस दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में जहां गरीबों की आबादी में 18 प्रतिशत की गिरावट आई है वहीं शहरी इलाकों में इसका आंकड़ा महज 6 प्रतिशत ही है। इस दौरान पूर्वांचल के जिलों में लोगों का जीवन स्तर तेजी से सुधरा है जबकि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में इसकी रफ्तार कुछ धीमी है। पश्चिम में रामपुर जिले की आबादी में अन्य जिलों की अपेक्षा गरीबी में कमी आने के साथ वहां के निवासियों में जीवन स्तर को लेकर सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के चार जिलों रामपुर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और बरेली के लोगों का जीवन स्तर पहले से बेहतर हुआ है। प्रदेश के गौतमबुद्धनगर जिले के निवासियों का जीवन स्तर अन्य जिलों की अपेक्षा सबसे अच्छा है।

जीडीपी में सुधार-एक रिपोर्ट के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के जीवन स्तर में सुधार के साथ पूरे उत्तर प्रदेश में आमजन की सुख सुविधा में भी सकारात्मक परिवर्तन हुआ है। यह तथ्य जिलों में खेती बाड़ी से लेकर उद्योग, भवन निर्माण, स्वास्थ्य, परिवहन और शिक्षा समेत अठारह मानकों के आधार पर प्रदेश की जीडीपी के आकलन में सामने आया है।

मांग, व्यय और अर्थव्यवस्था में वृद्धि-तमाम प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था मजबूती के साथ वृद्धि के स्तर और गति को बनाए रखने में सफल रही है। इसी कारण बहुआयामी गरीबी में सबसे तेज गिरावट उत्तर प्रदेश में दर्ज की गई है। प्रदेश के लोगों की खरीद क्षमता में वृद्धि के साथ हर व्यावसायिक क्षेत्र में मांग बढ़ी है। उपभोग और मांग में वृद्धि के फलस्वरुप वस्तुओं व सेवाओं के क्रय में वसूले जाने वाले अप्रत्यक्ष कर संग्रह में भी प्रदेश की हिस्सेदारी बढ़ी है। यही नहीं आयकर रिटर्न भरने वालों की संख्या में भी प्रदेश में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है और यह देश में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। उत्तर प्रदेश की आर्थिक प्रगति में अब शनैः शनैः कई आयाम जुड़ते चले जा रहे हैं। रिजर्व बैंक की एक रिपोर्ट के अनुसार अगस्त 2023 में वित्तीय संस्थानों से फंड आकर्षित करने के लिहाज से 16.20 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ उत्तर प्रदेश शीर्ष स्थान पर पहुंच गया है।

कार्ययोजना-देश के सबसे अधिक जनसंख्या वाले प्रांत उत्तर प्रदेश को अगले एक साल के अंदर 'जीरो पावर्टी स्टेट' बनाने की यह योजना अति महत्वाकांक्षी होने के साथ-साथ चुनौतीपूर्ण भी है। सरकार ने इस महायोजना का एक विस्तृत रोड मैप जारी कर दिया है। इसके अंतर्गत गरीबी का आकलन नए सिरे से अब दो स्तरों पर किया जाएगा। प्रत्येक चरण में शामिल कर्मचारी, अधिकारी और ग्राम पंचायतों के पदाधिकारी इसके लिए पूरी तरह से जवाबदेह बनाए जाएंगे। इस चयन के आधार पर चिन्हित परिवारों को भोजन और वस्त्र के साथ साथ आवास, चिकित्सा सुविधा एवं अच्छी शिक्षा भी उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अलावा सुनिश्चित आय के उपयुक्त साधन भी उपलब्ध कराए जाएंगे।

निर्धनतम परिवारों का चयन करने के लिए प्रथम चरण में 'माप-अप मोबाइल एप' पर परिवारों की पहचान की जाएगी। दूसरे चरण में हर ग्राम पंचायत में एक ग्राम स्तरीय समिति गठित की जाएगी, जहां पर ग्राम सहायता समूह गठित नहीं है, वहां पर गांव की आंगनबाड़ी संचालिका व स्वास्थ्य विभाग की आशा बहू को इसका सदस्य बनाया जाएगा। निर्धनतम परिवारों के अंतिम चयन में इस समिति के कम से कम तीन सदस्यों का एक मत होना आवश्यक होगा। इस संपूर्ण अभियान को एक साल के अंदर पूरा करने की योजना बनाई गई है। इस प्रकार गरीबी को प्रदेश में जड़ से समाप्त करने की योजना बनाने वाला उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य है। इस महत्वाकांक्षी योजना के सफल एवं समयबद्ध क्रियान्वयन हेतु मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से सभी जिलाधिकारियों और आयुक्तों को पत्र लिखते हुए वीडियो कान्फ्रेंसिंग से भी निर्देश दिए गए हैं। समय समय पर विकासखंड वार प्रगति का अंकन करने के लिए इस हेतु पोर्टल भी लांच कर दिया गया है।

## प्रसंगवश

# मध्यवर्ग और तिकड़म की दुनिया

इस देश में नव मध्यवर्ग का उदय और विस्तार बहुत तेज़ी से हुआ है। उसमें भ्रष्टाचार का बहुत अहम योगदान रहा है। लोगों में यह धारणा घर करती गई कि तिकड़म से ही धन-संपत्ति कमाई जा सकती है। तिकड़म से ही सत्ता और प्रभाव हासिल किया जा सकया हैं, जिनके ज़रिए और आसानी से, और अधिक मात्रा में, धन-संपत्ति कमाई जा सकती है। क्योंकि सत्ता से तिकड़म भिड़ाने के अवसरों में अचानक वृद्धि हो जाती है।

तिकड़म और सत्ता के गठजोड़ के एहसास से लोग सत्ता की ओर दौड़ पड़े। एमपी, एमएलए, कारपोरेटर, ग्राम-प्रधान, जहां भी, जो भी मिल जाय। मुख्य पार्टियों का टिकट पाने के लिए लोग आकाश-पाताल एक करने लगे। होते-होते ये टिकट नीलाम होने लगे- पहले लगाओ, फिर कमाओ (अपवाद तो हर जगह होते ही हैं)।



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

दूसरी दौड़ लगी सरकारी नौकरी पाने के लिए। पता नहीं कैसे लोगों में यह धारणा बन गई कि सरकार माने तिकड़म की जगह-सरकार में कहीं भी घुस जाओ, तिकड़म का कम-ज्यादा अवसर मिल ही जाएगा। कुछ साल पहले उत्तर प्रदेश के थोड़े से चतुर्थ श्रेणी के पदों के लिए हज़ारों आवेदन-पत्र आए और उनमें एमए, पीएचडी तक के आवेदन थे। यह बेरोज़गारी का कम और सरकार में तिकड़म के अवसर के बारे में जन-भावना का प्रतिबिंब अधिक लगता है।]

सरकारी नौकरी के क्रेज़ का यह हाल है कि हर बाप अपने बेटों को कहीं भी, किसी भी स्तर की सरकारी नौकरी में 'फ़िट' कराने के लिए पैसे जोड़ रहा है और जुड़ गए तो लिए-लिए घूम रहा है। हर तरह की सरकारी नौकरी के लिए रेट क्वोट हो रहे हैं और दलाल घूम रहे हैं। जहां परीक्षा और इंटरव्यू दोनों होते हैं, वहां दोनों के अलग-अलग रेट हैं।

मेरे गांव में एक सज्जन ने बताया, फलां दलाल बहुत ईमानदार है, जिसका नहीं होता, उसे वापस कर देता है। अब उसका धंधा तो चलना ही है, चाहे भरती बिल्कुल ईमानदारी से हो। लोगों के दिमाग़ में जो यह भर गया है कि बिना लिए-दिए सरकारी नौकरी नहीं मिलती, उसी के सहारे, बिना उसके कुछ किए-धरे।]

सरकार में तिकड़म से धन कमाने के अवसर के बारे में जो जन-भावना है उसका बैरोमीटर दहेज के बाज़ार में साफ़ देखा जा सकता है। लड़का सरकारी नौकर हो गया तो रेट में एकाएक उछाल आ जायेगा। और रेट छोटी-बड़ी नौकरी के आधार पर कम, महकमे के आधार पर ज़्यादा घटता-बढ़ता है यानी तिकड़म से धन कमाने के अवसर की उपलब्धता के बारे में लोगों का जो आकलन है, उसके आधार पर।

यह नव मध्यवर्ग मनसा अब भी ग़रीब है। इसलिए धन आते ही शौक पूरा करने, तड़क-भड़क दिखाने पर ख़र्च करने लग जाता है। तरह-तरह के गैजेट्स, नए मॉडल की मोटर साइकिलें, फिर नए मॉडल की गाड़ियां, फ़र्नीचर, घर की साज-सज्जा

जो पीछे रह गए, यानी ग़रीब, उन पर दोहरी मार पड़ती है। ग़रीबी का भौतिक त्रास, और नव मध्यवर्ग की चमक-दमक देखकर मानसिक त्रास। आख़िर कुछ दिन पहले ये भी उन्हीं की तरह थे, उन्हीं के साथ थे। तो होता यह है कि तिकड़म न कर पाने या उसमें सफल न हो पाने से वे एकदम मायूस हो जाते हैं। और समुचित मात्रा में तिकड़म न कर पाने के लिए अपने को कोसने लगते हैं।

गांवों में इस नव मध्यवर्ग की एक झलक देखनी हो तो आप ब्लॉक प्रमुख की लड़की की शादी में हो आइए। एक नज़ारा ले लीजिए कि कौन-कौन मेहमान ऐसे हैं जिनका औरों से विशिष्ट स्वागत हो रहा है। बीडीओ, एडीओ, दारोगा, तहसीलदार, कुछ सरपंच, एमएलए, एमपी। और इनके दलाल जो प्रायः सबके सामान्य दलाल होते हैं। कुछ लाल बत्तीवाली गाड़ियां भी आ सकती हैं, जिनके आते ही स्वागत करने वाले सबको छोड़कर दौड़ पड़ेंगे। लाल बत्ती का यशोगान बहुत दिनों तक चलता रहेगा। आस-पास के लोग पूछेंगे- लाल बत्तीवाली कितनी गाड़ियां आई थीं, और उसी से ब्लॉक प्रमुख की हैसियत का अंदाज़ लगाएंगे। यह नव मध्यवर्ग ऐसे ही फलता-फूलता रहेगा। तिकड़म के अवसरों की तलाश और छीना-झपटी ऐसे ही चलती रहेगी। और इसी के साथ-साथ अख़बारों में, पत्रिकाओं में और फेसबुक पर भी बड़े विद्वत्तापूर्ण लेख लिखे जाते रहेंगे। भ्रष्टाचार पर, मंहगाई पर, बेरोज़गारी पर। प्रबुद्ध लोग आरामदेह ड्रॉइंग रूम में आरामदेह सोफों पर बैठकर बहसें करते रहेंगे कि देश का विकास क्यों नहीं हो रहा, ग़रीबी दूर क्यों नहीं हो रही, ग़रीब-अमीर के बीच की खाईं कम क्यों नहीं हो रही, भ्रष्टाचार क्यों बढ़ रहा, महंगाई क्यों बढ़ रही, वगैरह-वगैरह। और हर चीज़ के लिए प्रांत या केंद्र या दोनों की सरकारों को दोष देते रहेंगे।

# मुक्त हुए पर स्वतंत्र नहीं हो पाए हम

रामकथा विश्व की प्राचीनतम (आदि) काव्यकृति है और वाल्मीकि आदि कवि। इस कथन पर आप संभव है विश्वास न कर पाएं। कारण हमें बताया जाता है कि ऋग्वेद विश्व की प्राचीनतम पुस्तक है और वह भी उन लोगों द्वारा जो ऋग्वेद को 3500 वर्ष अद्य पूर्व से बाद की रचना मानते हैं। ऐसी स्थिति में यदि कहें कि रामकथा ऋग्वेद से उतनी ही पुरानी है जितना आज से ऋग्वेद तो संभव है आप अपना आपा खो बैठें। एक वयोवृद्ध विद्वान ने आज से तीस पैंतीस साल पहले एक सेमिनार में सोम की पहचान पर मेरे वक्तव्य पर आह्लादित हो कर कहा था, 'तुम जिस भी विषय पर बोलते हो बिल्कुल नई बात कहते हो।'

उनका प्रतिवाद करना अशोभन था, पर सच यह है कि अनुसंधान में नई बात नहीं, सही बात कही जाती है, उन तथ्यों को उद्घाटित किया जाता है जिनकी ओर पहले किसी ने ध्यान नहीं दिया। इसमें मौलिकता नहीं, तार्किकता, साक्ष्य और अंतःसंगति का ध्यान रखा जाता है। उपेक्षित क्षेत्र या आयाम संभावना के क्षेत्र हैं। जो दीखता है उसे प्रचलित मान्यताओं और मूर्धन्य विद्वानों की बहुज्ञता, वय और ख्याति की चिंता किए बिना कहने के लिए साहस की आवश्यकता होती है क्योंकि कई बार इसके कारण आत्मीय संबंधों में भी खटास पैदा हो जाती है, व्यक्तिगत क्षति भी उठानी पड़ती है। परंतु इससे बौद्धिक परिदृश्य बदलता है, और बदलता रहा है। रामकथा की ऐतिहासिकता के विषय में भी ऐसा ही होगा, इसका भरोसा है। हमने लगभग एक हजार साल आतंक और बौद्धिक विकलांगता में बिताए हैं जिसमें बौद्धिक संस्थानों को ध्वस्त और स्वाहा किया जाता रहा और जो किन्हीं कारणों से बचा रह गया उसे औपनिवेशिक, नस्लवादी और मजहबी तकाजों से नष्ट करने के प्रयत्न किए



भगवान सिंह
वरिष्ठ लेखक

उनका प्रतिवाद करना अशोभन था, पर सच यह है कि अनुसंधान में नई बात नहीं, सही बात कही जाती है, उन तथ्यों को उद्घाटित किया जाता है।

जाते रहे। नव उपनिवेशवादी आग्रहों से वह आज भी जारी है और सेक्युलरिज्म का चोला धारण करके औपनिवेशिक स्थापनाओं के समर्थन में खड़ा हो कर उनसे भी अधिक उग्रता से अपनी सांस्कृतिक विरासत को नष्ट करने में लगा रहा है और इसने उस मानसिकता को प्रबल किया है कि भारतवासियों के बूते का न कुछ है, न कभी था। उन्हें ज्ञान और ऊर्जा पश्चिमोत्तर के आक्रांताओं से मिलती रही है और आज भी मिल रही है। इसमें इन्होंने अपनी साख के लिए एक चोर दरवाजा निकाल रखा है कि जो थोड़ा बहुत संभव है वह उन भारतीयों से ही संभव है जो अंग्रेजी में लेखन करते हैं। भारतीय भाषाओं में न तो गंभीर विषयों पर लेखन हुआ है, न ही संभव है।

वे भारतीय भाषाओं में न लिख सकते हैं, न इनके आधुनिक और प्राचीन साहित्य से परिचित हैं। इस तरह ज्ञान और अनुसंधान पर एकाधिकार न सही विशेषाधिकार पाश्चात्य अध्येताओं का आज भी बना हुआ है। पराधीनता समाप्त हो गई परावलंबन हमारे बुद्धिजीवी वर्ग के कारण बना रहा। हम मुक्त हुए पर स्वतंत्र नहीं हो पाए। इसका दायित्व नेहरू के नेतृत्व को जाता है जिन्होंने औपनिवेशिक विरासत को उपलब्धि के रूप में जारी रखा और गुटनिरपेक्ष रहने के दावे की बावजूद परामर्श के लिए अमेरिकी सलाहकारों पर निर्भर करते रहे। उनके पूरे शासन काल में भारत भुखमरी के कगार पर जीवित रहा जब भी जनसंख्या आज से तिहाई थी। अमेरिकी परामर्शदाता उन्हें सलाह देते रहे कि भारत खाद्यान्न के मामले में कभी आत्मनिर्भर नहीं हो सकता, उसे अमेरिका के पी एल 480 की अनुकंपा पर निर्भर रहना पड़ेगा इसलिए उसे अमेरिका के साथ अच्छे संबंध बनाए रखना चाहिए। उन्होंने अमेरिकी राजदूत गैल्ब्रेथ से गर्व से कहा था कि वह भारत पर राज करने वाले अंतिम अंग्रेज हैं। जिस देश की धातु विद्या का पूरा संसार लोहा मानता था और जिसका आश्चर्यजनक लौह स्तंभ उन्होंने अपनी आंखों से देखा और अपनी अंकवार में भरा होगा, उनको सिखाया गया था कि भारत तो इतना पिछड़ा था की सुईं तक नहीं बना सकता था।

अर्थात जो भी औद्योगिक प्रगति हुई वह अंग्रेजों के कारण हुई जब कि मैकाले ने स्वीकार किया था कि औद्योगिक क्रांति भारतीय पैसे के बल पर हुई। जो भी हो उनका मोहभंग होने के बाद उनकी जो दशा हुई उनके शासन काल में उससे मिलती-जुलती दशा पूरे देश की रही और उसके बाद एक ऐसे आदमी के हाथ में नेतृत्व आया जिसने जो रास्ता अपनाया उस पर चलते हुए भारत न कभी युद्ध में हारा न अन्न के अभाव से गुजरा और आज उस समय से तीन गुनी जनसंख्या का पेट ही नहीं भर रहा है अपितु कई देशों के अभाव की पूर्ति भी कर रहा है । यह अपनी जमीन, अपनी जबान और अपने दिमाग का चमत्कार है पर हमारा बुद्धिजीवी मानसिक रूप से नेहरू युग में ही जी रहा है। ऐसी अवस्था में अपनी भाषाओं के माध्यम से अनुसंधान और गहन विमर्श मात्र लेखन नहीं रह जाता, बौद्धिक स्वतंत्रता संग्राम का हिस्सा बन जाता है।

## सोशल फोरम

# सोशल मीडिया को कैसे देखें

सोशल मीडिया में 'सोशल' पदबंध बहुत ही महत्वपूर्ण है। यह सामाजिक से भिन्न है। समाज विज्ञान से लेकर लेकर परंपरागत विमर्श के विभिन्न क्षेत्रों में 18वीं शताब्दी के बाद से लेकर आज तक जिसे सामाजिक कहते रहे हैं, उससे इस 'सोशल' का कोई लेना-देना नहीं है।

दिलचस्प बात है कि हममें से कोई भीड़ का अंग बनना नहीं चाहता, 'भीड़' में बोलना नहीं चाहता। लेकिन सोशल मीडिया में तो सबकुछ 'मास' है, 'भीड़' है। सोशल मीडिया में ज्योंही दाखिल होते हैं 'भीड़' का अंग बन जाते हैं। सोशल मीडिया में 'मास' ही शक्ति है। भीड़ ही ताकतवर है। बीसवीं शताब्दी 'राजनीतिक केंद्रीकरण' और ' संचार केंद्रीकरण' की शताब्दी है। एकाधिकार, केंद्रीकरण और मुनाफा ये इस युग के तीन बड़े लक्ष्य हैं। पहली बार अमेरिका में एनएसए, माइक्रोसॉफ्ट, गूगल, फेसबुक, एपल आदि के बीच समझौते हुए हैं। इसे 'प्रिज्म' कार्यक्रम के नाम से जानते हैं। इसका मकसद है विश्व निगरानी करना, बहुराष्ट्रीय निगमों और अमेरिका के राजनीतिक और सांस्कृतिक हितों का विस्तार करना। इंटरनेट का समस्त डाटा संकलित करना, उसका व्यापारिक और राजनीतिक इस्तेमाल करना। डिजिटल तकनीक के आने के बाद संचार क्रांति का पैराडाइम बदला है। अब हम ज्ञान मीमांसा से तत्व मीमांसा की ओर मुड़ गए हैं। यानी 'आप क्या जानते हो' से 'तुम क्या हो' की ओर मुड़ गए हैं। 'ज्ञान प्रबंधन' से 'अस्मिता प्रबंधन' की ओर मुड़ गए हैं। सोशल मीडिया ने इस पैराडाइम शिफ्ट ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। नव्य-उदारीकरण के दौर में 1990-91 में जब संचार क्रांति आई तो वह मोबाइल-टेलीफोन और कंप्यूटर तक सीमित थी, उस दौर में तकनीकी उपयोग और सूचना या ज्ञान के संचय पर जोर दिया गया, सूचना से ज्ञान की ओर प्रयाण किया, लेकिन 2004 में जब फेसबुक का जन्म हुआ तो किसी ने नहीं सोचा था कि ज्ञान से छलांग लगाकर सीधे अस्मिता के क्षेत्र में समाज दाखिल होने जा रहा है।



प्रो . जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

– फेसबुक वॉल से

# कनाडा में तुष्टिकरण का बीज स्फुटित

जब नेता या सरकारें कमज़ोर होतीं हैं, तब अपना अस्तित बचाने के लिए तुष्टिकरण करने से परहेज़ नहीं करती, छोटे दलों की जायज़ नाजायज़ मांगों और अपेक्षाओं के आगे नतमस्तक हो जाती हैं। फिर वो चाहे देश, समाज के हित में हो या ना हो, इस पर ध्यान दिए बिना सिर्फ़ सत्ता में बना रहना ही उद्देश्य रह जाता है। आजकल कनाडा में आंतरिक और बाह्य द्वंद्व जो चल रहा है, उसे इसी परिप्रेक्ष्य में देखा जा सकता है।

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के शासन काल का दूसरा टर्म शुरुआत से ही बैसाखियों पर टिका हुआ है। न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी के मुखिया जगमीत सिंह जिनके 25 सांसद चुनकर आए थे। उन्हीं की मदद से ट्रूडो दूसरी बार प्रधानमंत्री बन सके थे। यहां यह बता दूं कि जगमीत सिंह खलिस्तान की मांग का खुला समर्थन करते है और ट्रूडो को सपोर्ट की एक शर्त यह भी थी कि कनाडा में ख़ालिस्तानी मूवमेंट पर कोई प्रतिबंध नहीं लगेगा। ट्रूडो के सारे कार्यकलापों से उजागर है कि उसने जगमीत सिंह को इसकी मौन स्वीकृति दी और इसके लिए भारत से रिश्ते ख़राब करने को भी तैयार हो गए। इधर कनाडा में घरेलू हालात लगातार बिगड़ने लगे, हर मोर्चे पर ट्रूडो सरकार की किरकिरी होने लगी, चाहे वह महंगाई हो, रोज़गार हो, घर हों, स्वास्थ्य व्यवस्था हो सब फ्रंट पर कनाडा में त्राहि त्राहि मची हुई है। ट्रूडो की लोकप्रियता इस समय निचले स्तर पर है और सर्वेक्षणों के अनुसार उनका अगले साल होने वाले चुनाव में जीतना बहुत मुश्किल है। यह भांपते हुए जगमीत सिंह ने ट्रूडो सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया और सरकार अल्पमत में आ गई। इसका फ़ायदा उठाते हुए विपक्ष के नेता पिएरे पॉलिवर ने संसद में अविश्वास प्रस्ताव ला दिया। ट्रूडो ने अपनी सरकार बचाने के लिए सभी छोटे मोटे दलों और जगमीत सिंह के साथ क्या-क्या समझौते किए अब सामने आ रहा है। विएना संधि का उल्लंघन करते हुए कनाडा ने भारतीय उच्चायोग के शीर्षस्थ अधिकारियों की हरमीत सिंह निज्झर की हत्या के मामले में पुलिस जांच की मांग की, ऐसा लगता है ठंडे पड़ रहे मुद्दे को जगमीत सिंह के कहने पर ही पुनर्जीवित किया गया। कनाडा के इस कृत्य के चलते भारत ने कनाडा उच्चायोग में कार्यरत छः उच्चस्थ अधिकारियों को वापस बुला लिया और भारत स्थित कनाडा के उच्चाधिकारियों को 19 अक्तूबर तक भारत छोड़ने के निर्देश दे दिए हैं। यह राजनयिक संबंधों की न्यूनतम स्थिति कहलाती है।



राकेश शर्मा
निवर्तमान अध्यक्ष, इंडियन न्यूज पेपर सोसाइटी, नई दिल्ली

आश्चर्य है कि अलगाववादियों ख़लिस्तानियों का समर्थन करने वालों के तुष्टिकरण करने के लिए ट्रूडो भारत के साथ संबंध ख़राब करने की हद तक जा सकते हैं। सर्वेक्षणों के अनुसार दुबारा चुनकर आने की उम्मीद तो ट्रूडो को कम हैं, लेकिन जो बीज कनाडा-भारत संबंधों की कड़वाहट के बो रहें हैं, उससे दोनों देशों की जनता, छात्र, व्यापारियों को भुगतना पड़ेगा। सिद्धांतहीन तुष्टिकरण सदैव, हर भौगोलिक परिवेश में अंतोत्गत्वा हानिकारक होता है।

# उधार की न्याय देवी

भारत के मुख्य न्यायमूर्ति की पहल पर सर्वोच्च न्यायालय की न्यायधीशों की लाइब्रेरी में न्याय की देवी की प्रतिमा में बदलाव किया गया है। पहले इसके एक हाथ में तराजू दूसरे में तलवार थी, अब तराजू तो बरकरार है, किंतु तलवार की जगह संविधान की प्रति लिए है। पहले उसके नेत्रों में पट्टी बंधी थी, अब आंखें खुली रखी गई हैं। देखें कि इस देवी का वास्तविक स्वरूप क्या है? दरअसल हमारे शास्त्रों और प्राचीन धर्म ग्रंथों में न्याय की कोई अलग से देवी है ही नहीं। तीन महादेवियां सृष्टि का संचालन करती हैं। वे हैं महासरस्वती, महालक्ष्मी और महाकाली, जो क्रमशः चित्,सत और आनंद की अधिष्ठात्री हैं। इसके अलावा महा विद्याएं कही जाने वाली भी दस देवियां या शक्तियां हैं, जिनके अधिकारिता वाले विषय हैंः काली(काल शक्ति), तारा(क्षुधा शक्ति), षोडशी(पूर्ण/ मुक्ति शक्ति), भुवनेश्वरी(ज्ञान शक्ति),छिन्नमस्ता(त्याग शक्ति), भैरवी (भरणशक्ति),धूमावती(दरिद्रता शक्ति), बगला(क्रूर शक्ति), मातंगी(प्रभाव शक्ति), कमला(ऐश्वर्य शक्ति)। हालांकि न्याय के बड़े बड़े अनुपम उदाहरण हैं यहां। श्रीराम ने एक कुत्ते को जबरदस्त न्याय दिया था। कुत्ता, जो संभवतः 'कुकुर' गणगोत्र का समाज का निचले पायदान का व्यक्ति था, वह अभिजात्य मान्य ब्राह्मण द्वारा कष्टित किया गया था। राम ने उसकी प्रार्थना के मुताबिक ही ब्राह्मण को दंड दिया था। वन में पांडवों का उपहास करने गए दुर्योधन को एक गंधर्व उठाकर लिए जा रहा था। वह आर्त होकर चिल्लाया,तो धर्म के मूर्तिमान रूप युधिष्ठिर ने अर्जुन से कहा कि 'इसे बचाओ'। यद्यपि अनुज यह पसंद नहीं कर रहे थे, क्योंकि वह तो शत्रु था और पांडवों कि खिल्ली उड़ाने गया था। तथापि अर्जुन को अग्रज की आज्ञा माननी पड़ी और दुर्योधन की रक्षा की। महाराज युधिष्ठिर ने कहा था कि,आपस में हम पांच और कौरव 100 जरूर हैं, किंतु बाहरी दुनियां के लिए हम 105 हैं। रामायण व महाभारत दोनों कालों में आपराधिक और नागरिक दोनों प्रकार की न्याय व्यवस्थाएं थीं और राजा सर्वोच्च था। नीति के श्लोकों में कहा गया है, "न्यायात्पथःप्रविचलंति पदं न धीराः"। यानी न्याय के पथ पर चलने वाले लोग विचलित नहीं होते हैं। वैसे यह न्याय देवी, जिसकी मूर्ति अभी तक न्याय भवनों में लगी होती रही, वह यूनान की देवी 'जस्टिया'है; इसी से जस्टिस शब्द बना है। भारत में एक अंग्रेज़ अफसर इसे 17 वीं शताब्दी में लाया था। यह अभारतीय और उधार की देवी है।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

## सार-संक्षेप



50 मीटर बालिका वर्ग दौड़ प्रतियोगिता में विजेता बच्चे मेडल के साथ।

### क्रीड़ा प्रतियोगिता में जानवी रहीं तृतीय स्थान पर

**खटीमा :** हल्द्वानी गौलापार इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय खेल स्टेडियम में राज्य स्तरीय विद्यालयी क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता आयोजित हुई। इस प्रतियोगिता में राजकीय प्राथमिक विद्यालय दियां (प्रथम) की कक्षा चार की छात्रा जानवी राना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जानवी ने राज्य स्तरीय क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता 2024 में 50 मीटर बालिका वर्ग दौड़ प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। विद्यालय परिवार की ओर से प्रधानाचार्य शिवानंद यादव, सहायक अध्यापक प्रकाश कापड़ी, सरिता राणा आदि मौजूद रहे।

### अनियंत्रित होकर डंपर पलटा, चालक घायल



रामपुर रोड पर खेत में पलटा डंपर।

**बाजपुर :** रामपुर रोड उत्तराखंड–उत्तर प्रदेश बार्डर के नजदीक तेज रफ्तार डंपर अनियंत्रित होकर रोड किनारे खेत में जा पलटा, जिसमें डंपर चालक घायल हो गया। आसपास के लोगों की मदद से घायल को निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। गुरुवार तड़के करीब 5 :30 बजे रामपुर की ओर से दोराहा की तरफ आ रहा तेज रफ्तार डंपर जैसे ही प्रदेश के बार्डर के नजदीक पहुंचा कि सामने से वाहन आ गया जिसे बचाने के चक्कर में डंपर चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और डंपर अनियंत्रित होकर रोड किनारे एक खेत में जा पलटा। हादसे में डंपर चालक रामपुर निवासी शाहनवाज खान को चोटें आई हैं जिसे राहगीरों ने डंपर के केबिन से बाहर निकालकर निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया।



लोगों को खीर वितरित करते औषधालय के पदाधिकारी।

### शरद पूर्णिमा पर वितरित की गई औषधियुक्त खीर

**काशीपुर :** बीते दिन शरद पूर्णिमा के अवसर पर काशीपुर के मुख्य बाजार स्थित श्री राधेहरि सत्संग आयुर्वेदिक धर्मार्थ औषधालय में शरद पूर्णिमा की रात्रि खुले आसमान के नीचे खीर रखी गयी। इसके बाद चंद्र किरणों में तैयार औषधि युक्त खीर को गुरुवार को लोगों में वितरित किया गया। षधालय वैद्य डॉ. राकेश कुमार उपाध्याय ने बताया कि शरद पूर्णिमा की रात्रि में चन्द्रमा की किरणों की मौजूदगी में जड़ी बूटियों से तैयार औषधि युक्त खीर श्वास रोगियों के लिए विशेष हितकारी है। औषधालय मंत्री संजीव कुमार शर्मा ने बताया कि खीर वितरण से पूर्व औषधालय में पूजा अर्चना के साथ भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर औषधालय अध्यक्ष सेठ राजेश गुप्ता, उपाध्यक्ष एसपी गुप्ता, जेपी अग्रवाल वीके गुप्ता, कौशलेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# देवी-देवताओं की मूर्तियों की हुई प्राण-प्रतिष्ठा

## नवनिर्मित मां दक्षिणेश्वरी सिद्ध कालीपीठ बाजपुर धाम मंदिर में पांच दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का परायण

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** नवनिर्मित मां दक्षिणेश्वरी सिद्ध कालीपीठ बाजपुर धाम मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधि-विधान से महाकाली एवं विभिन्न देवी-देवताओं की मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा हुई। इसके साथ ही पांच दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का परायण हो गया है। इस धार्मिक अनुष्ठान में देशभर से नाथ संप्रदाय के साधू-संतों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर शिरकत की। धूना चेतन एवं महाआरती के पश्चात दोपहर में विशाल भंडारा हुआ।

चकरपुर रोड सिंह कॉलोनी में काली माता का दिव्य व भव्य मंदिर का निर्माण राष्ट्रीय सनातन दक्षिणेश्वरी गौसेवा ट्रस्ट के संस्थापक महंत विकासनाथ महाराज (मुख्य महंत पीठाधीश्वर मां दक्षिणेश्वरी सिद्ध कालीपीठ बाजपुर धाम) ने करवाया है जिसमें गुरुवार को मां महाकाली, मां दुर्गा देवी, गुरु गोरखनाथ, जाहरवीर महाराज, भैरोनाथ, श्रीराधा-कृष्ण, श्रीहनुमानजी, श्रीराम दरबार, शिव परिवार आदि देवी-देवताओं के साथ ही नर्मदा मध्य-प्रदेश से लाए गए नर्मदेश्वर शिवलिंग की स्थाना वैदिक मंत्रोच्चार एवं श्रद्धाभाव से करवाई गई। क्षेत्र के प्रख्यात पं.शिवकुमार शास्त्री व उनकी टीम में शामिल पं.गौरव मिश्रा, पं.हेमचंद्र उप्रेती, पं.नवीन मिश्रा व पं.गौरव रेखाड़ी ने पुरातन सनातन संस्कृति के अनुरूप पूजा-पद्धति के तहत धार्मिक क्रियाएं पूर्ण करवाईं। मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा, हवन-यज्ञ एवं महाआरती हुई। दोपहर में विशाल भंडारा करवाया गया जिसमें बड़ी संख्या में साधू-संतों व आजजन ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। वहीं धर्म जागरण समन्वय के उत्तराखंड प्रांत प्रमुख ऋतुराज के साथ ही भाजपा नेता राजेश कुमार, नगीना से भाजपा विधायक प्रत्याशी राजीव पवार आदि ने भी मंदिर पहुंचकर संत-महात्माओं का आशीर्वाद लिया।



महाकाली माता को काशी फल की भेंट प्रदान करवाते मनोहरनाथ महाराज एवं महंत विकास नाथ महाराज।

### ये लोग रहे मौजूद

**बाजपुर :** मनोहरनाथ महाराज गुजरात, महंत प्रभात गिरी महाराज चंवापत, संजय नाथ महाराज असाम गुवाहाटी गौगांव कामाख्या, सतीश नाथ महाराज पानीपत हरियाणा, संगीत नाथ महाराज गोर गद्दी, बाबा निर्भय नाथ सीतापुर उप्र, बबा चेतन दास सीतापुर गांव नवा महमूदपुर, बाबा सत्यानंद सरस्वती, पूर्णानंद महाराज, मोहितानंद सरस्वती उर्फ मनोहर बाबा, लालदास बाबा, छैल बिहारीदास, मैना माइजी लखीमपुर उप्र समेत तमाम संतजनों ने बाजपुर पहुंचकर अनुष्ठान में हिस्सा लिया।



बाजपुर में धूना चेतन करने की तैयारी करते मनोहरनाथ महाराज, महंत विकास नाथ महाराज एवं संतजन। ● अमृत विचार

### नाथ संप्रदाय की दीक्षा दिलवाई

**बाजपुर :** गुजरात से पहुंचे नाथ संप्रदाय के मनोहर नाथ महाराज एवं नाथ साधू–संतों ने महंत विकासानंद महाराज को जनेऊ धारण करवाने के साथ ही नाथ संप्रदाय की दीक्षा दिलवाई। इसके साथ ही उनका नाम परिवर्तन कर विकासनाथ महाराज किया गया। इसके अलावा नाथ संतों ने विधि–विधान से धूना चेतन (स्थापना) कर गुरु गोरखनाथ जी का पूजन–अर्चन किया तथा विकासनाथ महाराज को नाथ पंथ की बाजपुर की गद्दी सौंपी गई एवं नाथ संप्रदाय में उनका स्वागत किया गया।

### शिव परिवार की मूर्तियों की स्थापना

**खटीमा :** अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम से संबद्ध सेवा प्रकल्प एवं बारह राणा स्मारक समिति द्वारा संचालित श्रद्धा जागरण की देखरेख में वाल्मीकि बस्ती वार्ड संख्या 16 बैंक ऑफ़ बड़ौदा के पीछे शिव परिवार की स्थापना की गई। पंडित द्वारा मंत्रोच्चार के साथ वाल्मीकि बस्ती में शिव परिवार की स्थापना हुई। इस अवसर पर हवन पूजन, कीर्तन का आयोजन हुआ। इस दौरान श्रद्धा जागरण प्रमुख डिल्लू सिंह राणा, मलकीत सिंह राणा, रामकिशोर राणा, नवल किशोर वाल्मीकि, निता सक्सेना, नीरज सक्सेना, हिम्मत सिंह चौधरी, शुभम वाल्मीकि, आशु वाल्मीकि, राज वाल्मीकि, बादल, नितिन, बबलू चौधरी, महेश, गोला वाल्मीकि, प्रेम वाल्मीकि आदि मौजूद रहे।

### दिलीप ने खत्री सभा के अध्यक्ष पद से दिया इस्तीफा

**काशीपुर :** काशीपुर खत्री सभा के अध्यक्ष दिलीप मेहरोत्रा ने स्वास्थ्य कारणों के चलते अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उनके स्वैच्छिक त्यागपत्र देने के बाद खत्री सभा की नई कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न कराया गया। गुरुवार को हुए खत्री सभा के चुनाव मं सर्वसम्मति से शरद मेहरोत्रा को अध्यक्ष जबकि अर्पित मेहरोत्रा को सचिव चुना गया। वहीं, डॉ. नरेश मेहरोत्रा को सर्वोपरि, डॉ. इला मेहरोत्रा को मुख्य संरक्षक, राम मेहरोत्रा, संदीप सहगल एडवोकेट, स्वतंत्र मेहरोत्रा, अनिल कुमार मेहरोत्रा, सुनील टंडन व पंकज टंडन को संरक्षक चुना गया। उधर, कपिल मेहरोत्रा, विवेक मेहरोत्रा, अपूर्व मेहरोत्रा तथा गौतम मेहरोत्रा को उपाध्यक्ष चुना गया। शुभम कपूर को उपसचिव व सावन मेहरोत्रा को कोषाध्यक्ष चुना गया।

# किफा और धैर्य रहे व्यक्तिगत चैंपियन

▸▸ सेंट पीटर स्कूल में आयोजित हुई दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार :** नगर स्थित सेंट पीटर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस मौके पर प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों का अतिथियों ने प्रशस्ति पत्र एवं पदक देकर सम्मानित किया और प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। ग्राम किशनपुर स्थित दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि फादर थॉमस, भूतपूर्व हेड गर्ल क्रिस्टीना बर्नार्ड, फादर एलेक्स, सिस्टर लूसिया, सिस्टर सिल्वी ने शिरकत की। स्पोर्ट्स मीट का शुभारंभ मुख्य अतिथि फादर थॉमस, कैप्टन शशि प्रताप, गौरी, काकुल, हर्ष, अश्विनी दीपा द्वारा संयुक्त रूप से मशाल प्रज्वलित कर किया गया। दो दिवसीय प्रतियोगिता में सब जूनियर बालिका वर्ग में किफ़ा फातिमा तथा सब जूनियर बालक वर्ग में धैर्य थापा व्यक्तिगत चैंपियन रहे। जूनियर बालिका वर्ग में दीपा पांडे तथा जूनियर बालक वर्ग में लक्ष्य कुमार व्यक्तिगत चैंपियन, सीनियर बालिका वर्ग में काकुल सिंह तथा सीनियर बालक वर्ग में शशि प्रताप एवं प्रियांशु दो-दो स्वर्ण एवं एक रजत पदक लेकर व्यक्तिगत चैंपियन रहे। विजेता खिलाड़ियों को प्रधानाचार्य फादर अलेक्सांडर मोंटेरो एवं फादर आइवन क्रास्ता द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं पदक देकर सम्मानित किया गया।



किच्छा में प्रतिभागी बच्चों के साथ अतिथि एवं शिक्षक। ● अमृत विचार



शिविर में मरीजों के स्वास्थ्य की जांच करती डॉक्टरों की टीम।

# शिविर में 140 का उपचार

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार :** अमिया वाला में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 140 लोगों का उपचार किया गया।

जसपुर क्षेत्र के गांव अमिया वाला में काशीपुर के उजाला हॉस्पिटल द्वारा प्रधान शाहनवाज के सौजन्य से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसका नेतृत्व डॉक्टर शोएब मोहम्मद रमीज ने किया। शिविर में 140 रोगियों का निशुल्क उपचार किया गया व मरीज को दवाइयां वितरित की गईं। स्वास्थ्य शिविर में नाजिम हुसैन, उदयराज सिंह, साबिर हुसैन, ओम प्रकाश सिंह, अब्दुल सलाम, अमीर हुसैन आदि लोगों का विशेष सहयोग रहा।

## टाइल व इंटरलॉक मार्ग निर्माण के लिए धनराशि अवमुक्त

**खटीमा :** मुख्यमंत्री घोषणा के तहत पहेनियां में देवहा पोषक शारदा नहर के क्षतिग्रस्त पुल के नव निर्माण हेतु प्रथम चरण की वित्तीय स्वीकृति शासन से हुई है। नानकमत्ता विधानसभा क्षेत्र के पहेनियां पुल पर 24 मीटर स्पान सेतु एवं एप्रोच मार्ग के लिए 6.35 लाख की जगह 3.81 लाख रुपये स्वीकृत हुए हैं। संयुक्त सचिव उत्तराखंड शासन से स्वीकृत 3.81 लाख पर 10 हजार रुपए निर्माण हेतु अग्रिम अवमुक्त हुए हैं। सहायक अभियंता प्रेम प्रकाश तिवारी ने बताया कि सीएम की घोषणा के तहत पुल निर्माण कार्य की शुरुआत की जा रही है।

# शिक्षा मंत्री का पुतला फूंका

▸▸ छात्र संघ चुनाव की तिथि निर्धारित न होने पर आक्रोश

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** छात्रसंघ चुनाव की तिथि निर्धारित न होने से आक्रोशित एनएसयूआई व छात्रसंघ पदाधिकारियों ने एचएनबी पीजी कॉलेज के मुख्य गेट पर विरोध प्रदर्शन करते हुए उच्च शिक्षा मंत्री का पुतला फूंका।

गुरुवार को एनएसयूआई जिलाध्यक्ष दीपक मुडेला के नेतृत्व में छात्रसंघ पदाधिकारी व छात्रों ने छात्रसंघ चुनाव की तिथि निर्धारित न किए जाने पर विरोध प्रदर्शन किया। उच्च शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए पुतला फूंका। इस दौरान छात्रसंघ अध्यक्ष रोहित गंगवार, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष अरविंद कुमार, पूर्व विवि प्रतिनिधि राहुल कांडपाल, परवेज अख्तर, अंगद कुमार, हैदर अली, सौरभ चंद, सिमरन राणा, पवन कुमार, ऋषि रस्तोगी, अरविंद राणा, प्रियांशु राणा, राजीव जोशी, रोहन चंद, मोहित कार्की, सुमित विश्वकर्मा, मेघना गुप्ता, महक चंद, कोमल भंडारी, सौम्या ऐरी, अनुष्का राणा, अनिष्का राणा, मुस्कान मेहरा आदि मौजूद थे।



उच्च शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत का पुतला फूंकते एनएसयूआई व छात्रसंघ पदाधिकारी।

## टिनशेड तोड़कर दुकान में घुसे चोर

**बाजपुर :** टिनशेड तोड़कर दुकान में घुसे चोर हजारों रुपये मूल्य का सामान चुरा ले गए। पीड़ित व्यापारी ने दोराहा पुलिस चौकी में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम विजय रम्पुरा निवासी राजकुमार ने पुलिस को बताया कि उसकी वेल्डिंग की दुकान दोराहा निकट उत्तराखंड-उत्तर प्रदेश के बार्डर के पास स्थित है। रोजाना की भांति बुधवार की रात भी वह दुकान बंद करके घर चला गया। गुरुवार की सुबह दुकान खोलने पहुंचा तो दुकान की टिनशेड टूटी हुई थी। 16 अक्टूबर की रात में किसी समय अज्ञात चोर दुकान की टिनशेड तोड़कर वेल्डिंग लीडें, लोहा, ग्लेंडर मशीन व गैस कटर आदि सामान चोरी करके ले गए हैं।

# गांव बाजपुर में रामलीला शुरू



गांव बाजपुर में श्रीरामलीला के मंचन का शुभारंभ करते पं.दलीप चंद शर्मा। ● अमृत विचार

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** गांव बाजपुर में भी श्रीरामलीला का मंचन शुरू हो गया है। आदर्श श्रीरामलीला कमेटी के तत्वावधान में हो रहे इस मंचन में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे पंडित दलीप चंद शर्मा व अनिरुद्ध शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित व फीता काटकर शुभारंभ किया।

गणेश वंदना के बाद प्रथम दिन नारद मोह की लीला का सुंदर मंचन किया गया। मंच संचालक कुलदीप शर्मा ने बताया कि आदर्श श्रीरामलीला का मंचन 25 अक्टूबर तक चलेगा। इस मौके पर रामलीला कमेटी अध्यक्ष पूर्व प्रधान द्वारिका प्रसाद, संरक्षक विपिन शर्मा, राधे सैनी, मंच संचालक चौधरी महिपाल, उपाध्यक्ष सुरेश सैनी, कोषाध्यक्ष मुकेश शर्मा मौजूद रहे।

## रंगारंग

भारतीयम स्कूल में आयोजित हुआ दो दिवसीय स्पर्धा समारोह, कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अजय भट्ट ने की शिरकत

# छात्र–छात्राओं ने मनमोहक प्रस्तुति देकर दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार :** रुद्रपुर मार्ग स्थित भारतीयम इंटरनेशनल स्कूल में 11वां स्पर्धा समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान "उत्तराखंड की रजत धारा" उत्तराखंड की 24 वर्षों की यात्रा जो कि समृद्धि, संस्कृति, लचीलेपन और एकता की भावना से भरी यात्रा रही है, उसे सुंदर तरीके से दर्शाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे सांसद अजय भट्ट ने शिरकत कर बच्चों का उत्साह वर्धन किया।

मुख्य अतिथि सांसद अजय भट्ट ने भारतीयम स्कूल के प्रबंधक राकेश गोयल, भारत गोयल, गुरजीत सिंह कामरा, स्मृति गोयल एवं प्राचार्य रश्मि आनंद के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। विद्यालय के प्रबंधक भारत गोयल ने कहा कि प्रतिभा की पहचान सिर्फ प्रतियोगिता में नहीं बल्कि सहयोग और सामंजस्य में भी होती है। इस दौरान विधायक शिव अरोरा, विकास शर्मा, लवी सहगल, सांसद प्रतिनिधि विपिन जलहोत्रा, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अक्षय अरोड़ा, हिमांशु शुक्ला के सम्मान में छात्र-छात्राओं ने स्वागत गीत की मनमोहक प्रस्तुति दी। क्रीडा महोत्सव के अंतर्गत छात्र-छात्राओं द्वारा 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर दौड़, रिले प्रतियोगिता, बालक - बालिका वर्ग में लंबी कूद, मनोरंजन दौड़ आदि आयोजित की गई।



किच्छा के भारतीयम स्कूल में अतिथियों का स्वागत करते आयोजक। ● अमृत विचार



रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति देते बच्चे। ● अमृत विचार

### नई बस्ती पचौरिया में ग्रामीण के घर में घुसा अजगर



घर में घुसे अजगर को पकड़ते वन कर्मी।

**खटीमा :** चकरपुर के नई बस्ती पचौरिया में एक ग्रामीण के घर में अजगर घुसने से परिजनों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू कर उसे सुरक्षित स्थान में छोड़ दिया। गुरुवार की सुबह चकरपुर के नई बस्ती पचौरिया निवासी प्रेम राम के घर में अजगर घुस गया। परिजनों के शोरगुल करने पर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए। अजगर के घर में घुसने की सूचना गृह स्वामी ने वन विभाग को दी। सूचना पर वन बीट अधिकारी हिमांशु पंत के नेतृत्व में टीम मौके पर पहुंची। टीम ने रेस्क्यू अभियान चलाकर घर के अंदर घुसे अजगर को पकड़ लिया। वन बीट अधिकारी पंत ने बताया कि अजगर सांप को नखताल के जंगल में सुरक्षित छोड़ दिया। इस दौरान टीम में वन बीट अधिकारी टेक चंद, विशाल कुमार, सुभाष चंद, विशेष राणा आदि मौजूद थे।

## एक नजर

### गिरीताल रोड पर सांप मिलने से मचा हड़कंप

**काशीपुर :** गिरीताल रोड पर सड़क किनारे स्थित नाले पर एक सांप मिलने से लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची वन विभाग की रैपिड रिस्पांस टीम ने सांप को रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा। काशीपुर रेंज के रेंजर देवेंद्र रजवार ने बताया कि गुरुवार को गिरीताल रोड पर एक जहरीला सांप मिलने की सूचना मिली थी। सूचना पर रैपिड रिस्पांस टीम मौके पर पहुंची। उन्होंने बताया कि सांप रसल प्रजाति का है। जिसे रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ दिया है।

### 70 पाउच कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया

**खटीमा :** बुधवार देर शाम ग्रामीणों ने सत्रहमील पुलिस चौकी प्रभारी ललित बिष्ट को सूचना दी कि ग्राम कलेक्टर फार्म एक महिला अपने घर पर कच्ची शराब बेच रही है। पुलिस ने कलेक्टर फार्म में घर पर छापा मारा, जहां पुलिस टीम ने ग्राम रघुलिया निवासी हरवंश कौर को कच्ची शराब की बिक्री करते हुए पकड़ लिया। इस दौरान 70 पाउच कच्ची शराब बरामद हुई। चौकी प्रभारी बिष्ट ने बताया आरोपी महिला के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली के टायर से कुचलकर युवक की मौत

## ट्रैक्टर के बोनट पर बैठकर आ रहा था युवक, अचानक चक्कर आने से सड़क पर गिरा, मौत से परिवार सदमे में

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** ट्रैक्टर-ट्रॉली के टायर से कुचलकर गुरुवार को युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे परिजन बिना किसी पुलिस कार्रवाई किए शव को घर ले आए। शाम के समय युवक को सुपुर्दे खाक कर दिया गया। युवक की आकस्मिक मौत से उसका परिवार सदमे में आ गया है।

नरपतनगर निवासी मोहम्मद अहमद का बेटा 35 वर्षीय मोहम्मद आरिफ गुरुवार को सुबह भूसे की ट्रैक्टर ट्रॉली पर मजदूरी करने बन्नाखेड़ा बाजपुर गया था। काम निपटाकर वापस आते समय युवक ट्रैक्टर के बोनट पर बैठकर आ रहा था। बताते हैं कि अचानक चक्कर आने पर युवक सड़क पर गिर गया। जब तक चालक ट्रैक्टर रोक पाता कि ट्रॉली का टायर युवक के ऊपर चढ़ गया। दुर्घटना में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दुर्घटना देख आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए। सूचना पर मृतक युवक के परिजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए। परिजन बिना किसी पुलिस कार्रवाई किए मृतक युवक के शव को घर ले आए। शाम के समय युवक को सुपुर्दे खाक कर दिया गया। मृतक युवक की पत्नी और बच्चे सदमे में हैं।


बाजपुर में हादसे के बाद खेत में घुसी क्षतिग्रस्त कार। ● अमृत विचार


हादसे में घायल गुरकीरत। ● अमृत विचार

### सड़क हादसो में किशोरी समेत तीन लोग हुए घायल

बाजपुर। अलग-अलग सड़क हादसों में किशोरी समेत तीन लोग घायल हो गए जिन्हें सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर दो को हायर सेंटर रेफर कर दिया है। गुरुवार को गिल चौक निवासी गुरकीरत सिंह पुत्र जसपाल अपने साथी के साथ कार में ट्यूशन पढ़ने जा रहा था। बताया जाता है कि इसी बीच लेवड़ा नदी की माइनर सिंचाई नहर रोड पर अचानक सामने से आ रहे वाहन से बचने के चक्कर में कार अनियंत्रित होकर खेत में जा पलटी। हादसे में गुरकीरत गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि उसके साथी के मामूली चोटें आई हैं। घायल को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना में क्षतिग्रस्त हुई कार को कब्जे में ले लिया है। वहीं दूसरी घटना में बाइक पर सवार गद्दीनगली स्वार रामपुर उप्र निवासी वर्षा पुत्री शेर सिंह घायल हो गई जिसे सरकारी अस्पताल बाजपुर में भर्ती कराया गया है। चिकित्सकों ने इसे भी रेफर कर दिया है।

# वनरक्षक और डीएफओ ने किया सुरई रेंज का निरीक्षण

संवाददाता, खटीमा

**निर्देश**
- बिना वर्क आर्डर के कटान की शिकायत का लिया जायजा
- डिपो की वीडियो रिकॉर्डिंग कराने के दिए निर्देश

**अमृत विचार:** वन संरक्षक डॉ. विनय भार्गव व डीएफओ हिमांशु बागड़ी ने सुरई वन रेंज का निरीक्षण किया। उन्होंने जल्द शुरू होने वाली जंगल सफाई की तैयारियों का जायजा लिया वहीं एसडीओ खटीमा को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बिना वर्क आर्डर के कटान की शिकायत का भी निरीक्षण किया। डीएफओ ने निगम के डिपो की वीडियो रिकॉर्डिंग कराकर देने के निर्देश दिए।

कुछ लोगों की शिकायत थी कि सुरई रेंज में बिट 50(अ) में बिना वन निगम के आदेश पर कटान किया गया। जिस पर अभी भी वन निगम का आदेश नहीं आया है। टेंडर जारी हुआ था पर बिना वन निगम के आदेश पर समय से पूर्व कटान किया गया है। इसके अलावा वन निगम के डिपो से निजी रास्ता दिए जाने की भी शिकायत थी। इस पर डीएफओ हिमांशु बागड़ी ने कहा कि जो भी कटान किया गया है, उसके टेंडर और आदेश आठ अक्तूबर को हो गए थे। यह शिकायत निराधार पाई गई जबकि डिपो के अंदर से निजी रास्ता दिए जाने के मामले में एसडीओ संचिता वर्मा को इसकी वीडियो रिकॉर्डिंग कर देने को कहा गया है। डिपो के अंदर से किसी को भी निजी रास्ता नहीं दिया जा सकता।

डीएफओ बागड़ी ने बताया कि जंगल सफारी में पांच कार्य करने के निर्देश वर संरक्षक डॉ. भार्गव ने सुरई की सभी सड़कों की मरम्मत, जगह-जगह जंगल सफाई के प्रचार प्रसार के लिए बोर्ड, गेट पर एक संग्रहालय, सुरई गेस्ट हाउस में पर्यटकों के लिए रुकने की व्यवस्था, एक सुरई ईको टूरिज्म कमेटी बनाने को कहा है। यह कमेटी यहां आने वाले लोगों के रहने सहित अन्य व्यवस्थाएं देखेगी। इस दौरान रेंजर सुरई आरएस मनराल, खटीमा रेंजर महेश चंद्र जोशी आदि मौजूद थे।


खटीमा के सुरई रेंज का निरीक्षण करते वनरक्षक और डीएफओ। ● अमृत विचार


बाजपुर के रेलवे स्टेशन पर पुनर्निर्माण का नक्शा देखते अधिकारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि। ● अमृत विचार

# रेलवे के विस्तार में रास्ता बंद होने से रोष

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** जल निकासी की समस्या को लेकर बुलाए गए रेलवे के अधिकारी के हाथ में मौजूद नक्शा देखा गया तो पानी निकासी की बात तो अलग रही, गुरुद्वारा साहिब के सामने से चीनी मिल को जाने वाला पूरा मार्ग ही बंद होता नजर आ रहा है, जबकि रेलवे स्टेशन के विस्तारीकरण का कार्य प्रगति पर है।

भाजपा नेता गौरव शर्मा ने बताया कि पिछले सप्ताह क्षेत्रवासियों की सड़क, पानी निकासी समस्याओं को समझने के लिए उन्होंने रेलवे अधिकारियों से वार्ता कर स्थलीय निरीक्षण करवाने का अनुरोध किया था। इस पर गुरुवार को रेलवे असिस्टेंट डिवीजन इंजीनियर सुबोध कुमार अपनी टीम के साथ बाजपुर पहुंचे। उन्होंने बाजपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर हो रहे नवनिर्माण संबंधित कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर गतिविधियों को समझा। इसी बीच जानकारी मिलने पर पहुंचे भाजपा नेता गौरव शर्मा ने उन्हें क्षेत्रवासियों की समस्याओं से अवगत कराया जिसमें सुभाषनगर के वाशिंदों की पानी की निकासी इत्यादि की समस्या के समाधान का अनुरोध किया गया। गौरव शर्मा ने बताया कि रेलवे विभाग के अधिकारियों ने सकारात्मक प्रयास करने का भरोसा दिलाया है। वहीं बाजपुर भूमि बचाओ मुहिम के संयोजक जगतार सिंह बाजवा ने कहा कि मानचित्र के अनुसार सड़क के स्थान पर रेलवे ट्रैक व प्लेटफार्म का निर्माण होना प्रस्तावित है। ऐसी स्थिति में रोड बंद होने पर बाजपुर का पूरा ताना-बाना बिगड़ जाएगा, क्योंकि इस रोड पर गुरुद्वारा साहिब का मुख्य द्वार, मंडी का मुख्य गेट, एफसीआई के गोदाम का रास्ता, चीनी मिल व गेस्ट हाउस को जाने का रास्ता सहित वर्षों से इस रोड पर बनी हुई दुकानों व घरों का आवागमन पूर्णता बंद हो जाएगा। वहीं डा.सौरभ परमार ने बताया कि नक्शे के अनुसार रेलवे का ट्रैक उस रोड के बीचोंबीच आ रहा है जो गुरुद्वारा साहिब से होती हुई शुगर फैक्ट्री को जाती है।

# देवभूमि रक्षा मंच ने फूंका राज्य पुलिस का पुतला

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार:** देवभूमि रक्षा मंच के संयोजक कमलेश तिवारी के नेतृत्व में तमाम युवाओं ने नगर के महाराणा प्रताप चौक पर उत्तराखंड पुलिस का पुतला दहन किया।

मंच के संयोजक कमलेश तिवारी ने कहा कि विगत 29 अगस्त को ग्राम लालपुर में गिरीश चंद्र पांडे के घर में घुसकर समुदाय विशेष के लोगों द्वारा तोड़फोड़ करने के साथ ही परिजनों के साथ मारपीट की गई थी। उन्होंने बताया कि पीड़ित पक्ष द्वारा लालपुर चौकी एवं कोतवाली पुलिस को शिकायत किए जाने के बावजूद पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस लगातार आरोपियों को बचाने का काम कर पीड़ित पक्ष पर ही समझौता करने का दबाव बना रही है। उन्होंने कहा कि विगत दिनों प्रभारी निरीक्षक द्वारा मामले की निष्पक्ष जांच कर कार्यवाही का भरोसा दिलाया गया था लेकिन कई दिन बीतने के बाद भी किच्छा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की है। घटना की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस की टीम के साथ कार्यकर्ताओं की तीखी नोकझोंक भी हो गई। इस दौरान पुलिस ने मंच के कई कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया। कोतवाली लाने के बाद पुलिस ने हिदायत देकर कार्यकर्ताओं को छोड़ दिया। इस दौरान तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।


किच्छा में प्रदर्शन करते देवभूमि रक्षा मंच के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार


अखिल एकता उद्योग व्यापार मंडल की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# अखिल एकता उद्योग व्यापार मंडल ने किया कार्यकारिणी का विस्तार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** अखिल एकता उद्योग व्यापार मंडल की बैठक गुरुवार को कालाढूंगी रोड स्थित एक होटल में हुई। इसमें प्रदेश अध्यक्ष विशाल शर्मा एवं महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश महामंत्री ज्योति अवस्थी ने प्रदेश कार्यकारिणी व मंडल कार्यकारिणी का विस्तार किया।

बैठक में सर्वसम्मति से रेनू डसीला को नगर उपाध्यक्ष, सुरभि रस्तोगी नगर सचिव, बबीता बिष्ट नगर उपसचिव, शशि बिष्ट जिला उपाध्यक्ष, बबीता हलधर एवं प्रेमा बिष्ट को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। प्रदेश अध्यक्ष ने सभी नए सदस्यों को संगठन मजबूत करने और व्यापारी हितों के लिए संघर्ष करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान मुखानी मंडल अध्यक्ष दिगंबर भोजक, अमित चौहान, लव बक्शी, देवेन्द्र बंगा, प्रमोद पाठक, कौस्तुभ चंदोला, कल्पना रावत, बालम जोशी, दीपक जोशी, दीपक तिवारी, रमेश जोशी, नुसरत, अभिषेक वर्मा, रूपेश बगड़वाल, अंश खान, चंदन सिंह सतवाल, डॉ. ममता कुमार, प्रेमा बिष्ट, पंकज नैनवाल, व्यास तिवारी, हैदर अली, कैलाश बिष्ट रहे।

## वर्ग पहेली-225

**बाएं से दाएं**

1. 1. टांकने की क्रिया 2. टांकने की मज़दूरी या पारिश्रमिक।
3. 1. घास-फूस या टीन से बनाया हुआ छोटा घर 2. छोटी-सी कुटी या झोपड़ी।
4. 1. किसी को पास आने के लिए आवाज़ देना, पुकारना 2. किसी को बोलने में प्रवृत्त करना 3. किसी से कुछ कहना या कहलाना।
6. स्त्रियों को दी जाने वाली एक प्रकार की गाली।
8. 1. अंधेरी, अंधकार भरी 2. शिकारी जंतुओं अथवा घोड़ों की आंख पर बांधने की पट्टी।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. तेज़ी से आगे बढ़ना, जल्दी-जल्दी चलना 2. झपटना।
3. टाल-मटोल, ना-नुकर करना, कार्य को आगे के लिए स्थगित करते जाना, खिसकाते जाना।
5. केलास संबंधी, सफ़ेद एवं पारदर्शक क्रिस्टल वाला।
7. गहनों पर नगीने जड़ने का काम करने वाला, जड़िया।



### वर्ग पहेली -224 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 मँ | | | | 2 ढि |
| 3 ष | ड | रि | 4 पु | | ला |
| | वा | | रो | | ना |
| | | 5 सं | हि | ति | |
| 6 द | ढ़ी | भू | त | | 7 श |
| | | त | | | फ़ी |
| 8 शि | फा | | 9 त | पा | क |

## सुडोकू -138

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | 6 | | | | | 8 |
| | 7 | | | 1 | | | 6 | |
| | 9 | | 5 | | | 1 | 4 | 2 |
| | 2 | | 3 | | 5 | 6 | | |
| | | 8 | | | | 3 | | |
| | | 1 | 4 | | 7 | | 2 | |
| 7 | 4 | 5 | | | 6 | | 1 | |
| | 3 | | | 2 | | | 5 | |
| 6 | | | | | 9 | 4 | | |

### सुडोकू - 137 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 4 | 3 | 6 | 5 |
| 6 | 3 | 7 | 2 | 5 | 1 | 8 | 4 | 9 |
| 5 | 4 | 9 | 6 | 3 | 8 | 7 | 1 | 2 |
| 2 | 9 | 6 | 1 | 7 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 8 | 7 | 3 | 5 | 4 | 9 | 1 | 2 | 6 |
| 4 | 5 | 1 | 8 | 2 | 6 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 1 | 5 | 4 | 8 | 2 | 6 | 3 | 7 |
| 7 | 6 | 4 | 3 | 1 | 5 | 2 | 9 | 8 |
| 3 | 8 | 2 | 9 | 6 | 7 | 4 | 5 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 18 अक्टूबर शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-कार्तिक, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-प्रतिपदा 01.15 तक तत्पश्चात द्वितीया।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-शरद।
चन्द्रबल- मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुम्भ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-अश्विनी 1.26 तक तत्पश्चात भरणी।

**मेष** — आज कार्यक्षेत्र में कड़ी मेहनत के बाद सफलता मिलेगी। आपकी प्रतिभा को सम्मान मिलेगा। किन्तु आज अपने चरित्र को अच्छा रखें। बिना जांच-पड़ताल के निवेश करने से आर्थिक हानि हो सकती है। आप गूढ़ विद्याओं की तरफ आकर्षित हो सकते हैं।

**वृष** — आज दिन की शुरुआत में आपको काफी दौड़धूप करनी पड़ सकती है। गैस और पित्त की समस्या हो सकती है। स्वयं द्वारा बनाये हुए नियमों की स्वत: अवहेलना न करें। बड़े भाई-बहन को लेकर थोड़े तनाव में आ सकते हैं। धन संबंधी परेशानियों में घिरे रहेंगे।

**मिथुन** — आज प्रेम संबंधों में परस्पर समर्पण की भावना में वृद्धि होगी। आपको कार्यक्षेत्र में पदोन्नति मिल सकती है। घर के बड़े-बुजुर्ग आपके काफी प्रसन्न रहेंगे। व्यापार में आ रहे विघ्नों पर विजय प्राप्त कर लेंगे। दूसरों पर ज्यादा निर्भर न रहें।

**कर्क** — आज पाचन तंत्र में कुछ परेशानी हो सकती है। मार्केटिंग क्षेत्र से जुड़े लोगों को अच्छे आर्डर मिल सकते हैं। व्यापार में अपेक्षा से अधिक धन लाभ प्राप्त होगा। अपनी महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए परिश्रम करेंगे। विदेश यात्रा से धन लाभ मिलेगा।

**सिंह** — आज जीवनसाथी आपके ऊपर नाराज हो सकते हैं। व्यर्थ के प्रपञ्चों से आपको दूर रहना चाहिए। आपको सहकर्मियों का साथ नहीं मिलेगा। शेयर और जोखिम भरे निवेशों में थोड़ी परेशानी होगी। शारीरिक और मानसिक थकान हो सकती है।

**कन्या** — आज सामाजिक और व्यावसायिक क्षेत्र में नए विरोधी उभर सकते हैं। प्रेम संबंधों में शंका की भावना न पनपने दें। गुप्त विद्याओं के प्रति आपका रूझान बढ़ेगा। बच्चों की सेहत का ध्यान रखें। जिस काम में मन न लग रहा हो तो उसे बिल्कुल न करें।

**तुला** — आज संतान की उपलब्धि से प्रसन्न होंगे। साहस और बुद्धिमत्ता युक्त निर्णय लेने से आपको व्यवसाय में शानदार सफलता मिलेगी। मांगलिक कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। कुंवारे व्यक्तियों को विवाह के अवसर मिलने के योग बन रहे हैं। सरकारी नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा।

**वृश्चिक** — आज आपके जीवनस्तर में वृद्धि होगी। विद्यार्थी पढ़ाई के साथ-साथ कुछ अतिरिक्त जॉब करने की योजना बनायेंगे। निसन्तान दम्पतियों को शुभ समाचार मिल सकते हैं। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा। विरोधी भी आपकी प्रतिभा का उत्साह बढ़ायेंगे।

**धनु** — आज समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। अपने व्यवहार में लचीलापन रखें। घर में सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। सम्पत्ति के मामलों में विजय प्राप्त हो सकती है। कारोबारी उद्देश्य से यात्रा हो सकती है। नया व्यापार शुरू करने में सफलता मिलेगी। अपनी वाणी में संयम भाव रखें।

**मकर** — आज युवा जातक प्रेमी जन से प्रणय निवेदन कर सकते हैं। स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं में सुधार होने की संभावना है। आप सिनेमा में रुचि ले सकते हैं। नए दोस्त बनने के योग बन रहे हैं। अपने काम से काम रखें दूसरों के मामले में हस्तक्षेप न करें।

**कुंभ** — आज आप कहीं दूर की यात्रा कर सकते हैं। व्यायाम और ध्यान अवश्य करें। प्रत्येक समस्या का व्यवहार कुशलता से समाधान निकाल लेंगे। बच्चों के लिए कुछ उपहार ले सकते हैं। परिवार में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। पुरानी यादें दोबारा ताजा होंगी।

**मीन** — आज यदि पार्टनरशिप में कोई व्यापार कर रहे हैं, तो उसमें पारदर्शिता अवश्य रखें। आईटी से जुड़े व्यवसाय से धन लाभ प्राप्त होगा। आज आपकी कोई गोपनीय बात बाहर आ सकती है। कुछ लोग आपकी निश्छलता का गलत फायदा उठाने का प्रयास करेंगे।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
- स्पोर्ट — सुबह : 11.15
- चाचा भतीजा — रात : 07.03

**&pictures**
- अपरिचित — सुबह : 10.56
- मडगांव एक्सप्रेस — रात : 08.00

**SONY PIX**
- वाइट हाउस डाउन — सुबह : 08.14
- जस्टिस लीग — शाम : 06.51

**ZEE CINEMA**
- शागिर्द — सुबह : 10.30
- सोचा न था — रात : 07.30

**ZEE ACTION**
- प्लेयर्स — सुबह : 10.28
- खुदा कसम — शाम : 05.04

### आज की सुपरहिट फिल्म



एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

करवा चौथ के एक-दो दिन पहले बाजार में एक महिला को दोनों हाथों में भर-भर के मेहंदी लगवाने के बाद याद आया कि वो स्कूटी पर अकेले ही आई है,

वो परेशान खड़ी थी कि तभी उसके एक पड़ोसी सज्जन ने उसे पहचान लिया और फिर उसी की स्कूटी में उसे घर तक छोड़ दिया।

घर पहुंचने के बाद पड़ोसी को याद आया कि वह अपनी बाइक और बीवी दोनों को तो बाजार में ही छोड़ आया है।

हैप्पी करवा चौथ।

## एक नजर

### कौशलम कार्यक्रम के तहत शिक्षकों का प्रशिक्षण जारी

**रानीखेत :** विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ उनकी रुचि के अनुसार प्रोजेक्ट बनाने में दक्ष करने जिससे भविष्य में वे अपना स्टार्टअप शुरु कर सकें इस उद्देश्य से विद्यार्थी कौशलम उद्यमिता पाठ्यक्रम योजना आरम्भ हुई है। कौशलम कार्यक्रम के तहत यहां मिशन इंटर कॉलेज में 80 शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जो अपने विद्यालयों में इस प्रशिक्षण को लागू करेंगे। गौरतलब है कि उत्तराखंड राज्य में पलायन एक महत्वपूर्ण और गंभीर समस्या रही है। इस समस्या के समाधान के लिए स्कूली स्तर पर 'स्टेट काउंसिल ऑफ एजुकेशन रिसर्च एंड ट्रेनिंग' ने तीन वर्ष पहले विद्यालय शिक्षा के लिए कौशलम उद्यमिता पाठ्यक्रम तैयार किया। मिशन इंटर कॉलेज में कौशलम कार्यक्रम के तहत चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर जीवन सिंह नेगी ने कहा कि उद्यम ऐसा होना चाहिए, जो स्थानीय आवश्यकताओं की पूर्ति करें तथा आय अर्जित करने में सहायक हो। कौशलम कार्यक्रम से जुड़े मास्टर ट्रेनर प्रकाश पपनै द्वारा कहा कि विद्यार्थियों में उद्यमिता के विकास के लिए धैर्य, स्व-जागरूकता, तर्कपूर्ण जागरूकता का विकास करना आवश्यक है। कौशलम कार्यक्रम की कक्षाएं 9, 10 ,11 ,12 के लिए लागू की गई हैं । जिनका ग्रैंड फिनाले 24 दिसंबर 2024 को 'श्री इंद्रमणि बडोनी जी' के जन्म दिवस पर आयोजित किया जाएगा ।

# एनएच बंद होने से यात्रियों पर पड़ रहा अतिरिक्त बोझः भूपेंद्र

### कहा, समस्याओं को छोड़ सांसद पार्टी के सदस्यता अभियान में व्यस्त

संवाददाता, अल्मोड़ा

**आरोप**

- सरकार और मंत्री क्वारब की समस्या का समाधान निकालने में विफल
- दीपावली का त्योहार नजदीक व्यापारियों को नहीं मिल पा रहा समय से माल


भूपेंद्र भोज, कांग्रेस जिलाध्यक्ष, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** अल्मोड़ा-हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग के क्वारब के पास लगातार बंद हो रही आवाजाही पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भोज ने कड़ी नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि एनएच के बंद होने से यात्रियों पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। वहीं, केंद्रीय राज्य मंत्री व क्षेत्रीय सांसद पार्टी के सदस्यता अभियान में मग्न हैं। उन्हें लोगों की समस्याओं से कोई सरोकार नहीं है।

जिलाध्यक्ष भोज ने कहा कि एनएच बंद होने से अल्मोड़ा ही नहीं पिथौरागढ़, बागेश्वर के अलावा तराई को आवाजाही करने वाले लोग प्रभावित हो रहे हैं। लोगों को अतिरिक्त किराया चुकाकर डायवर्ट रूट का इस्तेमाल करना पड़ रहा है। इसके अलावा दीपावली का त्योहार नजदीक है और व्यापारियों को अपना माल नहीं मिल पा रहा है। टैक्सी चालक, ट्रांसपोर्ट कारोबारियों के अलावा एनएच से जुड़े सैकड़ों लोग परेशान हैं। लेकिन क्षेत्रीय सांसद समस्या का समाधान ढूंढने के बजाए सदस्यता अभियान को लेकर गंभीर हैं। सरकार और उनके मंत्री क्वारब की समस्या का समाधान निकालने में विफल हैं। कहा कि 21 अक्टूबर तक अगर व्यवस्था नहीं सुधरी तो कांग्रेस उग्र आंदोलन कर शासन-प्रशासन की लापरवाही आम लोगों के सामने रखेगी।

### दरक रही पहाड़ी के स्थायी समाधान की मांग

**अल्मोड़ा :** देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल के शिष्टमंडल ने केंद्रीय सड़क परिवहन राज्यमंत्री अजय टम्टा से मुलाकात की। अल्मोड़ा-हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग पर क्वारब के समीप लगातार भूस्खलन के चलते यातायात बाधित होने से व्यापारियों को हो रही परेशानी से अवगत कराया। शीघ्र स्थायी समाधान की मांग उठाई। कहा कि बार-बार मार्ग बाधित होने से व्यापारियों को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। यहां जिला अध्यक्ष मनोज सिंह पवार, नगर अध्यक्ष संजय साह, हिमांशु कांडपाल, हिमांशु बिष्ट, मदन रावत, राजेंद्र तिवारी, सुमित टम्टा, मनु गुप्ता, अतुल वर्मा, प्रमोद पवार, वंदना वर्मा, दीप चंद्र जोशी, दीपक जोशी, आनंद सिंह भोज, नीरज थापा, कमल बिष्ट आदि मौजूद रहे।

## सीएससी सेटरों में चस्पा करें रेट लिस्ट

**अल्मोड़ा, अमृत विचारः** जनपद के जन सेवा केंद्रों में संचालित सेवाओं से संबंधित निर्धारित शुल्क की सूची चस्पा नहीं होने और अलग-अलग शुल्क लिए जाने की शिकायतों का जिलाधिकारी आलोक कुमार पांडेय ने स्वतः संज्ञान लिया है। उन्होंने कहा कि जनसेवा केंद्रों में शुल्क में एकरूपता हो। डीएम ने संबंधितों को निर्देश जारी करते हुए रेट लिस्ट चस्पा करने को कहा। उन्होंने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कहा कि जनपद की पर्वतीय परिस्थितियों के दृष्टिगत आम जनता को सीएससी केंद्रों में आने के लिए भी कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है, इसके बावजूद यदि उन्हें सीएससी सेवाओं के लिए अधिक धनराशि खर्च करनी पड़ती है तो यह उनके लिए उचित नहीं है। उन्होंने समस्त उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अपने-अपने क्षेत्रों में संचालित सीएचसी सेंटरों में ऐसी व्यवस्था बनाई जाए कि जनपद में संचालित समस्त जन सेवा केंद्रों के बाहर प्रत्येक सेवा के लिए निर्धारित शुल्क सूची अनिवार्य रुप से लगी हो। उन्होंने जन सेवा केंद्रों का निरीक्षण करने के भी निर्देश दिए।

# विभाग आपसी समन्वय से करें समस्याओं का समाधान


जिला कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों की बैठक लेते जिलाधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी आलोक कुमार पांडेय की अध्यक्षता में जनपद के विद्यालयों में पेयजल, शौचालय एवं विद्युत संयोजन के संबंध में बैठक जिला कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने मुख्य शिक्षाधिकारी को निर्देश दिए कि जिन विद्यालयों में पेयजल, शौचालय एवं विद्युत संयोजन नहीं है उन विद्यालयों में प्राथमिकता के आधार पर कार्य किया जाय। उन्होंने जल निगम के अधिकारियों को सभी विद्यालयों का निरीक्षण करने तथा जिन विद्यालयों में पेयजल उपलब्ध नहीं है उन विद्यालयों में शीघ्र पेयजल उपलब्ध कराते हुए की गई कार्यवाही से जिलाधिकारी कार्यालय को भी अवगत कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन विद्यालयों के शौचालय क्षतिग्रस्त है उनकी मरम्मत जल्द से जल्द की जाय। बैठक में उन्होंने जल संस्थान, पेयजल निगम, जल निगम, विद्युत व शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे आपस में समन्वय स्थापित करते हुए जनपद के सभी विद्यालयों में पेयजल, शौचालय एवं विद्युत संयोजन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि विद्यालय की पेयजल लाइन को क्षतिग्रस्त करने वालों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाए।

## नाबालिग का शारीरिक शोषण करने वाला आरोपी किया गिरफ्तार

**टनकपुर, अमृत विचारः** एक दलित नाबालिग लड़की से दुराचार किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। बताया जा रहा है कि युवक नाबालिग लड़की का पिछले 5 सालों से शारीरिक शोषण कर रहा था। इस घटना से क्षेत्र के लोगों में भारी आक्रोश है।

इस मामले में बुधवार की देर रात को टनकपुर चम्पावत राष्ट्रीय राजमार्ग से लगे सुखीढांग क्षेत्र के एक गांव के पीड़िता नाबालिग लड़की के पिता ने टनकपुर कोतवाली में तहरीर दी। उन्होंने तहरीर में आरोप लगाया है कि टनकपुर से लगे गांव मनिहारगोठ का 23 वर्षीय युवक मयूर खान उर्फ अनस पुत्र अनीस अहमद उनकी पुत्री के साथ पिछले पांच सालों से शारीरिक शोषण कर रहा था। इधर प्रभारी कोतवाल सुरेंद्र सिंह कोरंगा ने बताया कि आरोपी युवक को गिरफ्तार कर उससे पूछताछ की जा रही है। उसके विरुद्ध धारा 376 और पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। इस मामले की जांच एसआई हिमानी गहतोड़ी कर रही है।

# उच्च शिक्षा मंत्री का फूंका पुतला


चौघानपाटा में उच्च शिक्षा मंत्री का पुतला दहन करते एनएसयूआई कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** छात्रसंघ चुनाव की तिथि घोषित नहीं होने से छात्रसंघ चुनाव लड़ रहे दावेदारों में आक्रोश है। तिथि घोषित नहीं होने से गुरुवार को छात्रों का आक्रोश फूट पड़ा। नाराज एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने शीघ्र तिथि घोषित करने की मांग को लेकर चौघानपाटा में प्रदर्शन किया। उच्च शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत का पुतला फूंका।

मौके पर एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने कहा कि छात्र संघ चुनाव राजनीति की पहली सीढ़ी होती है। छात्र संघ से ही निकलकर आज कई नेता देश की संसद तक पहुंचे हैं। लेकिन उच्च शिक्षा मंत्री ने अक्टूबर के 16 दिन बीत जाने के बाद भी छात्र संघ चुनाव की तिथि घोषित नहीं की है। कहा कि इससे छात्र संघ चुनाव लड़ने वाले दावेदारों में आक्रोश हैं। जबकि बीते दिनों 25 अक्टूबर तक चुनाव कराने का आश्वान दिया गया। लेकिन अब तक तिथि घोषित नहीं होने से छात्र नेता असमंजस में है। कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में शीघ्र तिथि घोषित करने की मांग की। मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की भी चेतावनी एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने की। यहां एनएसयूआई जिलाध्यक्ष संजू सिंह, अमित बिष्ट, पवन मेहरा, पंकज कार्की, नितिन रावत, रोहित वर्मा, कार्तिक, दीपक, वीरेंद्र धामी, लोकेश, हर्षित दुगार्पाल आदि रहे।

# चम्पावत में तीन दिनी कार्यशाला का समापन

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार :** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेश पर जिला न्यायालय परिसर चम्पावत में चल रही तीन दिवसीय कार्यशाला में जिले भर से आये सभी पीएलवी को प्रशिक्षण दिया गया।

प्राधिकरण सचिव भावदीप रावते ने बताया कि समाज में पीड़ित और वंचित लोगों को न्याय दिलाने के उद्देश्य से कार्य कर रहे पीएलवीओ को कानून के विविध पहलुओं से रू-ब-रू करा कर उनकी जानकारी को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से कार्यशाला आयोजित की गई। कहा कि यह कार्यक्रम लोगों को विधिक जागरूकता प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

इस अवसर पर माइग्रेशन एंड एसाइलम प्रोजेक्ट की ओर से आये प्रशिक्षक शोएब खान एवं पूजा ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई, जिनमें पीएलवी कानून और इसके प्रावधान, संविधान और मौलिक अधिकार, नागरिकों के कर्तव्य और अधिकार, लोक अदालतें और उनकी भूमिका, विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम-1987 इसके अलावा पीएलवी कानून की प्रत्येक सहायता की जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि जनता तक जल्दी न्याय पहुंचाने एवं छोटे- मोटे झगड़े को प्रारंभिक स्तर पर निपटारा करने के लिए ही पीएलवी की नियुक्ति की गई है। पीएलवी नालसा स्कीमों को असहाय व गरीबों तक पहुंचाने का काम करेंगे। बाद में प्रशिक्षणार्थियों को प्रशस्ति पत्र दिए गये। कार्यशाला में सीएलडीसी विजय राय, वरिष्ठ सहायक समीर कुमार चौधरी, दिनेश भट्ट, सुनील माहरा, जितेंद्र अधिकारी आदि मौजूद रहे।

# महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज दून का ओवर ऑल चैंपियनशिप पर रहा कब्जा

संवाददाता, टनकपुर


देहरादून की विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित करते मुख्य अतिथि।

**अमृत विचार :** टनकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रही तीन दिवसीय राज्य स्तरीय विद्यालयी बॉक्सिंग प्रतियोगिता संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता में महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज देहरादून ने ओवर ऑल चैंपियनशिप पर कब्जा जमाया साथ ही इस प्रतियोगिता में दूसरे स्थान पर पौड़ी और तीसरे स्थान पर पिथौरागढ़ की टीम रही। बाद में विजेता और उप विजेता टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

राज्य स्तरीय इस प्रतियोगिता में प्रदेश के 10 जिलों की 11 टीमों ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। बाद में मुख्य अतिथि जिला चम्पावत के जिला क्रीड़ाधिकारी चंदन सिंह बिष्ट ने विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। वहीं पिथौरागढ़ के धर्मेंद्र बोहरा को बेस्ट ऑफिशियल से सम्मानित किया गया।

इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक प्रधानाचार्य विनीता जोशी, जिला क्रीड़ा समन्वयक प्रदीप बोहरा, सेवानिवृत्ति उप क्रीड़ाधिकारी जेएस मेहता, बॉक्सिंग कोच ललित मोहन कुंवर, क्रीड़ा प्रभारी मुकेश शर्मा, चंद्रशेखर खोलिया, ललित भट्ट, ममता बिष्ट, कल्पना आर्य, दिवाकर भट्ट, रचित वल्दिया, संग्राम सिंह, सरदार जसवंत सिंह बब्बू आदि मौजूद रहे।


धनुष टूटने पर राजा जनक के समक्ष क्रोध करते परशुराम। ● अमृत विचार

### जनक राजा बता जल्दी ये शिव धनुष किसने तोड़ा है...

**बैरती (अल्मोड़ा) :** क्षेत्र के बसभीड़ा में रामलीला का मंचन जारी है। गत रात्रि के मंचन में परशुराम- लक्ष्मण संवाद ने अद्भुत समा बांध दिया। लक्ष्मण की पात्र वैष्णवी किरौला व परशुराम के पात्र किरन पांडेय के शानदार अभिनय से पूरा दर्शक पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। राजा जनक का अभिनय कर रहे कमेटी के डायरेक्टर चंद्र लाल वर्मा और सुनैना की पात्र केशरी, रावण दीनदयाल वर्मा, वाणासुर पवन किरौला तथा बंदीजन महेश तिवारी व गोबिंद किरौला आदि सभी पात्रों का अभिनय भी तारीफे काबिल रहा। सीता स्वयंवर में देश, देशों से पधारे राजा, महाराजाओं का हास्य व्यंग्य पूर्ण प्रदर्शन काफी लोकप्रिय रहा। रामलीला में क्षेत्र के अलावा दूर- दराज से भी दर्शक यहां पधार रहेहैं।

# कानूनी अधिकारों की जानकारी दी

संवाददाता, अल्मोड़ा


सर्वोदय कॉलेज जैंती में आयोजित शिविर में महालक्ष्मी किट का वितरण करते अतिथि।

**अमृत विचारः** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से सर्वोदय इंटर कॉलेज जैंती में बहुउद्देशीय शिविर आयोजित किया गया। शुभारंभ विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव शचि शर्मा व अतिथियों ने दीप जलाकर किया। मेधावी छात्रों को टेबलेट और महिलाओं को महालक्ष्मी किट बांटी गई।

मौके पर सचिव शचि शर्मा ने मौजूद लोगों और विद्यार्थियों को नालसा, सालसा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की स्थापना व कार्यों, नालसा की विभिन्न योजनाएं, माहिलाओं, बच्चों, ट्रांसजेंडर, वरिष्ठ नागरिकों आदि के अधिकारों, महिला सशक्तिकरण, महिलाओं के विशेष कानूनी अधिकार, नशीले पदार्थों के दुष्प्रभाव, निःशुल्क विधिक सहायता आदि जानकारी देकर जागरूक किया।

वहीं शिविर में एसडीआरएफ टीम ने आपदा के समय बचाव और राहत कार्यों का प्रशिक्षण दिया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। मरीजों की जांच कर दवा वितरित की गई। दिव्यांगता प्रमाण पत्र भी बनाये गए। जबकि विभिन्न विभागों की तरफ से स्टाल लगाये गए। वहीं स्टाल का जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने निरीक्षण किया। आम जनता को दी गई सहायता व लाभ के विषय में जानकारी ली। 430 सरल कानूनी ज्ञान माला पुस्तकों का वितरण किया गया। शिविर का करीब तीन हजार लोगों ने लाभ लिया। इसके अलावा विभिन्न स्कूलों के बच्चों की ओर से सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, नुक्कड़ नाटक, कुमाउनी नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी गई। यहां उपजिलाधिकारी एनएस नगन्याल आदि मौजूद रहे।

## उत्तर प्रदेश

### मथुरा में सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत

**मथुरा, एजेंसी :** मथुरा में एक पिकअप के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से उसमें सवार दो बच्चियों समेत बिहार के पांच लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए।

पुलिस ने बताया कि यह घटना कोसीकलां थाना क्षेत्र के कोसी-शेरगढ़ रोड पर नगरिया सतबीसा के पास हुई जब मजदूरों को ले जा रहे पिकअप बिजली के खंभे से टकरा जाने से बिजली का तार टूट गया और इससे बचने के लिए मजदूर वाहन से कूद गए। एसएसपी शैलेश कुमार पांडे ने बताया कि इस बीच चालक ने वाहन को पीछे मोड़ दिया जिससे सभी लोग वाहन की चपेट में आ गए। पांच लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि सभी बिहार के रहने वाले थे।

# महिला ने पुलिस चौकी के बाहर खुद को लगाई आग

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** प्रेमी ने शादी करने से इन्कार किया तो क्षुब्ध होकर महिला ने डीजल डालकर खुद को आग लगा ली और चौधरी सराय पुलिस चौकी में घुस गई। महिला की आग बुझाने में एक सिपाही व एक अन्य व्यक्ति भी मामूली रूप से झुलस गया। महिला को गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर किया गया है। महिला ने पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया। वहीं एसपी का कहना है कि आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई थी।

सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला चौधरी सराय निवासी नाजिया (32 वर्ष) के पति दिलशाद की तीन वर्ष पहले मौत हो चुकी है। नाजिया के तीन बच्चे हैं। दिलशाद की मौत के बाद करीब दो साल से मुहल्ले के ही युवक से नाजिया का प्रेम प्रसंग चल रहा है। नाजिया का कहना है कि युवक ने शादी का भरोसा देकर अनेक बाद उसके साथ शारीरिक संबंध बनाये मगर अब शादी करने से मना कर दिया। नाजिया का कहना है कि पुलिस से शिकायत की गई लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। पुलिस चौकी के बाहर नाजिया ने अपने शरीर पर डीजल छिड़क कर आग लगा ली और फिरचौकी में घुस गई। पुलिस कर्मी महिला की आग बुझाने में जुटे तो सिपाही कपिल सिंधु का हाथ भी झुलस गया जबकि एक व्यक्ति भी झुलसा है।

**कार्यक्रम** — सांस्कृतिक नगरी में वाल्मीकि जयंती पर निकाली गई शोभा यात्रा का जगह-जगह पुष्पवर्षा से हुआ स्वागत

# भव्य शोभायात्रा के साथ मनाई गई महर्षि वाल्मीकि जयंती

संवाददाता, अल्मोड़ा/टनकपुर

**अमृत विचार :** सांस्कृतिक नगरी अल्मोड़ा में वाल्मीकि महासभा पंचायत की ओर से महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग शोभायात्रा देखने पहुंचे। नगर के मुख्य बाजार में यात्रा का जगह-जगह फूलों से स्वागत किया गया।

गुरुवार को मालरोड स्थित नगर पालिका पार्किंग के पास आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि केंद्रीय सड़क परिवहन राज्यमंत्री अजय टम्टा, विधायक मनोज तिवारी, प्रदेश उपाध्यक्ष कैलाश शर्मा समेत अन्य अतिथियों ने किया। शोभायात्रा में राजपुरा, एनटीडी, गणेशी गैर धारानौला व पातालदेवी की झांकियां शामिल रही। झांकी शिखर तिराहे से शुरू होकर मिलन चौक, लाला बाजार, बाटा चौक, कारखाना बाजार, कचहरी बाजार, जौहरी बाजार, पलटन बाजार तक निकाली गई। यहां एके सिकंदर पवार, राजपाल पवार, भीमा पवार, दीक्षांत पवार, यशवंत कुमार, अजय वर्मा, ललित लटवाल, कैलाश गुरुरानी, किशन लाल, मनोज सनवाल आदि रहे।

इधर, टनकपुर में भी महर्षि वाल्मीकि जयंती धूमधाम से मनाई गई। वाल्मीकि समाज ने घसियारा मंडी स्थित वाल्मीकि मंदिर में पूजा अर्चना के बाद में ढोल नगाड़ों के साथ नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली यहां सुरेश कुमार वाल्मीकि, संरक्षक रामनाथ, संयोजक कमलेश वाल्मीकि, मधुसूदन, विशाल ,रमेश कुमार, अरुण कुमार, अभिषेक आदि रहे।


वाल्मीकि जयंती की शोभायात्रा के दौरान कला का प्रदर्शन करते कलाकार।

### अखाड़े में करतब दिखाकर किया अचंभित

**रानीखेत, अमृत विचार :** नगर में वाल्मीकि जयंती बड़े हर्षों उल्लास के साथ मनाई गई। जिसमें नगर सहित चौबटिया, मालरोड, कुमपुर बाजार से महर्षि वाल्मीकि की शोभायात्रा में वाल्मीकि समाज के लोग सम्मिलित हुए। गुरुवार को वाल्मीकि जयंती के अवसर पर वाल्मीकि समाज द्वारा प्रातः महर्षि वाल्मीकि मंदिर में पूजा अर्चना के बाद दोपहर को शोभायात्रा निकाली गई। जो जरूरी बाजार, रोडवेज स्टेशन, सदर बाजार, केएमयू स्टेशन से बाल्मीकि मंदिर तक निकली। इस दौरान रुद्रपुर से आए कलाकारों ने भगवान शिव का तांडव, राधा कृष्ण नृत्य, मां काली नृत्य सहित वाल्मीकि समाज के लोगों ने अखाड़े में अपने करतब दिखाकर लोगों को अचंभित कर दिया। शोभायात्रा में वाल्मीकि समाज की महिलाएं, पुरुष और युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर नगर क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था के तहत पुलिस की तैनात रही।

# उप चुनावः 13 की जगह 20 नवंबर को कराएं मतदान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** कार्तिक पूर्णिमा स्नान पर्व के चलते मतदान प्रतिशत प्रभावित होने की आशंका जताते हुए भाजपा और रालोद नेताओं ने गुरुवार को उप चुनाव के मतदान की तिथि 13 की जगह 20 नवंबर करने की मांग उठाई।

भाजपा के प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला, संजय राय, रामप्रताप सिंह चौहान समेत चुनाव आयोग सम्पर्क विभाग के प्रदेश संयोजक अखिलेश कुमार अवस्थी ने गुरुवार को कार्तिक पूर्णिमा पर्व के दृष्टिगत मतदान तिथि में परिवर्तन के लिए अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी से मिलकर मांगपत्र सौंपा। मांग की गई कि प्रदेश में उप चुनाव की तिथि 13 नवंबर घोषित की गई है जबकि 15 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा का स्नान पर्व है। विधानसभा क्षेत्र कुंदरकी, मीरापुर, गाजियाबाद व प्रयागराज में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित होने वाले मेले में लोग तीन-चार दिन पूर्व ही पहुंच जाते है। भाजपा के प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि आयोग शत् प्रतिशत मतदान के लिए संकल्पित है। ऐसी स्थिति में कार्तिक पूर्णिमा के कारण मतदान प्रतिशत कम हो सकता है। इसलिए उपचुनाव की तारीख 13 नवंबर के स्थान पर 20 नवंबर किया जाना समीचीन होगा।

## मासूम से छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

**नोएडा, एजेंसी :** नोएडा के एक निजी स्कूल में चार साल की छात्रा से छेड़छाड़ के मामले में आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर अदालत ने उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी स्कूल का ही कर्मचारी है।

अपर पुलिस उपायुक्त (जोन प्रथम) मनीष कुमार मिश्र ने गुरुवार को बताया कि सेक्टर 27 स्थित स्कूल में पढ़ने वाली बच्ची ने अपनी मां को बताया था कि जो भैया प्लेट देते हैं, उन्होंने उसके साथ गंदी हरकत की है। जांच में पता चला कि बच्ची के साथ स्कूल में निठारी गांव के निवासी नित्यानंद ने अश्लील हरकत की। बताया कि जब उसके माता पिता ने इस बारे में उससे पूछा तो उसने उन्हें सारी बात बताई।

| बाजार | संसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 81,006.61 | 24,749.85 |
| गिरावट | 494.75 | 221.45 |
| प्रतिशत में | 0.61 | 0.89 |

## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन–तुलसी 2460, राज श्री 1790, फ़ॉर्चून कि. 2175, रविन्द्रा 2375, फॉर्चुन ली. 1980, जय जवान 1930, सचिन 2040, सूरज 1955, अवसर 2075, राग गोल्ड 2140, गृहणी ली 2020, क्लासिक (किलो) 2130, मोर 2125, चक्र टिन 2230, ब्लू 2190, आशीर्वाद मस्टर्ड 2280, स्वास्तिक 2430 । किराना– (प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 17000, जीरा 31800, लाल मिर्च 18000–22000, धनिया 8000–10000, अजवायान 15500–23000, मेथी 7000–8000 सौंफ 9000–13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 800–900, बादाम 580–680, काजू 2 पीस 900, किसमिस पीली 140–180, मखाना 900–1150 । चावल – (प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 10000, स्पाइस 7600, शरबती कच्ची 4450, शर्बती स्टीम 4600, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 8500, राजभोग 6950, हरी पत्ती ( 1किलो,5किलो) 10500, हरी पत्ति नेचुरल 9100, जेनिथ 9300, गलैक्सी 7400, सूमो 4000, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 5150, खजाना 5150 । दाल दलहन–मूंग दाल इंदौर 10200, मूंग धोवा 10700, राजमा चित्रा 12700–13600, राजमा भूटान नया 11700, मलका काली 7150–7700 मलका दाल 7375–8000, मलका छाँटी 7400, दाल उड़द बिलासपुर 9600–10200, मसूर दाल छोटी 8900–9500, दाल उड़द दिल्ली 11600, उड़द साबुत दिल्ली 11400, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900–12900, चना काला 8650, दाल चना 9150, लाल हिंदुस्तान 9250, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9800, चना अकोला 9000, डबरा 10200–11200, सच्चा हीरा 12600, मोटा हीरा 14600, अरहर गोला मोटा 11300, अरहर पटका मोटा 11600, अरहर कोरा मोटा 11900, अरहर पटका छोटा 15300–15700, अरहर कोरी छोटी 16000 । चीनी – डालमियां 4160, पीलीभीत 4140, नवाबगंज 4130, बहेड़ी 4140 ।

## हल्द्वानी मंडी

चावल : शरबती– 5100 मसूरी– 5200 बासमती– 9300 परमल– 4200 दाल दलहन : काला चना– 8600 साबुत चना दाल– 9200 मूंग साबुत– 10600 राजमा– 13400–16500 दाल उड़द– 10700 साबुत मसूर दाल– 9200 मसूर दाल– 8700 उड़द साबुत– 10500 काबुली चना– 12100–15700 अरहर दाल– 14800 लोबिया/ करमानी– 8300 सोयाबीन– 5200 मूंगफली– 11600 मटर (सूखी)– 5800 मक्का– 3600

# भारत 2030 तक बनेगी दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था : एसएंडपी

## बढ़ती जनसंख्या बुनियादी सेवा का दायरा बढ़ाने में चुनौतियां करेंगी प्रस्तुत

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत 2030 तक तीसरी सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने गुरुवार को रिपोर्ट में यह बात कही। एजेंसी ने कहा कि बढ़ती जनसंख्या बुनियादी सेवा का दायरा बढ़ाने में बढ़ती चुनौतियों को प्रस्तुत करती है और उत्पादकता बनाए रखने के लिए निवेश की बढ़ती जरूरतें भी सामने आती हैं।

रिपोर्ट में कहा गया कि वर्तमान में 3,600 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था भारत का लक्ष्य 2047 तक 30 हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनना है। भारत इस समय दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। एसएंडपी ने कहा कि भारत अगले तीन साल में सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है और 2030 तक वैश्विक स्तर पर तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। निवेश बैंकिंग कंपनी जेपी मॉर्गन के सरकारी उभरते बाजार बॉन्ड सूचकांक में 2024 में इसका प्रवेश अतिरिक्त सरकारी वित्तपोषण प्रदान कर सकता है और घरेलू पूंजी बाजारों में महत्वपूर्ण संसाधनों तक पहुंच बना सकता है।



- भारत का लक्ष्य 2047 तक 30 हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनना
- वर्तमान में भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था

### उभरते बाजार निभाएंगे महत्वपूर्ण भूमिका

एसएंडपी ने आपनी रिपोर्ट उभरते बाजारों पर भविष्य की नजर : निर्णायक दशक में कहा कि उभरते बाजार अगले दशक में वैश्विक अर्थव्यवस्था को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। जहां 2035 तक जीडीपी की औसत वृद्धि दर 4.06% रहेगी, वहीं उन्नत अर्थव्यवस्थाओं के लिए यह 1.59% रहेगी। 2035 तक उभरते बाजार वैश्विक आर्थिक वृद्धि में 65% का योगदान देंगे। इसमें मुख्य रूप से एशिया–प्रशांत क्षेत्र की उभरती अर्थव्यवस्थाओं का योगदान होगा।

# बेयरिश पैटर्न : शेयर बाजार में गिरावट के संकेत

बाजार में उतार–चढ़ाव के बीच, बेयरिश पैटर्न एक महत्वपूर्ण तकनीकी संकेत हैं जो संभावित गिरावट को दर्शाते हैं। ये पैटर्न चार्ट पर विभिन्न आकृतियों में दिखाई देते हैं और ट्रेडर्स को बिक्री के अवसर प्रदान करते हैं। सही पहचान और समझ से, इन संकेतों का उपयोग कर निवेशक अपने लाभ को बढ़ा सकते हैं और जोखिमों को प्रबंधित कर सकते हैं। इस लेख में, हम बेयरिश पैटर्न के विभिन्न प्रकार, पहचानने के तरीके और इसके लाभ–हानि पर चर्चा करेंगे।

### यह कैसे करता है काम

- **प्रवृत्ति का विश्लेषण :** बेयरिश पैटर्न आमतौर पर तब बनते हैं जब कीमत उच्च स्तर पर पहुंचने के बाद गिरने लगती है।
- **विपरीत संकेत :** ये संकेत देते हैं कि खरीदारी में कमी और बिक्री बढ़ रही है।
- **फिर से परीक्षण :** अक्सर, कीमत पहले की उच्चस्तर पर वापस आती है, जिससे एक और बिक्री का अवसर मिलता है।




### निवेशकों को फायदा

- **अवसर :** बेयरिश की पहचान करके, आप संभावित गिरावट से लाभ उठा सकते हैं। सही समय पर बिक्री से आपको लाभ मिल सकता है।
- **रिस्क मैनेजमेंट :** बेयरिश संकेतों के सही उपयोग से नुकसान से बच सकते हैं। सही समय पर बाहर निकलने से निवेश को सुरक्षित रख सकते हैं।

### प्रमुख बेयरिश पैटर्न

- **हेड एंड शोल्डर्स :** यह पैटर्न तीन प्रमुख उच्च स्तरों से बनता है—एक उच्च (हेड) के बीच में दो छोटे उच्च (शोल्डर्स)। जब कीमत इस पैटर्न को बनाती है, तो यह अक्सर एक मजबूत बेयरिश संकेत होता है।
- **डबल टॉप :** यह पैटर्न तब बनता है जब कीमत दो बार समान उच्च स्तर पर पहुंचती है, लेकिन तीसरी बार गिर जाती है। यह गिरावट एक संभावित ट्रेंड रिवर्सल का संकेत देती है।
- **सपोर्ट ब्रेकडाउन :** जब कीमत किसी महत्वपूर्ण सपोर्ट स्तर को तोड़ती है, तो यह एक बेयरिश संकेत हो सकता है। यह दर्शाता है कि बाजार की खरीदारी की ताकत कमजोर हो रही है।

### जरा रखें सावधानी

- **गलत सिग्नल :** बेयरिश पैटर्न हमेशा सही नहीं होते हैं। कभी–कभी, बाजार की अनिश्चितता और अन्य कारक इन संकेतों को प्रभावित कर सकते हैं, जिससे आप गलत निर्णय ले सकते हैं।
- **मार्केट वोलैटिलिटी :** बाजार की तेजी और मंदी के दौरान, बेयरिश पैटर्न की सटीकता कम हो सकती है। ऐसे में समझदारी से निर्णय लेना जरूरी होता है।

# 10 साल में प्रत्यक्ष कर संग्रह में आई 182 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी

नई दिल्ली, एजेंसी

- पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में 19.60 लाख करोड़ रुपये रहा

देश का प्रत्यक्ष कर संग्रह पिछले वित्त वर्ष (2023-24) में 19.60 लाख करोड़ रुपये रहा है। इस तरह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 10 साल के कार्यकाल में प्रत्यक्ष कर संग्रह में 182% की वृद्धि हुई है। आयकर विभाग से जारी टाइम सीरीज डेटा से पता चला है कि कॉरपोरेट कर संग्रह 10 साल में दोगुना से अधिक होकर 9.11 लाख करोड़ से अधिक है। व्यक्तिगत आयकर संग्रह चार गुना बढ़कर 10.45 लाख करोड़ रुपये है। मोदी सरकार के पहले साल 2014-15 में प्रत्यक्ष कर संग्रह 6.96 लाख करोड़ था। इसमें 4.29 लाख करोड़ कॉरपोरेट कर और 2.66 लाख करोड़ आयकर था। दाखिल आयकर रिटर्न (संशोधित रिटर्न सहित) की संख्या 2014-15 के 4.04 करोड़ से बढ़कर 2023-24 में 8.61 करोड़ से अधिक हो गई। प्रत्यक्ष कर-जीडीपी अनुपात 2014-15 के 5.55% से बढ़कर 2023-24 में 6.64% हो गया।

# लॉजिस्टिक लागत दो साल में घटकर जीडीपी के 9% पर आ जाएगी: गडकरी

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को कहा कि भारत की लॉजिस्टिक लागत दो वर्षों में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 9% तक आ जाएगी, क्योंकि मंत्रालय कई राजमार्गों तथा एक्सप्रेसवे का निर्माण कर रहा है।

नीति आयोग के कार्यक्रम में गडकरी ने कहा कि वर्तमान में भारत में लॉजिस्टिक लागत 14% है, जबकि प्रमुख यूरोपीय देशों तथा अमेरिका में लॉजिस्टिक लागत 12% है। मंत्री ने बताया कि चीन में लॉजिस्टिक लागत 8% है। आर्थिक शोध संस्थान नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकनॉमिक रिसर्च (एनसीएईआर) के अनुमानों के अनुसार, 2021-22 के लिए भारत में लॉजिस्टिक लागत जीडीपी के 7.8 से 8.9% के बीच थी। वहीं आर्थिक समीक्षा 2022-23 के अनुसार, यह जीडीपी का 14-18% है, जो वैश्विक मानक 8% से अधिक है। गडकरी ने कहा कि भारत के लिए वैकल्पिक ईंधन और जैव ईंधन के निर्यात की अपार संभावनाएं हैं। निम्न गुणवत्ता वाले कोयले का इस्तेमाल मेथनॉल बनाने के लिए किया जा सकता है। मंत्री ने कहा कि भारत जैव ईंधन, खासकर मेथनॉल के क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति कर रहा है। गडकरी ने कहा कि उनका लक्ष्य भारतीय वाहन उद्योग को विश्व में पहले स्थान पर लाना है। भारत पिछले वर्ष दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा वाहन बाजार था और अमेरिका तथा चीन से पीछे है।



- कई राजमार्गों तथा एक्सप्रेसवे का निर्माण करा रहा है मंत्रालय

# बाजार में गिरावट से निवेशकों को छह लाख करोड़ रुपये की हानि

नई दिल्ली, एजेंसी

- नेस्ले के शेयरों में सबसे ज्यादा 3% से भी अधिक की गिरावट

विदेशी कोषों की निकासी से शेयर बाजार में तेज गिरावट से गुरुवार को निवेशकों की संपत्ति छह लाख करोड़ रुपये घट गयी। बीएसई का सेंसेक्स 494.75 अंक टूटा। कारोबार के दौरान यह 595.72 अंक तक फिसल गया था।

बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) 6,03,862.06 करोड़ रुपये घटकर 4,57,25,183.01 करोड़ रुपये (5.44 लाख करोड़ डॉलर) रह गया। सेंसेक्स की कंपनियों में नेस्ले में 3% से भी अधिक की गिरावट आई। एफएमसीजी बनाने वाली नेस्ले का दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 0.94% की गिरावट के साथ 899.49 करोड़ रहने से इसके शेयरों में बिकवाली देखी गई। महिंद्रा एंड महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फिनसर्व, टाइटन, मारुति सुजुकी, एक्सिस बैंक और टाटा स्टील के शेयर भी गिरावट के साथ बंद हुए। दूसरी तरफ टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, पावर ग्रिड, लार्सन एंड टुब्रो और भारतीय स्टेट बैंक के शेयरों में तेजी रही।



## एक नजर

### पीएमएलए पर पुनर्विचार की सुनवाई टाली

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने उस याचिका पर सुनवाई गुरुवार को 27 नवंबर तक टाल दी, जिसमें सवाल किया गया है कि क्या धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत ईडी की, गिरफ्तारी और संपत्ति कुर्क करने की शक्तियों को बरकरार रखने वाले उसके 2022 के फैसले पर पुनर्विचार की आवश्यकता है ? न्यायमूर्ति सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली तीन न्यायाधीशों की पीठ को वकील ने सूचित किया कि याचिकाकर्ताओं का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल आज सुनवाई के लिए उपलब्ध नहीं हैं। पीठ ने कहा कि यही होता है। जब हम याचिका को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करते हैं तो कोई न कोई उपलब्ध नहीं होता है। स्थगन के अनुरोध का ईडी के वकील ने विरोध नहीं किया। न्यायालय, तीन न्यायाधीशों की पीठ के 27 जुलाई, 2022 के फैसले पर कुछ मानकों के आधार पर पुनर्विचार करने के अनुरोध वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा था।

### जम्मू कश्मीर के राज्य का दर्जा बहाली पर होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि वह तय समय के अंदर जम्मू कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल किए जाने वाली याचिका को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने पर विचार करेगा। याचिकाकर्ताओं के वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन ने भारत के प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला एवं मनोज मिश्रा की पीठ से अनुरोध किया कि याचिका पर तत्काल सुनवाई की आवश्यकता है। वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा कि राज्य का दर्जा देने के लिए एक एमए (विविध आवेदन) है। यह (पिछले साल के फैसले में) उल्लेख किया गया था कि इसे तय समय के अंदर होना चाहिए। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि मैं इसे देखूंगा। यह नयी याचिका जम्मू कश्मीर के शिक्षाविद् जहूर अहमद भट और सामाजिक–राजनीतिक कार्यकर्ता खुर्शीद अहमद मलिक की ओर से दायर की गई है।

### झारखंड में हाथियों के हमले में दो ग्रामीणों की मौत

**जमशेदपुर।** झारखंड में गुरुवार को हाथियों के हमले में दो लोगों की मौत हो गई। वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पहली घटना में 32 वर्षीय देवाशीष मुंडा नामक युवक पर एक जंगली हाथी ने हमला कर दिया जब वह सुबह शौच के लिए जा रहा था। पूर्वी सिंहभूम जिले के श्यामसुंदरपुर थाना क्षेत्र के गांव इंदबनी के निवासी मुंडा को हाथी ने गंभीर रूप से घायल कर दिया। उन्होंने बताया कि अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया।

# भारत उनकी भी मदद करता, जिन्होंने उससे युद्ध छेड़ा

## आरएसएस प्रमुख बोले- पूर्वजों के बनाए सिद्धांतों की प्रतिबद्धता के कारण भारत करता है सहयोग

- भागवत ने जैन समुदाय के कार्यक्रम को किया संबोधित

सूरत, एजेंसी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने गुरुवार को कहा कि हमारे पूर्वजों की ओर से निर्धारित किये सिद्धांतों के कारण भारत उन देशों की भी मदद करता है, जिन्होंने कभी उसके खिलाफ युद्ध छेड़ा था। उन्होंने कहा कि 1999 में कारगिल में पाकिस्तान के दुस्साहस का जवाब देने का विकल्प भारत के पास था, लेकिन सरकार ने सेना को सीमा पार न करने का निर्देश दिया था। भागवत जैन समुदाय के कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

कार्यक्रम में जैन धर्मगुरु आचार्य महाश्रमण भी मौजूद थे। भागवत ने कहा कि अपने पूर्वजों द्वारा स्थापित सिद्धांतों को कायम रखने की अपनी प्रतिबद्धता के कारण, भारत उन देशों को भी अपना समर्थन देता है, जिन्होंने पहले हमारे खिलाफ युद्ध छेड़ा था। हम पहले हमले शुरू नहीं करते और न ही हम अपने ऊपर कोई हमला बर्दाश्त करते हैं। उन्होंने कहा कि जब कारगिल युद्ध के दौरान पाकिस्तान ने हम पर हमला किया था तो भारत के पास विकल्प था कि अगर हम चाहें तो अपने पड़ोसी पर जवाबी कार्रवाई कर सकते थे। लेकिन हमारी सेना को स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि वे सीमा पार न करें। सेना को केवल उन लोगों को निशाना बनाने का निर्देश दिया गया था जो हमारी सीमा के भीतर थे। भारत द्वारा पाकिस्तान के अंदर सर्जिकल स्ट्राइक और हवाई हमले का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भारत ने यह सुनिश्चित किया था कि केवल उपद्रवी तत्वों को ही निशाना बनाया जाये।



सूरत में जैन तेरापंथ समाज के कार्यक्रम में पहुंचे मोहन भागवत।

### भारतीय हर समस्या का समाधान कर देंगे

संघ प्रमुख ने कहा कि जब हमने उनके घर में हमला किया तो हमने पूरे पाकिस्तान को निशाना नहीं बनाया। हमने केवल उन लोगों पर हमला किया जो हमारे लिए परेशानी पैदा कर रहे थे। भारत ने सितंबर 2016 में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नियंत्रण रेखा के पार आतंकी ठिकानों पर सर्जिकल स्ट्राइक की थी। फरवरी 2019 में, भारतीय वायु सेना ने पुलवामा आतंकवादी हमले के जवाब में पाकिस्तान के बालाकोट में हवाई हमला किया था। भारत या विश्व के समक्ष वर्तमान में मौजूद समस्याओं का कोई विशिष्ट उदाहरण दिए बिना भागवत ने कहा कि भारत के लोग अंततः हर समस्या का समाधान कर देंगे।

# बिहार : जहरीली शराब पीने से 25 लोगों की मौत, 12 लोग गिरफ्तार

पटना, एजेंसी

बिहार के सिवान और सारण जिलों में नकली शराब पीने से गुरुवार को 25 लोगों की मौत हो गई। इस मामले में 12 लोग गिरफ्तार कबए गए हैं। पुलिस महानिदेशक आलोक राज ने बताया कि नकली शराब से सिवान में 20 और सारण में पांच लोगों की मौत हुई है।

राज ने बताया कि घटना के बाद दो विशेष जांच दल गठित हुई हैं। स्थानीय स्तर पर गठित दल नवीनतम प्रकरण में आपराधिक बिंदुओं की जांच करेगा। वहीं पटना में मद्य निषेध विभाग द्वारा एक और एसआईटी गठित हुई है, जो हाल के दिनों में हुई ऐसी घटनाओं का अध्ययन करेगी, जिसके आधार पर कार्रवाई हो। एक शराब माफिया का नाम सामने आया है। वह फिलहाल जमानत पर बाहर है। हम मामले की सभी संभावित पहलुओं से जांच कर रहे हैं।

### मौकापरस्त डबल सरकार सैकड़ों जान लेने की जिम्मेदार: खरगे



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने जहरीली शराब से हुई मौत पर गुरुवार को दुख जताया और आरोप लगाया कि प्रदेश की मौकापरस्त डबल सरकार सैकड़ों लोगों की जान लेने के लिए जिम्मेदार है। खरगे ने कहा कि सीवान और सारण में जहरीली शराब से अब तक 36 की मौत हो चुकी है ।

### धड़ल्ले से बिक रही शराब : प्रियंका



कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने जहरीली शराब से कई लोगों की मौत पर आरोप लगाया कि प्रदेश में शराबबंदी के बावजूद जहरीली शराब धड़ल्ले से बिक रही है। राज्य सरकार को इस पर लगाम लगानी चाहिए।

## विसर्जन की तैयारी में करंट से तीन की मौत

**सिवनी।** मप्र के सिवनी जिले के धूमा में महाकाली प्रतिमा के विसर्जन की तैयारी के दौरान गुरुवार को करंट लगने से तीन लोगों की मौत हो गई तथा पांच घायल हो गए। पुलिस सूत्रों के अनुसार महाकाली प्रतिमा के विसर्जन में लगाए ट्रक में साज सज्जा का पाइप हाईटेंशन लाइन से टकरा गया और करंट से तीन की मौके पर मौत हो गई तथा पांच घायल हो गए। घायलों में दो की हालत गंभीर है। उनको जबलपुर भेजा गया है। मृतकों में नीलेश कुशवाहा, रवि विश्वकर्मा और मुकेश यादव है, यह धूमा के निवासी हैं। पुलिस मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच कर रही है।

# घर में पिज्जा बांटने को लेकर हुए विवाद में महिला को मारी गोली

नई दिल्ली, एजेंसी

दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के वेलकम इलाके में पिज्जा बांटने को लेकर हुई बहस के बाद महिला को उसकी जेठानी के भाई ने गोली मार दी। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि बुधवार रात हुई इस घटना में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि मामला तब प्रकाश में आया जब जीटीबी अस्पताल से सीलमपुर पुलिस थाने को सूचना मिली कि सादमा नाम की महिला को गोली से घायल होने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़िता के पति का भाई जीशान बुधवार को पिज्जा लाया था। उसने छोटे भाई जावेद की पत्नी सादमा सहित सभी को पिज्जा दिया। जीशान की पत्नी सादिया का सादमा से विवाद था और वह देवरानी के साथ पिज्जा साझा करने से नाराज थी। रात में सादिया ने अपने भाइयों मुंताहिर, तफसीर, शहजाद और गुलरेज को घर बुलाया और झगड़ा हुआ और इस दौरान मुंताहिर ने गोली चला दी, जो सादमा को जा लगी।



- बहस के बाद महिला की जेठानी के भाई ने दिया वारदात को अंजाम चार लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

## शाह और नड्डा ने ग्रहण की भाजपा की सक्रिय सदस्यता

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने गुरुवार को पार्टी के सदस्यता अभियान के तहत सक्रिय सदस्यता ग्रहण की तथा कार्यकर्ताओं से इस अभियान का हिस्सा बन संगठन को और मजबूत करने का आह्वान किया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को इस अभियान की शुरुआत की थी और पहले सक्रिय सदस्य बने थे। शाह ने एक्स पर कहा कि कल प्रधानमंत्री मोदी ने भाजपा के पहले सक्रिय सदस्य बनकर सक्रिय सदस्यता अभियान की शुरुआत की। मैंने भी इस अभियान के तहत भाजपा की सक्रिय सदस्यता ली। भाजपा के कार्यकर्ता अपने बूथ या विधानसभा क्षेत्र में 50 नए सदस्यों को पंजीकृत कर सक्रिय सदस्य बन सकते हैं। यह अभियान न केवल भाजपा के सदस्यता को और अधिक गति देगा, बल्कि राष्ट्रप्रथम को ध्येय बनाने वाले सदस्य भी आगे आएंगे।

# चीनी वीजा भ्रष्टाचार में कार्ति के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल

नई दिल्ली, एजेंसी

सीबीआई ने कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम और अन्य के खिलाफ 2011 में बिजली कंपनी के लिए चीनी नागरिकों को वीजा दिलाने में कथित रिश्वतखोरी के संबंध में आरोप पत्र दायर किया है। उस समय उनके पिता पी. चिदंबरम केंद्रीय गृह मंत्री थे। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि यहां एक विशेष अदालत के समक्ष पेश अपने आरोपपत्र में सीबीआई ने शिवगंगा लोकसभा सीट से सांसद कार्ति चिदंबरम, उनके सहयोगी एस. भास्कररमन, वेदांता की सहायक कंपनी तलवंडी साबो पावर लिमिटेड (टीएसपीएल) और मुंबई स्थित बेल टूल्स का नाम लिया है, जिसके जरिए रिश्वत दी गई थी। आरोप-पत्र में शामिल अन्य आरोपियों में वी. मेहता, अनूप अग्रवाल, मंसूर सिद्दीकी और चेतन श्रीवास्तव शामिल हैं।



- कांग्रेस सांसद सहित अन्य के खिलाफ रिश्वतखोरी का है आरोप

## जीएसटी धोखाधड़ी मामले में ईडी ने गुजरात में छापे मारे

गांधीनगर, एजेंसी

- एजेंसी ने राजकोट, जूनागढ़, अहमदाबाद, भावनगर और वेरावल शहरों में 23 परिसरों को खंगाला

ईडी ने गुरुवार को माल एवं सेवा कर (जीएसटी)धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन के मामले में गुजरात में कई शहरों में छापेमारी की, जिसमें राज्य पुलिस ने हाल में पत्रकार सहित आठ लोगों को गिरफ्तार किया था। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि पीएमएलए के तहत मामला दर्ज होने के बाद संघीय एजेंसी ने राजकोट, जूनागढ़, अहमदाबाद, भावनगर और वेरावल शहरों में करीब 23 परिसरों पर छापेमारी की। मामले में गिरफ्तार पत्रकार महेश लांगा और लांगा से संबंधित परिसरों पर भी छापेमारी की जा रही है। ईडी मामले में कई अन्य कंपनियों की भूमिका की भी जांच कर रही है। एजेंसी मामले में साजिश और अपराध के जरिए आय अर्जित करने के आरोपों की जांच कर रही है।

## महाराष्ट्र में 288 में से 200 सीट पर एमवीए में बनी सहमति : पवार

**पुणे।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के प्रमुख शरद पवार ने गुरुवार को कहा कि महा विकास आघाडी (एमवीए) के तीनों सहयोगी दलों के बीच महाराष्ट्र में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए 288 में से 200 सीट पर आम सहमति बन चुकी है।

एमवीए में राकांपा (एसपी), कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) शामिल हैं। महाराष्ट्र के सतारा जिले के कराड में पवार ने कहा कि हरियाणा चुनाव के नतीजे का महाराष्ट्र पर कोई असर नहीं पड़ेगा। हरियाणा में कांग्रेस को भाजपा से हार का सामना करना पड़ा है। उन्होंने कहा कि सीट-बंटवारे की चर्चा में मैं शामिल नहीं हूं। जयंत पाटिल वार्ता में पार्टी का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

- एमवीए में राकांपा (एसपी), कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) शामिल

# नागरिकता अधिनियम की धारा 6ए की वैधता बरकरार

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को बहुमत का फैसले सुनाते हुए नागरिकता अधिनियम की उस धारा 6ए की संवैधानिक वैधता को बरकरार रखा जो एक जनवरी, 1966 से 25 मार्च, 1971 के बीच असम आए प्रवासियों को भारतीय नागरिकता प्रदान करती है।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने कहा कि असम समझौता अवैध प्रवास की समस्या का राजनीतिक समाधान है। असम समझौते के अंतर्गत आने वाले लोगों की नागरिकता के मामलों से निपटने के लिए एक विशेष प्रावधान के रूप में नागरिकता अधिनियम में धारा 6ए जोड़ी गई थी। प्रधान न्यायाधीश ने अपना फैसला लिखते हुए धारा 6ए की वैधता को बरकरार रखा और कहा कि असम की भूमि के छोटे आकार और विदेशियों की पहचान कर पाने की लंबी प्रक्रिया के मद्देनजर इस राज्य में प्रवासियों के आने की दर अन्य राज्यों की तुलना में अधिक है।



- पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने कहा- असम समझौता अवैध प्रवास की समस्या का राजनीतिक समाधान है

### 6ए का फर्जी दस्तावेजों से हो सकता है दुरुपयोग: पारदीवाला

**नई दिल्ली।** बहुमत के फैसले से असहमति जताते हुए न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला ने कहा कि 1 जनवरी 1966 और 25 मार्च 1971 के बीच असम में प्रवेश करने वाले प्रवासियों को भारतीय नागरिकता प्रदान करने का प्रावधान करने वाली, नागरिकता अधिनियम 1955 की धारा 6ए, मनमानी और संवैधानिक रूप से अवैध है। पारदीवाला ने कहा कि जाली दस्तावेजों के आने से 6ए की खुली प्रकृति का दुरुपयोग होने की आशंका है, क्योंकि इसमें अन्य बातों के अलावा, असम में प्रवेश की गलत तारीख, वंशावली, झूठे सरकारी रिकॉर्ड के तहत जाली दस्तावेजों का प्रयोग होता है।

## खेल डायरी

### यूटीटी चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे देश के शीर्ष खिलाड़ी

**मडगांव।** भारत के शीर्ष टेबल टेनिस खिलाड़ी शुक्रवार से यहां शुरू हो रही सत्र की दूसरी यूटीटी राष्ट्रीय रैंकिंग टेबल टेनिस चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे जिसमें मानव ठक्कर, जी साथियान, अहयिका मुखर्जी और सुतिर्था मुखर्जी शामिल हैं। सीनियर पुरुष वर्ग में शीर्ष वरीय ठक्कर, साथियान (पीएसपीबी) और मानुष शाह के साथ मिलकर अगुआई करेंगे। ठक्कर ने हाल में अस्ताना एशियाई चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया था। वहीं अचिंता शरत कमल और हरमीत देसाई दोनों ने प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लेने का फैसला किया है। महिला वर्ग में अयहिका और सुतिर्था भी जीत की लय जारी रखना चाहेंगी जिन्होंने एशियाई चैम्पियनशिप में महिला युगल पदक जीतकर इतिहास रचा और टीम स्पर्धाओं में भारत को कांस्य पदक दिलाने में योगदान दिया। श्रीजा अकुला और मनिका बत्रा टूर्नामेंट में नहीं खेलेंगी जिससे दीया चिताले जैसी खिलाड़ी को मौका मिलेगा।

### हैदराबाद में आज से शुरू होगी प्रो कबड्डी लीग

**हैदराबाद।** प्रो कबड्डी लीग 2024 (पीकेएल) का आगाज शुक्रवार को हैदराबाद के जीएमसी बालयोगी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में बेंगलुरु बुल्स और तेलुगु टाइटन्स के बीच मुकाबले से होगा। पीकेएल 11वें सीजन का आयोजन तीन शहरों में होगा जिसमें हैदराबाद के साथ नोएडा और पुणे भी शामिल होंगे। हैदराबाद 18 अक्टूबर से नौ नवंबर तक कबड्डी मैचों के पहले चरण की मेजबानी करेगा वहीं नोएडा इंडोर स्टेडियम 10 नवंबर से दो दिसंबर तक निर्धारित दूसरे चरण का आयोजन स्थल होगा। पुणे के बालेवाड़ी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में तीन से 24 दिसंबर के बीच अंतिम चरण का आयोजन होगा। पीकेएल सीजन 11 के प्लेऑफ की तारीखों और स्थानों की घोषणा बाद में की जाएगी। पुणेरी पलटन, तेलुगु टाइटन्स, बेंगलुरु बुल्स, बंगाल वॉरियर्स, यू मुंबा, हरियाणा स्टीलर्स, तमिल थलाइवाज, दबंग दिल्ली, गुजरात जायंट्स, जयपुर पिंक पैंथर्स, पटना पाइरेट्स और यूपी योद्धा समेत सभी 12 पीकेएल टीमें लीग चरण में एक-दूसरे से दो बार खेलेंगी। सीजन तीन से पांच के बीच तीन खिताब हासिल करने वाली पटना पाइरेट्स टीम, पीकेएल इतिहास की सबसे सफल टीम है उसके बाद जयपुर पिंक पैंथर्स है जिसने 2014 में उद्घाटन संस्करण जीतने के बाद सीजन 9 में अपना दूसरा खिताब जीता था।

### एशिया कप में भारत-पाकिस्तान का मुकाबला आज

**नई दिल्ली।** एसीसी टी-20 इमर्जिंग टीम एशिया कप 2024 में भारत ए का मुकाबला पाकिस्तान ए से शुक्रवार को होगा। ओमान में 18 से 27 अक्टूबर तक खेली जानी वाली इस प्रतियोगिता में कुल आठ टीमें भाग लेगी। प्रतियोगिता के सभी मुकाबले अल अमारात में ओमान क्रिकेट अकादमी ग्राउंड पर खेले जायेंगे। भारतीय टीम कल पाकिस्तान ए के खिलाफ मैच से अपने अभियान की शुरुआत करेगी। इस प्रतियोगिता में आठ टीमों को चार-चार टीमों के दो समूहों में विभाजित किया गया है और टीमें राउंड रॉबिन फॉर्मेट में एक-दूसरे से भिड़ेंगी। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में जगह बनाएंगी। एशिया कप 2024 की टीमें और ग्रुप ए में अफगानिस्तान ए, बांग्लादेश ए, श्रीलंका ए, हांगकांग चीन, ग्रुप बी में भारत ए, पाकिस्तान ए (पाकिस्तान शाहीन्स), ओमान, संयुक्त आराम अमीरात (यूएई), एशियाई क्रिकेट टूर्नामेंट का यह छठा संस्करण है लेकिन यह पहली बार होगा कि एसीसी इमर्जिंग टीम एशिया कप टी-20 प्रारूप में खेला जाएगा।

### डीसी के निदेशक बने राव, बदानी मुख्य कोच नियुक्त

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) ने गुरुवार को 2025 इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सत्र से पहले अपने नए कोचिंग स्टाफ की नियुक्ति की जिसमें पूर्व भारतीय क्रिकेटर हेमांग बदानी को मुख्य कोच और वेणुगोपाल राव को क्रिकेट निदेशक बनाया गया। भारत के लिए चार टेस्ट और 40 वनडे खेल चुके 47 वर्षीय बदानी को विभिन्न क्रिकेट लीग में कोचिंग का अनुभव है। 2021 से 2023 तक उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद के साथ क्षेत्ररक्षण कोच और फिर बल्लेबाजी कोच के तौर पर काम किया। बदानी ने कहा दिल्ली कैपिटल्स में शामिल होना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है और मुझ पर भरोसा करने के लिए टीम के मालिकों का आभारी हूं। भारत के लिए 16 वनडे खेलने वाले राव 2009 में आईपीएल जीतने वाली डेक्कन चार्जर्स टीम का हिस्सा थे। वह दिल्ली डेयरडेविल्स के लिए तीन आईपीएल सत्र में भी खेले और दुबई कैपिटल्स से जुड़े रहे। राव ने कहा फ्रेंचाइजी के साथ मेरा जुड़ाव लंबे समय से है और मैं इस भूमिका की पेशकश करने के लिए टीम के मालिकों द्वारा दिखाये भरोसे के लिए आभारी हूं।

---

पहले टेस्ट के दूसरे दिन 46 रनों पर सिमटी भारतीय टीम, 37 साल बाद बनाया न्यूनतम स्कोर, न्यूजीलैंड ने बनाई 134 रनों की बढ़त

# हेनरी के आगे बिखरे भारतीय धुरंधर



मैट हेनरी
**5** विकेट
**15** रन
**13** ओवर



बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले जा रहे भारत और न्यूजीलैंड के बीच पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन शून्य पर आउट होने के बाद भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली, सरफराज खान, केएल राहुल, रवींद्र जड़ेजा और आर अश्विन (बाएं से दाएं) निराशा के मैदान से बाहर गए। ● एजेंसी

**बेंगलुरु, एजेंसी**

मैट हेनरी (पांच विकेट) और विलियम ओरूर्के (चार विकेट) की घातक गेंदबाजी के बाद डेवन कॉन्वे के (91) अर्द्धशतक की मदद से न्यूजीलैंड ने वर्षा बाधित पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन गुरुवार को तीन विकेट पर 180 बनाकर भारत पर पहली पारी के आधार पर 134 रनों की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल कर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है।

भारत को पहली पारी में मात्र 46 रनों पर समेटने के बाद बल्लेबाजी करने मैदान पर आयी न्यूजीलैंड टीम के सलामी बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिए 67 रनों की साझेदारी की। 18वें ओवर में कुलदीप ने टॉम लेथम (15) को पगबाधा आउट कर टीम को पहली सफलता दिलाई। दूसरे विकेट की साझेदारी में कॉन्वे और विल यंग ने टीम के स्कोर को 142 रनों तक पहुंचाया जहां जाडेजा ने विल यंग (33) को कुलदीप के हाथों कैच आउट करा न्यूजीलैंड का दूसरा विकेट गिराया। इसके बाद अपने शतक की तरफ बढ़ रहे डेवन कॉन्वे (91) को अश्विन ने बोल्ड कर टीम के लिए तीसरा विकेट लिया। खेल समाप्ति के समय रचिन रविंद्र (22) तथा डैरिल मिचेल 14 रनों पर नाबाद रहे। भारत की ओर से आर अश्विन, कुलदीप यादव तथा रवीन्द्र जडेजा ने एक-एक विकेट लिया।



भारतीय कप्तान रोहित शर्मा का विकेट लेने के बाद जश्न मनाती न्यूजीलैंड की टीम। ● एजेंसी

- मैट हेनरी ने पांच और विलियम ओरूर्के ने लिए चार विकेट डेविड कॉन्वे शतक से चूके
- ऋषभ पंत ने सर्वाधिक 20 रन बनाए रविंद्र जडेजा कुलदीप और अश्विन को एक-एक विकेट

इससे पहले आज यहां एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारत की शुरुआत बेहद खराब रही और सातवें ओवर में कप्तान रोहित शर्मा (दो) को टिम साउदी ने बोल्ड कर न्यूजीलैंड को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद विराट कोहली और सरफराज खान (शून्य) पर पवेलियन लौट गए इस दौरान बारिश शुरु होने से कुछ देर खेल रूका रहा। विराट को विलियम ओरूर्के और सरफराज को मैट हेनरी ने आउट किया। बारिश रुकने के बाद बल्लेबाजी करने आये यशस्वी जायसवाल और ऋषभ पंत ने पारी को संभालने का प्रयास किया। 21 ओवर में विलियम ओरूर्के ने यशस्वी जायसवाल (13) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद भारत के लगातार विकेट गिरते गए। ऋषभ पंत ने टीम के लिए सर्वाधिक (20) रन बनाए।

आलम यह था कि भारत के नौ बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। भारत की पूरी टीम 31.2 ओवर में 46 के स्कोर पर सिमट गई। इसी के साथ घरेलू पिच पर सबसे कम स्कोर बनाने का 37 साल पुराना रिकॉर्ड टूट गया। इससे पहले भारतीय टीम 1987 में वेस्टइंडीज के खिलाफ दिल्ली टेस्ट में 75 रन पर ऑलआउट हुई थी। न्यूजीलैंड की ओर से मैट हेनरी ने 15 रन देकर पांच विकेट लिये। विलियम ओरूर्के को 22 रन देकर चार विकेट मिले। टिम साउदी ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

### स्कोर बोर्ड

**भारत पहली पारी : 46/10** (31.2 ओवर)

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल का पटेल बो ओरूर्के | 13 | 63 | 1/0 |
| रोहित शर्मा बो साउदी | 2 | 16 | 0/0 |
| विराट कोहली का फिलिप्स बो ओरूर्के | 0 | 9 | 0/0 |
| सरफराज खान का कोंवे बो हेनरी | 0 | 3 | 0/0 |
| ऋषभ पंत का लाथम बो हेनरी | 20 | 49 | 2/0 |
| केएल राहुल का ब्लंडेल बो ओरूर्के | 0 | 6 | 0/0 |
| रविंद्र जडेजा का पटेल बो हेनरी | 0 | 6 | 0/0 |
| रविचंद्रन अश्विन का फिलिप्स बो हेनरी | 0 | 1 | 0/0 |
| कुलदीप यादव का ब्रासवेल बो हेनरी | 2 | 17 | 0/0 |
| जसप्रीत बुमराह का हेनरी बो ओरूर्के | 1 | 3 | 0/0 |
| मोहम्मद सिराज नाबाद | 4 | 16 | 1/0 |

अतिरिक्त : 4, गेंदबाजी : साउदी 6-4-8-1, हेनरी 13 .2-3-15-5, ओरूर्के 12-6-22-4

**न्यूजीलैंड पहली पारी : 180/3** (50 ओवर)

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| टॉम लाथम पगबाधा बो कुलदीप | 15 | 49 | 3/0 |
| डेवोन कोंवे बो अश्विन | 91 | 105 | 11/3 |
| विल यंग का कुलदीप बो जडेजा | 33 | 73 | 5/0 |
| रचिन रविंद्र नाबाद | 22 | 34 | 2/0 |
| डेरिल मिचेल नाबाद | 14 | 39 | 1/0 |

अतिरिक्त : 5, गेंदबाजी : बुमराह 10-4-23-0, सिराज 7-1-21-0, अश्चिन 11-1-46-1, कुलदीप 12-1-57-1, जडेजा 10-0-28-1

### टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में भारत का सबसे न्यूनतम स्कोर

**बेंगलुरू।** भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ वर्षाबाधित पहले टेस्ट में अपनी पहली पारी में 31.2 ओवर में 46 रन पर सिमट गई जो स्वदेश में खेले गए 293 टेस्ट में उसका न्यूनतम स्कोर है। भारत के पांच बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल सके। यह पहली बार है कि घरेलू टेस्ट की पारी में भारतीय टीम 50 रन भी नहीं बना सकी। इसके अलावा यह दूसरी बार है कि घरेलू टेस्ट में न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच भारतीय बल्लेबाज खाता नहीं खोल सके। इससे पहले 1999 में मोहाली टेस्ट में ऐसा हुआ था। घरेलू मैदान पर भारत का न्यूनतम टेस्ट स्कोर 37 साल पहले वेस्टइंडीज के खिलाफ नवंबर 1987 में दिल्ली में दर्ज हुआ था। भारत का न्यूनतम टेस्ट स्कोर चार साल पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एडीलेड में बना जब टीम 36 रन पर आउट हो गई थी।

**स्वदेश में भारत के न्यूनतम टेस्ट स्कोर**

| रन | स्थान | वर्ष | टीम |
|---|---|---|---|
| 46 | बेंगलुरू | 2024 | न्यूजीलैंड |
| 75 | दिल्ली | 1987 | वेस्टइंडीज |
| 76 | अहमदाबाद | 2008 | दक्षिण अफ्रीका |
| 83 | मोहाली | 1999 | न्यूजीलैंड |
| 88 | मुंबई | 1965 | न्यूजीलैंड |

**विदेश में न्यूनतम टेस्ट स्कोर**

| रन | स्थान | वर्ष | टीम |
|---|---|---|---|
| 36 | एडीलेड | 2020 | ऑस्ट्रेलिया |
| 42 | लॉडर्स | 1974 | इंग्लैंड |
| 58 | ब्रिसबेन | 1947 | ऑस्ट्रेलिया |
| 58 | मैनचेस्टर | 1952 | इंग्लैंड |
| 66 | डरबन | 1996 | दक्षिण अफ्रीका |



मैच खत्म होने के बाद पवेलियन लौटती भारतीय टीम। ● एजेंसी

### 46 रन पर टीम को आउट होते देखकर दुखी हूं : रोहित

**बेंगलुरू।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने स्वीकार किया कि न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के दूसरे दिन टीम को 46 रन के न्यूनतम स्कोर पर सिमटते देखकर वह दुखी हैं। बारिश के कारण पहले दिन का खेल रद्द होने के बाद दूसरे दिन रोहित ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया। भारत की पारी 31.2 ओवर में सिमट गई और पांच बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल सके। रोहित ने दूसरे दिन के खेल के बाद कहा बतौर कप्तान 46 रन का स्कोर देखकर दुखी हूं क्योंकि पहले बल्लेबाजी का फैसला मेरा था। लेकिन साल में एक या दो खराब फैसले चलते हैं। इससे पहले भारत में टीम का न्यूनतम टेस्ट स्कोर 75 रन था जो 1987 में वेस्टइंडीज के खिलाफ दिल्ली में बनाया था।

---

## निशानेबाजी विश्व कप फाइनल में विवान को मिला रजत, नरूका ने जीता कांस्य पदक

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अनंतजीत सिंह नरूका के पुरुष स्कीट में कांस्य पदक के बाद विवान कपूर ने पुरुष ट्रैप स्पर्धा में रजत पदक जीता जिससे गुरुवार को यहां आईएसएसएफ विश्व कप निशानेबाजी फाइनल में भारत के पदकों की संख्या चार हो गई।



अनंतजीत सिंह नरूका। ● एजेंसी

विवान ने फाइनल में 44 का स्कोर बनाया और वह चीन के स्वर्ण पदक विजेता यिंग की से पीछे रहे। तुर्की के टोल्गा एन टुंसर ने 35 के स्कोर से कांस्य पदक जीता। विवान ने क्वालीफिकेशन दौर में 125 में से 120 अंक जुटाकर छह निशानेबाजों के फाइनल में जगह बनाई थी। इससे पहले राजस्थान के 26 वर्षीय नरूका ने छह निशानेबाजों के फाइनल में 43 के स्कोर के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। इटली के तामारो कासांद्रो को स्वर्ण और गैब्रियेले रोसेत्ती को रजत पदक मिला जिन्होंने क्रमशः 57 और 56 स्कोर किया।

नरूका ने क्वालीफिकेशन दौर में 125 में से 121 स्कोर किया था। भारत के लिए सोनम मस्कर ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल में रजत और अखिल श्योराण ने पुरूषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस में कांस्य पदक जीता है। नरूका और महेश्वरी चौहान पेरिस ओलंपिक में स्कीट मिश्रित टीम स्पर्धा में चौथे स्थान पर रहे थे।

## महिला क्रिकेटरों को उनका दर्जा मिलते देख खुश हूं : नीतू

**नई दिल्ली।** पूर्व स्पिनर नीतू डेविड जब आईसीसी हाल आफ फेम में शामिल होने वाली दूसरी भारतीय महिला बनी तो क्रिकेट का उनका पूरा सफर उनकी आंखों के सामने फ्लैशबैक की तरह घूम गया। डायना एडुल्जी के बाद वह यह सम्मान पाने वाली दूसरी भारतीय महिला क्रिकेटर बनीं। डेविड इस समय भारतीय महिला क्रिकेट टीम की मुख्य चयनकर्ता हैं।

डेविड ने कहा मैं हैरान होने के साथ रोमांचित भी थी। मुझे नहीं पता था कि हॉल ऑफ फेम में शामिल होने वाली मैं दूसरी भारतीय महिला क्रिकेटर हूं। मुझे अपने करियर का वह दौर याद आ गया जब हमारे पास सुविधाएं नहीं होती थी लेकिन हम साथी खिलाड़ियों और परिवार के सहयोग से खेलते रहते थे। जब मैंने भारत के लिए खेलना शुरू किया तो कोई सुविधाएं नहीं थी। मुझे अपने साथी खिलाड़ियों से काफी सहयोग मिला।

## डेनमार्क ओपन : क्वार्टरफाइनल में सिंधु

**कोपेनहेगन, एजेंसी**

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु ने गुरुवार को डेनमार्क ओपन 2024 के राउंड ऑफ 16 में चीन की हान यू को हराकर क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली हैं। आज यहां खेले गये मुकाबले में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने 63 मिनट तक चले मैच में चीनी खिलाड़ी पर 18-21, 21-12, 21-16 से जीत दर्ज की। चीन की हान यू पर पीवी सिंधु की यह सातवीं जीत है।

भारतीय शटलर पीवी सिंधु को पहले गेम में 18-21 से हारने के बाद वापसी की और दूसरे गेम में शानदार शुरुआत करते हुए बढ़त हासिल की और चीन की शटलर के खिलाफ ब्रेक से पहले तक 11-6 की बढ़त बनाते हुए गेम पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली। ब्रेक के बाद भी सिंधु ने अपनी लय जारी रखते हुए विश्व के सातवें नंबर के खिलाड़ी को 21-12 से स्कोर से हराकर मैच में 1-1 की बराबरी कर ली। तीसरा और निर्णायक गेम बेहद रोमांचक रहा। सिंधु ने 2-1 की बढ़त के साथ गेम का आगाज किया। इसके बाद चीन की शटलर ने भी वापसी करते हुए कुछ अंक जुटाए और गेम में 7-7 की बराबरी कर ली। यहां से भारतीय शटलर पर दबाव साफ दिख रहा था क्योंकि चीन की हान यू ने दो अंकों की अहम बढ़त हासिल कर ली थी। सिंधु को यह मैच जीतने के लिए गेम में बढ़त बनाने की दरकार थी और उन्होंने पहले 11-11 से बराबरी की और फिर लय हासिल करते हुए 19-16 की बढ़त लेकर चीन की शटलर को बैकफूट पर धकेला। इसके बाद सिंधु ने लगातार दो अंक हासिल करते हुए मैच को 2-1 से अपने नाम कर लिया।



---

## बॉलीवुड हलचल



### है जवानी तो इश्क होना है में काम करेंगे वरूण

**मुंबई।** बॉलीवुड के चॉकलेटी हीरो वरूण धवन अपने पिता डेविड धवन की फिल्म है जवानी तो इश्क होना है में काम करते नजर आ सकते हैं। वरुण धवन इन दिनों अपनी आने वाली एक्शन थ्रिलर वेब सीरीज सिटाडेल हनी बन्नी को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। इस सीरीज के अलावा वरुण इन दिनों एक और फिल्म को लेकर चर्चा में हैं, जिसका नाम ''है जवानी तो इश्क होना है'' बताया जा रहा है। कहा जा रहा है रमेश तौरानी के प्रोडक्शन की इस फिल्म को वरूण के पिता डेविड धवन निर्देशित करेंगे। डेविड धवन इससे पूर्व वरूण धवन को लेकर मैं तेरा हीरो, जुड़वा 2 और कुली नंबर 1 बना चुके हैं। चर्चा है कि वरुण धवन नवंबर में गोवा में है जवानी तो इश्क होना है की शूटिंग शुरू करेंगे।अगले साल की शुरुआत में इस फिल्म के कुछ सीन्स की शूटिंग विदेश में की जा सकती है।

### 20 को होगा चंदू चैंपियन का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन की फिल्म चंदू चैंपियन का वर्ल्ड टेलिविजन प्रीमियर जी सिनेमा पर 20 अक्टूबर को होगा। जी सिनेमा इस वीकेंड चंदू चैंपियन के वर्ल्ड टेलीविज़न प्रीमियर के साथ मुरलीकांत पेटकर का बेमिसाल सफर लेकर आ रहा है।कबीर खान द्वारा निर्देशित और कार्तिक आर्यन के दमदार अभिनय से सजी यह फिल्म न सिर्फ इंसानी जज्बे की जीत दर्शाती है बल्कि हौसले की सच्ची कहानियों को भी सलाम करती है। कार्तिक आर्यन ने बताया, मुरलीकांत पेटकर का रोल निभाने की तैयारी के लिए मैंने अपनी डाइट और लाइफस्टाइल पूरी तरह बदल दी। मुझे ऐसी डाइट लेनी पड़ी जो मेरे लिए अनजान थी और जिनका स्वाद हमेशा अच्छा नहीं होता था। यह मेरे जैसे खाने के शौकीन इंसान के लिए एक चैलेंज था। इसने न सिर्फ मेरे शरीर को बदला, बल्कि मुझे और ज्यादा ध्यानशील और सकारात्मक इंसान भी बनाया। मैंने लगभग 18 महीनों तक एक सख्त दिनचर्या का पालन किया, जिसमें मैंने पूरी लगन से मेहनत की और अपने कैलोरी इनटेक को एडजस्ट किया। शुरुआत में मुझे संघर्ष करना पड़ा, लेकिन इसके बावजूद मैंने अंततः इस अनुशासित जीवनशैली को अपनाया- समय पर खाना, समय पर सोना और नियमित रूप से जिम जाना। अपनी पिछली खाने की आदतों को छोड़ना कठिन था, लेकिन अब मैं इस नई दिनचर्या का आदी हो गया हूं, जो हमेशा स्वाद में अच्छी नहीं होती लेकिन मेरी पूरी सेहत पर सकारात्मक असर करती है।

### शर्वरी बनीं मिराजियो के नए क्लेक्शन की मॉडल

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री शर्वरी हैंडबैग ब्रांड मिराजियो के नये क्लेकशन की मॉडल बनायी गयी है। मशहूर हैंडबैग ब्रांड मिराजियो ने बॉलीवुड स्टार शर्वरी के साथ अपने ए/डब्लू 24 क्लेक्शन का अनावरण किया है। #मेडफॉरमोर कैंपेन सिर्फ एक लॉन्च नहीं है, बल्कि उन महिलाओं का उत्सव है जो सीमाओं से परे जाकर उत्कृष्टता की ओर निरंतर अग्रसर रहती हैं। मिराजियो का यह नया कलेक्शन उन साहसी, आत्मविश्वासी और महत्वाकांक्षी महिलाओं के लिए डिजाइन किया गया है, जो ऊंचाइयों को छूने और सीमाओं से परे जाने की चाह रखती हैं। शर्वरी ने कहा, मैं मिराजियो के #मेडफॉरमोर कैंपेन का चेहरा बनने को लेकर बेहद उत्साहित हूं। इस कैंपेन के पीछे का संदेश मेरे दिल के बेहद करीब है।यह महिलाओं को बड़ा सपना देखने और साधारण से आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करता है। मैंने हमेशा यह माना है कि हमें वही पाना चाहिए जो हमारे दिल को जोश से भर देता है, और मिराजियो उसी साहसी भावना को दर्शाता है। इसीलिए यह सहयोग मेरे लिए एक स्वाभाविक फिट की तरह है। हम मिलकर उन महिलाओं का उत्सव मना रहे हैं जो उत्कृष्टता की खोज में निडर हैं।

---

## दूसरा टेस्ट : पाकिस्तान ने इंग्लैंड को जीत के लिए दिया 297 रनों का लक्ष्य

**मुल्तान, एजेंसी**

पाकिस्तान ने गुरुवार को दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन अपनी दूसरी पारी में आगा सलमान के (63) अर्द्धशतक की मदद से 221 रन बनाकर इंग्लैंड़ को जीत के लिए 297 रनों का लक्ष्य दिया था जिसके जवाब में इंग्लैंड अपनी दूसरी पारी में 36 रन पर दो विकेट खोकर संकट में फंस गया है।



विकेट लेने के बाद जश्न मनाती पाकिस्तान की टीम। ● एजेंसी

दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की टीम की शुरुआत बेहद खराब रही और पहले ओवर की तीसरी गेंद पर ही साजिद खान ने बेन डकेट को शून्य पर रिजवान के हाथों कैच आउट कराकर टीम को पहली सफलता दिला दी। चौथे ओवर में नौमन अली ने जैक क्रॉली (तीन) को रिजवान के हाथों कैच आउट करा इंग्लैंड को दूसरा झटका दिया। उस समय टीम का स्कोर मात्र 11 रन था। तीसरे दिन का खेल समाप्ति पर ऑली पोप (21) तथा जो रुट (12) रनों पर नाबाद रहे। इससे पहले दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और छठें ओवर में शोएब बशीर ने अब्दुल्लाह शफीक (चार) को आउट कर इंग्लैंड को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद कप्तान शान मसूद (11) भी बशीर का शिकार बने। सईम अयूब (22) के रूप में तीसरा विकेट पर भी बशीर को मिला। कामरान गुलाम (26) को जैक लीच ने पगबाधा आउट किया। मोहम्मद रिजवान (23) रन बनाकर पांचवें विकेट के रूप में आउट हुए। चायकाल के बाद लीच ने 43वें ओवर में पाकिस्तान को छठा झटका दिया और सऊद शकील (31) को पगबाधा आउट कर दिया। दो ओवर बाद ही लीच ने फिर नये बल्लेबाज आमेर जमाल को एक रन पर बोल्ड आउट कर टीम को सातवीं सफलता दिलाई। इसके बाद नौमन अली (1) को बशीर ने स्टोक्स के हाथों के कैच आउट कराया। पाकिस्तान का नौवां विकेट आगा सलमान के रुप में गिरा। इस तरह उसकी कुल बढ़त 296 रन की हो गयी है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

